सच, सिर्फ सच
**
# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 29 जनवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 28, पेज 16, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 487 अंकों की उछाल

भारत-यूरोपीय संघ के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता से बढ़े उत्साह के बीच सेंसेक्स 487 .20 अंक उछलकर 82,344 .68 अंक पर बंद हुआ। } 14

## एफटीए समझौतों से युवाओं को मिलेंगे अनगिनत अवसर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत द्वारा कई देशों के साथ किये गए मुक्त व्यापार समझौते लाखों भारतीय युवाओं के लिए अवसर के अनगिनत द्वार खुलेंगे। } 16

## भारत-कनाडा मंत्रिस्तरीय ऊर्जा संवाद की नयी शुरुआत

### भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता : हरदीप सिंह पुरी




गोवा से मनोज बाजपेयी

बैतूल (गोवा)। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी और कनाडा के ऊर्जा एवं प्राकृतिक संसाधन मंत्री टिमोथी हॉजसन के बीच गोवा में आयोजित भारत ऊर्जा सप्ताह में द्विपक्षीय बैठक हुई। दोनों ने भारत-कनाडा मंत्रिस्तरीय ऊर्जा संवाद की नई शुरूआत की। यह बैठक जून 2025 में कनाडा के कनानास्किस आयोजित जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान भारत और कनाडा के प्रधानमंत्रियों की ओर से की गई चर्चा के अगले कदम के तौर पर आयोजित की गई, जिसमें दोनों नेताओं ने वरिष्ठ मंत्रिस्तरीय और कार्यकारी स्तर की बातचीत को दोबारा शुरू करने के महत्व पर जोर दिया। भारत के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय और कनाडा के प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय ने अपने ऊर्जा क्षेत्रों की पूरक प्रकृति और ऊर्जा मामलों पर लगातार सहयोग से मिलने वाले पारस्परिक लाभ को मान्यता दी। मंत्रियों ने द्विपक्षीय ऊर्जा व्यापार को गहरा करने का संकल्प लिया है, जिसमें कनाडा से भारत को एलएनजी, एलपीजी और ...शेष पृष्ठ 14 पर

## विकास को जाति, धर्म या क्षेत्र के आधार पर बांटा नहीं जा सकता : योगी

### मुख्यमंत्री ने 1052 करोड़ रुपये की 229 परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास

राम आशीष दुबे

सिद्धार्थनगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पांच दिवसीय सिद्धार्थनगर महोत्सव का बुधवार को शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने 1052 करोड़ रुपये की 229 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। सीएम ने कहा कि हमने 25 करोड़ की आबादी को परिवार मानकर विकास कार्य आगे बढ़ाए हैं। बीमार मानसिकता वाले लोगों ने इस क्षेत्र को बीमार कर दिया था, लेकिन हमने दृढ़ संकल्प से बीमारी दूर कर दी। अब हम उपद्रव से उत्सव प्रदेश की तरफ भी बढ़ चुके हैं। सीएम ने बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षक-शिक्षिकाओं की सरस्वती वंदना को सराहते हुए कहा कि जब



ऐसे संस्कार बच्चों में जाएंगे तो वे विकसित भारत की संकल्पना के वाहक बनेंगे। इस अवसर पर सरकारी योजनाओं की मदद से सफलता हासिल करने वाली दो महिला उद्यमियों ने मंच पर मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी कहानी साझा की। सीएम योगी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों, प्रयासों से जनपद में योजनाएं लागू हो रही ...शेष पृष्ठ 14 पर

### सीएम से मिले जापान के उप राज्यपाल जुनिची इशिडोरा

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बुधवार को जापान के यामानाशी प्रान्त के उप-राज्यपाल जुनिची इशिडोरा के नेतृत्व में आए 8 सदस्यीय उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत-जापान के बीच मजबूत होती रणनीतिक साझेदारी और उत्तर प्रदेश तथा यामानाशी प्रान्त के बीच उभरते सहयोग को और आगे बढ़ाने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने राजधानी लखनऊ आगमन पर जापानी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### एक ही परिवार के पांच को उम्रकैद

आजमगढ़। हत्या के मुकदमे में सुनवाई पूरी करने के बाद अदालत में एक ही परिवार के पांच लोगों को आजीवन कारावास तथा प्रत्येक को 61500 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। जबकि पर्याप्त सबूत के अभाव में एक आरोपी को दोष मुक्त कर दिया। यह फैसला जिला एवं सत्र न्यायाधीश जय प्रकाश पांडेय ने बुधवार को सुनाया। अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा राजेश कुमार निवासी बड़ौदा खुर्द थाना जहानगंज की गांव के ही राजकुमार से जमीनी विवाद की रंजिश चल रही थी। इसी विवाद को लेकर 3 जनवरी 2023 की सुबह दस बजे राजकुमार उनके तीनों लड़के दीपक उर्फ अमित, मनीष उर्फ डंपी सतीश उर्फ पंपी, राजकुमार की पत्नी आशा तथा एक रिश्तेदार अलका लाठी डंडा, कुल्हाड़ी आदि से लैस होकर राजेश के घर में घुस गए। सभी हमलावरों ने राजेश तथा राजेश की पत्नी कौशल्या, राकेश तथा राकेश की पत्नी बबीता को बुरी तरह से मारा

### भ्रष्टाचार मामले में चार पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

बहराइच। बहराइच के भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में रूपईडीहा थाने के चार पुलिसकर्मियों को एक संदिग्ध तस्कर को छोड़ने एवं भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर को मंगलवार को लाइन हाजिर किया गया है। इन पुलिसकर्मियों को देवीपाटन क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक अमित पाठक के आदेश पर मंगलवार को निलंबित किया गया। पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह के कार्यालय के एक प्रेस नोट में कहा गया कि गत 25 जनवरी को सोशल मीडिया पर एक वीडियो प्रसारित हुआ था जिसमें रूपईडीहा थाने के चार पुलिस कर्मियों- मुख्य आरक्षी देवेंद्र यादव एवं अभिषेक धर द्विवेदी तथा आरक्षी आशीष सिंह एवं कुलदीप दुबे पर भ्रष्ट आचरण करने तथा एक व्यक्ति को पकड़कर छोड़ देने का आरोप लगाया था।

# पुणे में विमान दुर्घटना, उपमुख्यमंत्री अजित पवार की मौत

## कैप्टन सुमित कपूर, सह-पायलट कैप्टन शांभवी पाठक, निजी सुरक्षा अधिकारी विधिप जाधव और विमान परिचारिका पिंकी माली की भी मौत

एजेंसी

पुणे। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार और चार अन्य लोगों की बुधवार सुबह पुणे जिले में बारामती हवाई अड्डे के निकट विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

पवार पांच फरवरी को होने वाले जिला परिषद चुनाव के लिए पुणे जिले में चार रैलियों को संबोधित करने के वास्ते सुबह मुंबई से रवाना हुए थे। दुर्घटना में जान गंवाने वालों में कैप्टन सुमित कपूर भी शामिल हैं, जिनके पास 15,000 घंटे का उड़ान अनुभव था। 1,500 घंटे का उड़ान अनुभव रखने वाली सह-पायलट कैप्टन शांभवी पाठक, निजी सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) विधिप जाधव और विमान परिचारिका पिंकी माली की भी दुर्घटना में मौत हो गई। सरकार ने एक बयान जारी किया जिसमें दुर्घटना का क्रम विस्तार से बताया गया है। विमान यातायात नियंत्रण कक्ष (एटीसी) ने बुधवार सुबह खराब दृश्यता के बाद



हवा में एक चक्कर लगाने के बाद लियरजेट विमान को उतरने की अनुमति दे दी थी। लेकिन अंततः अनुमति मिलने के बाद भी विमान ने एटीसी को कोई रीड-बैक या प्रतिक्रिया नहीं दी और कुछ ही क्षण बाद रनवे किनारे पर वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई। विमान संचालन की भाषा में, चक्कर लगाना एक मानक प्रक्रिया है जिसमें पायलट लैंडिंग का प्रयास रोक देता है और पुनः लैंडिंग के लिए विमान ऊपर ले जाना शुरू करता है। खराब मौसम, अस्थिर लैंडिंग पथ, या रनवे पर यातायात जैसी वजहों से सुरक्षित लैंडिंग पूरी नहीं होने की स्थिति में ऐसा किया जाता है। यह एक आपात स्थिति नहीं, बल्कि एक एहतियाती सुरक्षा कदम है। विमान संचालन की भाषा में ही, रीडबैक एक महत्वपूर्ण सुरक्षा प्रक्रिया है, जिसमें पायलट एटीसी से मिले निर्देशों या संदेश को दोहराता है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि पायलट ने नियंत्रक के निर्देश ठीक ढंग से समझ लिए हैं। नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने पुणे में पत्रकारों से कहा कि विमान खराब दृष्यता के बीच जमीन पर उतरने का प्रयास कर रहा था। नागर विमानन मंत्रालय के बयान में वीएसआर वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के लियरजेट 45 के दुर्घटनाग्रस्त होने से चंद मिनट पहले का विवरण दिया। इस दुर्घटना में विमान में सवार पवार समेत सभी पांच लोगों की मौत हो गई। बयान में कहा गया है कि विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी)... शेष पृष्ठ 14 पर

### विमान की केबिन क्रू थीं जौनपुर की पिंकी माली

जौनपुर। पापा, आज अजित पवार के साथ फ्लाइट है, आपसे बात कराऊंगी। यूपी की पिंकी माली ने मंगलवार को अपने पिता शिव कुमार से यह कहा था। पिता को नहीं पता था कि बेटी की यह बात उनसे आखिरी बातचीत होगी।



अगले ही दिन बुधवार को महाराष्ट्र के डिप्टी मुख्यमंत्री अजित पवार के साथ हुए प्लेन क्रैश में पिंकी की भी मौत हो गई। पिंकी माली उस चार्टर्ड विमान में केबिन क्रू थीं, जो बारामती में लैंडिंग के दौरान क्रैश हो गया। हादसे में विमान में सवार सभी 5 लोगों की जान चली गई। पिंकी के पिता शिव कुमार ने बताया, मैंने बेटी से एक दिन पहले आखिरी बार बात की थी। वह उस वक्त बहुत खुश थी। मुझे क्या पता था कि यही हमारी आखिरी बातचीत होगी। पिंकी माली मूल रूप से उत्तर प्रदेश के ...शेष पृष्ठ 14 पर

### मोदी, शाह समेत देशभर के नेताओं ने जताया दुख

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों समेत तमाम नेताओं ने बुधवार को विमान हादसे में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख अजित पवार की मृत्यु पर गहरा शोक जताया।

अधिकारियों के अनुसार, पुणे जिले में बुधवार सुबह विमान दुर्घटना में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार और चार अन्य लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना उस समय हुई जब राकांपा नेता पवार और अन्य लोगों को ले जा रहा विमान बारामती इलाके में उतर रहा था। प्रधानमंत्री ने एक्स पर कहा, अजित पवार जननेता थे और उनका जमीनी स्तर पर गहरा जुड़ाव था। महाराष्ट्र की जनता की सेवा में वह हमेशा समर्पित रहे और एक परिश्रमी नेता के रूप में उनका व्यापक सम्मान था। उन्होंने कहा ...शेष पृष्ठ 14 पर

## देश की आर्थिक बुनियाद में आयी मजबूती

### राष्ट्रपति मुर्मू ने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को किया संबोधित

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश की आर्थिक बुनियाद काफी मजबूत हुई है और सरकार की नीतियों के चलते नागरिकों की आय भी बढ़ी है।

राष्ट्रपति ने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत पूरी होना भारत के विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्रों को गति देगा और युवाओं के लिए नए रोजगार अवसर पैदा करेगा। राष्ट्रपति ने कहा पिछले 11 वर्षों में देश की आर्थिक बुनियाद काफी सशक्त हुई है। विभिन्न वैश्विक संकटों के बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना



हुआ है। उल्लेखनीय है कि देश की अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में अनुमान से अधिक 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी जो पिछले डेढ़ साल में सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति को नियंत्रित रखने में भी देश का रिकॉर्ड और बेहतर ...शेष पृष्ठ 14 पर

### ईडी ने रिलायंस समूह की 1,800 करोड़ की संपत्तियां कीं कुर्क

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को कहा कि उसने रिलायंस समूह के अध्यक्ष अनिल अंबानी की कंपनियों के खिलाफ जारी धनशोधन जांच के तहत 1,800 करोड़ रुपये से अधिक की नयी संपत्तियों को कुर्क किया है।

इस ताजा कार्रवाई के साथ ही इस मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी द्वारा कुर्क की गई कुल संपत्ति का मूल्य अब लगभग 12,000 करोड़ रुपये हो गया है। ईडी ने एक बयान में कहा कि उसने इस संदर्भ में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत चार अलग-अलग अंतरिम आदेश जारी किए हैं। इसमें कहा गया है कि कुर्क की गई संपत्तियों में बैंक जमा, गैर-सूचीबद्ध निवेशों में शेयरधारिता और कुछ अचल संपत्तियां शामिल हैं।

## अजित पवार के निधन पर सीएम धामी ने जताया शोक

### मंत्रिमंडल ने 8 अहम प्रस्तावों पर लगाई मुहर, स्वास्थ्य से हरित ऊर्जा तक व्यापक निर्णय

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आयोजित उत्तराखंड मंत्रिमंडल की बैठक में राज्यहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक की शुरूआत महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए की गई। इस दौरान मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

बैठक के बाद महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने बताया कि मंत्रिमंडल ने कुल आठ प्रमुख प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की है। इन निर्णयों का प्रभाव चिकित्सा शिक्षा, राजस्व प्रशासन, औद्योगिक विकास,



जनजाति कल्याण, सिंचाई व्यवस्था, उच्च शिक्षा, सामरिक हवाई संपर्क तथा हरित ऊर्जा नीति जैसे विविध क्षेत्रों में देखने को मिलेगा। कैबिनेट ने चिकित्सा शिक्षा विभाग में कार्यरत स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों के स्थानांतरण नियमों में महत्वपूर्ण संशोधन करते हुए उन्हें बड़ी राहत दी है। अब न्यूनतम पांच वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके स्वास्थ्य पर्यवेक्षक आपसी सहमति के आधार पर स्थानांतरण कर सकेंगे, जिससे मानवीय आधार पर स्थानांतरण की प्रक्रिया अधिक सरल होगी। राजस्व विभाग ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 16.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 9.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- गोरखपुर में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन (पृष्ठ-02)
- विकास की राह पर सिद्धार्थनगर (पृष्ठ-02)
- चांदी रिकॉर्ड 3.85 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर (पृष्ठ-14)
- रुपया 11 पैसे टूटकर 91.79 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)
- बजट दीर्घकालिक दृष्टिकोण पर रहे केंद्रित : राजन (पृष्ठ-14)


विशेष खबर

ट्रेन-बस पकड़ने वाले यात्रियों और सवारियों की प्रतीक्षा कर रहे ऑटो रिक्शा चालकों ने भी अलाव तापकर सर्दी से पायी राहत

# बारिश ने बढ़ायी सर्दी, लोगों को राहत पहुंचा रहे अलाव : विराज सागर दास

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। बारिश के चलते लखनऊ में बढ़ी सर्दी को देखते हुए बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने मंगलवार को गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों को जाड़े से निजात दिलाने के लिए जगह-जगह अलाव जलवाये। इससे लोगों ने बड़ी राहत महसूस की। ट्रेन-बस पकड़ने वाले यात्रियों और सवारियों की प्रतीक्षा कर रहे ऑटो रिक्शा चालकों ने भी अलाव तापकर सर्दी से राहत पाई। मंगलवार को तमाम राहगीर, डिलीवरी ब्वॉय, ऑटो रिक्शा चालक, गरीब, मजदूर और यात्रीगण सर्दी से बचने के लिए जगह-जगह अलाव तापते नजर आए। अस्पताल में भर्ती मरीजों के तीमारदारों ने भी विराज सागर दास द्वारा जलवाए गए अलाव का लुत्फ उठाया।










गौरतलब है कि जाड़े की रात गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ती है। अलाव सर्दी से लड़ने में उनके सहायक बनते हैं। ऐसे लोगों की मदद के लिए शहर के हर गली-मोहल्ले व चौराहे पर विराजसागर दास अलाव जलवा रहे हैं जो लोगों को सर्दी से बचाने में बड़ी भूमिका अदा कर रहे हैं। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के निर्देश पर उनके लोगों ने मंगलवार को शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों मालवीय नगर, राजाजीपुरम, छोटा इमामबाड़ा, विकास नगर सब्जी मण्डी, नीरा नर्सिंग होम, खदरा, मोहन मीकिंग बाल्मीकि बस्ती, पेपर मिल कॉलोनी, हनुमान मंदिर डालीगंज, हनुमान सेतु मंदिर, वॉयस ऑफ लखनऊ लोहिया पार्क रोड, लोहिया अस्पताल रैन बसेरा, विक्रमादित्य मार्ग, पुराना किला मार्ग, मुरली नगर गेट नं. 2, बंदरिया बाग रेलवे क्रॉसिंग, टी.बी. अस्पताल राजेन्द्र नगर, पाण्डेयगंज, ...शेष पृष्ठ 14 पर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं







# विकास की राह पर सिद्धार्थनगर

- आकांक्षी से अग्रणी जिला बनने तक की परिवर्तनकारी यात्रा
- देश के 112 जिलों में दूसरे स्थान पर पहुंचा सिद्धार्थनगर

**लखनऊ/ सिद्धार्थ नगर।** सिद्धार्थनगर जनपद आकांक्षी था, क्योंकि इंफ्रास्ट्रक्चर उस प्रकार का नहीं था, बीमार मानसिकता के लोगों ने सिद्धार्थनगर और पूरे पूर्वी उत्तरप्रदेश को बीमार बना दिया था। मच्छर, माफिया के आगोश में ला दिया था, परिणाम यह हुआ किइंगसेफेलाइटिस से गरीब मरता था।

सरकार ने 2017 में संकल्प लिया कि एक भी बच्चा इंसेफ्लाइटिस की चपेट में नहीं आने पाएगा। सरकार ने पूरे प्राण-प्रण से प्रयास किए और दशकों की बीमारी कुछ ही वर्षों में समाप्त कर दी गई। आज सिद्धार्थनगर और पूर्वी उत्तरप्रदेश का कोई भी बच्चा इंसेफ्लाइटिस से दम नहीं तोड़ता। ये बातें बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को सिद्धार्थनगर महोत्सव के शुभारम्भ के अवसर पर, यहां 1052 करोड़ रुपये की लागत से 229 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करते हुए कही।

बता दें कि उत्तर प्रदेश के विश्व को शांति, अहिंसा और करुणा का संदेश देने वाले तथागत गौतम बुद्ध की पावन भूमि सिद्धार्थनगर ने देश के पिछड़े जिलों से अग्रणी जनपद बनने तक एक लम्बी यात्रा तय की है। आज यह जनपद विकास की नई गाथा लिख रहा है। कभी देश के सबसे पिछड़े जिलों में गिने जाने वाला यह जिला अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व, ठोस रणनीति और निरंतर निगरानी के परिणामस्वरूप एक मिसाल बन चुका है। सिद्धार्थनगर में परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 8-10 साल पहले कोई सोच भी सकता था कि सिद्धार्थनगर में मेडिकल कॉलेज भी हो सकता है लेकिन आज यहां माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज बेहतरीन काम कर रहा है। साथ ही अब यहां नर्सिंग कॉलेज भी प्रारम्भ हो गया है। इसके साथ ही महिला छात्रावास का शिलान्यास भी किया गया है और 1000 सीटों का ऑडिटोरियम भी बन रहा है। इसके साथ कपिलवस्तु में विपश्यना केन्द्र की स्थापना भी हो रही है। वर्ष 2018 में नीति आयोग की ओर से पांच प्रमुख मानकों पर किए गए सर्वे में सिद्धार्थनगर की स्थिति अत्यंत चिंताजनक पाई गई थी। स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, आधारभूत संरचना और वित्तीय समावेशन जैसे क्षेत्रों में पिछड़ापन जिले की सबसे बड़ी चुनौती था। इसी आधार पर सिद्धार्थनगर को देश के आकांक्षी जिलों की सूची में शामिल किया गया। मगर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अपनाई गई सुनियोजित विकास नीति, विभागीय समन्वय और परिणाम आधारित कार्यशैली ने जिले की तस्वीर बदल दी।




## सपा अध्यक्ष ने अजीत पवार के निधन पर जताया शोक

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के विमान दुर्घटना में निधन पर गहरा शोक जताया है। अखिलेश यादव ने कहा कि बेहद दुखद घटना है। पवार परिवार के लिए बहुत दुःखद घड़ी है। उन्होंने कहा कि अजीत पवार महाराष्ट्र के बहुत लोकप्रिय नेता थे। वीआईपी के साथ इस तरह की घटना न हो, और यह बात साफ होनी चाहिए कि आखिरकार यह घटना क्यों हुई? उन्होंने परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति देने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

**भाजपा ने सनातनी परंपरा को तोड़ दिया : अखिलेश यादव... लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के दंभ ने अनादिकाल से चली आ रही सनातनी परंपरा को तोड़ दिया है। जगद्गुरु शंकराचार्य का तीर्थराज प्रयाग की धरती पर माघ मेले को बिना पवित्र स्नान किये छोड़कर जाना एक अत्यंत अनिष्टकारी घटना है। संपूर्ण विश्व का सनातन समाज इससे आहत ही नहीं बल्कि अनिश्चित भय से आशंकित है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा और उसके संगी-साथी चाहते तो सत्ता की हनक और अपने अंहकार को त्यागकर अपने कंधों पर उनकी पालकी उठाकर, उन्हें त्रिवेणी-संगम पर पावन स्नान कराकर, उनके मर्माहत सम्मान का मान रख सकते थे लेकिन भाजपाइयों को भ्रष्ट साधनों से अर्जित अपनी शक्ति का घमंड है, जो उन्हें ऐसा करने से रोक रहा है। उन्होंने कहा कि संतो का मन दुखी करके कोई सुख नहीं पा सकता है।

## अजीत पवार के निधन की हो जांच : लोकदल

**लखनऊ।** लोकदल के अध्यक्ष सुनील सिंह ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ जननेता अजीत पवार के आकस्मिक निधन दुख जताते हुए कहा कि यह समाचार अत्यंत दुखद, स्तब्ध करने वाला और पीड़ादायक है। महाराष्ट्र की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है। हम शोक की इस घड़ी में उनके परिवार, सहयोगियों और समर्थकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति दे और शोकाकुल परिवार को यह असहनीय दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। साथ ही, सुनील सिंह ने इस घटना से जुड़े सभी तथ्यों की निष्पक्ष, पारदर्शी और विश्वसनीय जांच अत्यंत आवश्यक है। लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह ने बयान में यह भी कहा है कि सरकार के माध्यम से ऐसे में इस हादसे को मात्र एक दुर्घटना बताकर मामले को दबाने की कोशिश है, लोकतंत्र और संविधान—दोनों के लिए खतरे की घंटी यह हादसा है। यदि सरकार के पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है, तो इस पूरे प्रकरण की अंतरराष्ट्रीय एजेंसी के माध्यम से निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। देश जानना चाहता है कि क्या अब सत्ता के विरोध में खड़े होने की कीमत जान से चुकानी पड़ेगी? सच्चाई सामने आए और किसी भी प्रकार की शंका या अफवाह पर पूर्ण विराम लग सके।

## पंकज चौधरी ने अजीत पवार के निधन पर जताया शोक

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी व प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि आज बारामती हवाई अड्डे पर इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान हुई दुर्भाग्यपूर्ण विमान दुर्घटना में एनसीपी चीफ एवं महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार सहित अन्य लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक है। अजीत पवार की असामयिक मृत्यु महाराष्ट्र और भारतीय राजनीति के लिए एक अपूरणीय क्षति है। इस कठिन समय में शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं शोकाकुल परिजनों को इस अथाह दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

## गोरखपुर में 29 से अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन एनआईसीईडीटी -2026 का आयोजन

**लखनऊ।** राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट) के तत्वावधान में 29 एवं 30 जनवरी को कोर्टयार्ड बाय मैरियट, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश में चौथा नाइलिट अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं डिजिटल प्रौद्योगिकियां (एनआईसीईडीटी-2026) का आयोजन किया जा रहा है।

एनआईसीईडीटी-2026 को एक केंद्रित अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक एवं तकनीकी मंच के रूप में आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य संचार प्रणालियों, इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी तथा डिजिटल प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में नवीन शोध निष्कर्षों, अनुप्रयुक्त नवाचारों एवं प्रौद्योगिकी-आधारित समाधानों को प्रस्तुत करना है। यह सम्मेलन भारत एवं विदेशों से शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों, उद्योग विशेषज्ञों, नीति-निमार्ताओं तथा स्नातकोत्तर एवं शोधार्थी छात्रों के बीच संरचित संवाद व सहभागिता को प्रोत्साहित करेगा। सम्मेलन को वैश्विक शोध समुदाय से व्यापक प्रतिसाद प्राप्त हुआ है, जिसके अंतर्गत विश्वभर के विश्वविद्यालयों, अनुसंधान प्रयोगशालाओं, प्रौद्योगिकी संगठनों एवं शैक्षणिक संस्थानों से 500 से अधिक शोध पत्र प्राप्त हुए हैं। समीक्षा प्रक्रिया के उपरांत 80 उच्च-गुणवत्ता वाले शोध पत्रों को स्प्रिंगर में प्रकाशन के लिए चयनित किया गया है, जबकि अन्य स्वीकृत शोध पत्र नाइलिट इंटरनेशनल जर्नल ऑफ डिजिटल टेक्नोलॉजीज (आईजेडीटी) में प्रकाशित किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में विषय-विशेषज्ञों के मुख्य व्याख्यान, समानांतर तकनीकी सत्रों में शोध-पत्र प्रस्तुतियां, पैनल चर्चाएं, केंद्रित कार्यशालाएं और विशेष विषयगत सत्र सम्मिलित होंगे। इन सत्रों में राष्ट्रीय प्राथमिकताओं एवं उद्योग की आवश्यकताओं से संबंधित उभरती एवं समकालीन प्रौद्योगिकियों पर आधारित मौलिक एवं अनुप्रयुक्त अनुसंधान पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

संक्षेप

## मारपीट व धमकी को लेकर तीन पर केस

**प्रतापगढ़।** मारपीट व धमकी की घटना को लेकर पुलिस ने तीन आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के तारापुर गांव की पुष्पा मिश्रा पत्नी स्व0 राकेश मिश्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती छब्बीस जनवरी की शाम करीब साढ़े पांच बजे जल निगम की टोंटी नल में लगाने के विवाद को लेकर गांव के महेन्द्र पाण्डेय, धीरेन्द्र पाण्डेय व योगेन्द्र पाण्डेय पुत्रगण अंबिका प्रसाद ने गालीगलौज करते हुए पीडिता व उसके बेटे सागर को मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी।एसओ राजेन्द्र तिवारी का कहना है कि जांच के बाद तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## दो वांछित गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने अलग अलग जगहों से दो वांछित को धर दबोचा। लालगंज कोतवाली के दरोगा राजेन्द्रराम बुधवार सुबह पुलिस बल के साथ गश्त पर निकले थे। इसी दौरान वांछित नेकनामपुर निवासी रामकुमार पुत्र रामबाबू को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया। उधर दरोगा बनवारी लाल पाल ने गश्त के दौरान भगवतीपुर नबाबगंज जनपद प्रयागराज निवासी सददाम हुसैन पुत्र मो0 शब्बीर को लालगंज के राजेन्द्र नगर नहर के पास से गिरफ्तार किया।

# तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने मां बेटी को कुचला, मौत

## बेटियों को स्कूल छोड़ने जा रही थी मां



**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के थुलवासा में बुधवार सुबह आठ बजे के करीब सड़क हादसे में मां और उसकी बड़ी बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि छोटी बेटी मामूली रूप से घायल हो गई जिसका इलाज नजदीक के अस्पताल में जारी है।

यह हादसा थुलवासा बाजार के पास उस समय हुआ, जब बिटाना मौर्य अपनी दो बेटियों 15 वर्षीय अनुष्का मौर्य और 11 वर्षीय आराध्या मौर्य को स्कूल छोड़ने जा रही थी। बताया जा रहा है कि तीनों सड़क किनारे पैदल चल रही थी। इसी दौरान महराजगंज से रायबरेली की ओर जा रहा एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर उनकी तरफ बढ़ गया और उन्हें कुचल दिया।

टक्कर इतनी भीषण थी कि मां बिटाना मौर्य और बड़ी बेटी अनुष्का की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं छोटी बेटी आराध्या को हल्की चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने घायल बच्ची को तुरंत एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) महराजगंज पहुंचाया, जहां उसका उपचार चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत खतरे से बाहर है। मृतका के भाई शैलेंद्र मौर्य ने बताया कि उनके जीजा राम राज मौर्य अहमदाबाद में प्राइवेट नौकरी करते थे। वहीं उनकी बहन बिटाना फूलवासा में अपनी दो बच्चियों की पढ़ाई के लिए रहती थी। आज सुबह वे बच्चियों को स्कूल छोड़ने के लिए जा रही थी। इसी दौरान पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने दीदी और भांजी को टक्कर मार दी। जिसमें उन दोनों की मौके पर मौत हो गयी, वही छोटी बेटी जख्मी हालत में अस्पताल में भर्ती है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव ने बताया कि ट्रक और उसके चालक को हिरासत में ले लिया गया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## धोखे से बीफ खिलाने पर सहकर्मी की हत्या

**वाराणसी।** वाराणसी पुलिस ने कथित रूप से धोखे से बीफ खिलाने पर सहकर्मी की हत्या करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि पीड़ित ने धोखे से आरोपी को बीफ खिला दिया था और फिर बार-बार इस बात पर ताना कसता था।

सिंधोरा थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बुधवार को बताया कि आरोपी की पहचान वीरेंद्र के रूप में हुई है, जो सोलपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। आठ जनवरी को महागांव गांव में 31 वर्षीय आफताब आलम का शव मिला जिसकी पहचान बिहार के छपरा जिले के निवासी के तौर पर हुई।

त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ित के परिवार द्वारा हत्या का शक जताने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। आफताब के बैंक खातों की जांच में वीरेंद्र नाम के एक व्यक्ति के खाते में पैसे अंतरित होने का पता चला जिसके बाद आरोपी की तलाश शुरू की गई।

थाना प्रभारी ने बताया कि एक एटीएम से मिली सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में वीरेंद्र, आफताब के साथ दिख रहा था। आरोपी को शनिवार रात उसके मामा के घर से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान वीरेंद्र ने बताया कि उसने आफताब के साथ बेंगलुरु में काम किया था, जहां आफताब ने कथित तौर पर उसे बिना बताए बीफ खिला दिया था और बाद में दोस्तों के सामने इस बात पर ताना कसा। इसके बाद आरोपी ने इसका बदला लेने के लिए आफताब की हत्या की साजिश रची। उन्होंने बताया कि सात जनवरी को वीरेंद्र ने आफताब को अपने घर बुलाया और फिर एक साथी के साथ उसे महागांव के एक सुनसान स्थान पर ले गया और रस्सी से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। थानेदार ने बताया कि अगले दिन, वीरेंद्र ने आफताब के मोबाइल फोन से अपने बैंक खाते में पैसे अंतरित किए।

त्रिपाठी ने बताया कि वीरेंद्र के खुलासे पर पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल की गई रस्सी, पीड़ित का आधार कार्ड, एटीएम कार्ड और मोबाइल फोन बरामद कर लिया है, और अन्य आरोपी का पता लगाने की कोशिश जारी है।

## सपा के पूर्व विधायक और अन्य पर केस दर्ज

**चंदौली।** जिले में 26 जनवरी को सरस्वती प्रतिमा विसर्जन के लिए निकाली गई शोभा यात्रा के दौरान दंगा करने, पुलिस के काम में बाधा डालने और सरकारी आदेशों का उल्लंघन करने समेत अन्य आरोपों में पुलिस ने बुधवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व विधायक मनोज कुमार सिंह के साथ चार नामजद लोगों और लगभग 60 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सदर) देवेंद्र कुमार ने बताया कि यह मामला सैय्यदराजा पुलिस थाने में दर्ज किया गया।

# यूजीसी एक्ट के विरोध में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**प्रतापगढ़।** उच्च शिक्षण संस्थानो मे लागू किये गये यूजीसी बिल के विरोध में बुधवार को राजपूत करणी सेना ने आवाज मुखर किया। करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता तहसील लालगंज पहुंचे। यहां एसडीएम लालगंज शैलेन्द्र वर्मा से मिलकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौपते हुए यूजीसी द्वारा लागू नए नियमों को वापस लिये जाने की मांग उठाई है। राजपूत करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि इस नए नियम से छात्रों के बीच वैमनस्य बढ़ सकता है। नया कानून सवर्ण जातियों के लिए चिंताजनक है। इस मौके पर जयकरन सिंह, शैलेन्द्र सिंह, अंकुर त्रिपाठी, संजय पाण्डेय, धर्मेन्द्र सिंह, विजय मिश्र, राजन सिंह, विनोद मिश्र, योगेन्द्र सिंह, अंकुर तिवारी, विजय प्रकाश आदि मौजूद रहे।

## महिला के गायब होने को लेकर केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** घर से लकड़ी तोड़ने की बात कहकर निकली महिला के गायब हो जाने की घटना को लेकर पीड़ित पति ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के एक गांव के पीड़ित ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीते चौदह जनवरी की शाम करीब चार बजे उसकी पत्नी लकड़ी तोड़ने की बात कहकर घर से निकली थी। वापस न लौटने पर काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नही चला। पुलिस ने जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया है।

## दो आरोपियों पर किशोरी के अपहरण का केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** किशोरी को अपहृत कर ले जाने की घटना को लेकर दो आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव के पीड़ित पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसकी पन्द्रह वर्षीया पुत्री को सारीपुर गांव निवासी अन्तिम पटेल पुत्र उदल पटेल व रामसिंह पटेल बहला फुसलाकर भगा ले गया। यह भी आरोप है कि किशोरी घर से दो लाख की नकदी व करीब दो लाख के जेवरात भी साथ उठा ले गयी। काफी खोजबीन के बाद भी किशोरी का पता नही चल सका। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## यातायात पुलिस का जागरूकता अभियान

**श्रावस्ती।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जनपद श्रावस्ती में यातायात पुलिस द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निदेर्शानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द उत्तम एवं क्षेत्राधिकारी यातायात आलोक कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में निरीक्षक यातायात दिनेश यादव द्वारा केंद्रीय विद्यालय, श्रावस्ती में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी देते हुए सड़क सुरक्षा के महत्व से अवगत कराया गया तथा सुरक्षित व अनुशासित यातायात व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के प्रमुख मार्गों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें ट्रैक्टर, डम्पर एवं अन्य भारी वाहनों पर निःशुल्क रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाए गए तथा बिना नंबर प्लेट वाहनों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस द्वारा लाउड हेलर के माध्यम से राह-वीर योजना, हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग, तेज गति और नशे में वाहन न चलाने के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। अंत में पम्पलेट वितरित कर यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई।

## भारी मन से माघ मेला से विदा हुए स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती

**प्रयागराज।** माघ मेले में मौनी अमावस्या पर प्रशासन द्वारा कथित तौर पर स्नान करने से रोकने के बाद शंकराचार्य शिविर के बाहर धरने पर बैठे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती बुधवार को भारी मन से मेले से विदा हो गए।इसके बाद समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए सत्तारूढ़ दल पर सदियों पुरानी सनातन परंपराओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया। माघ मेले से प्रस्थान से पूर्व सरस्वती ने कहा, "आज शब्द साथ नहीं दे रहे हैं और स्वर बोझिल हैं। प्रयाग की इस पवित्र धरती पर हम आध्यात्मिक शांति की कामना लेकर आते हैं, लेकिन आज यहां से एक ऐसी रिक्तता और भारी मन लेकर लौटना पड़ रहा है जिसकी कल्पना हमने कभी नहीं की थी। उन्होंने कहा कि प्रयाग में जो कुछ भी घटित हुआ, उसने न केवल हमारी आत्मा को झकझोरा है, बल्कि न्याय और मानवता के प्रति हमारे सामूहिक विश्वास पर भी प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। संगम की इन लहरों में स्नान करना, अंतरात्मा की संतुष्टि का मार्ग है, लेकिन आज मन इतना व्यथित है कि हम बिना स्नान किए यहां से विदा ले रहे हैं। शंकराचार्य के स्नान किए बिना माघ मेले से चले जाने को उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने अत्यंत अनिष्टकारी घटना बताया। उन्होंने एक्स पर कहा कि भाजपा के दंभ ने अनादिकाल से चली आ रही सनातनी परंपरा को तोड़ दिया है। जगद्गुरु शंकराचार्य जी का बिना पवित्र स्नान किए माघ मेले को छोड़कर जाना अत्यंत अनिष्टकारी घटना है। संपूर्ण विश्व का सनातन समाज इससे आहत ही नहीं बल्कि अनिष्ट की आशंका से भी आशंकित है। सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा और उसके साथी चाहते तो सत्ता की हनक और अहंकार त्याग कर अपने कंधों पर उनकी पालकी उठाकर उन्हें त्रिवेणी संगम पर पावन स्नान कराकर उनके मर्माहत सम्मान का मान रख सकते थे। उन्होंने आरोप लगाया कि मगर भाजपाइयों को भ्रष्ट साधनों से अर्जित अपनी शक्ति का घमंड है जो उन्हें ऐसा करने से रोक रहा है। यादव ने लिखा कि संतों का मन दुखी करके कोई सुख नहीं पा सकता है। भूल करने से बड़ी गलती, क्षमा न मांगना है। कोई भी राजनीतिक पद, संतों के मान से बड़ा नहीं हो सकता। भाजपा सनातन की भी सगी नहीं है।

# हजरत इमाम हुसैन की जयंती पर जुलूस निकालकर मनाया जश्न

- शायरो ने पेश किया हजरत इमाम हुसैन की शान मे कलाम कसीदा
- इमाम बारगाह वफाफ शाह आलमगीर सानी की की गई भव्य सजावट

जिला संवाददाता (vol)



**डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर।** मानवता सम्राट हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के जन्म दिवस (जयंती) के उपलक्ष्य में हल्लौर स्थित इमाम बारगाह वफाफ शाह आलमगीर सानी में अंजुमन फरोग के तत्वाधान में भव्य ₹महफिले नूर₹ का आयोजन किया गया जिसमे मेहमान और स्थानीय शायरो ने हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की शान में कलाम व कसीदा पेश किया।सारी रात हर तरफ जश्न और खुशी का माहौल रहा।लोगो ने केक काटकर और पटाखे छोड़कर अपनी खुशी का इजहार किया।

महफिले नूर का आगाज शकील अहमद गुड्डू ने कलाम पाक की तिलावत करके किया जिसके बाद नाते पाक हैदर करार और फैजी ,मुमताज और कायनात ने पेश की जिसके बाद देश के मशहूर शायर मनव्वर जलालपुरी, शुजा उतरौलवी, अली शबबर नौगांवी, सगीर बनारसी, तालिब हुसैनी कानपुर, नजर सुल्तानपुरी , मीसम गोपालपुरी, आदि कई शायर और धर्मगुरु शामिल होकर हजरत इमाम हुसैन की शान मे कलाम और कसीदा पेश किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना शहकार हुसैन जैदी व संचालन जाहिद कानपुरी और अजीम मास्टर ने किया।

इस मौके पर शुक्रवार की दोपहर 2:30 बजे दरगाह चौक से जाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई और पप्पू अंकल की अगुवाई मे आमदे इमाम हुसैन को लेकर भव्य जुलूस निकाला गया।जो हल्लौर चौराहा होते हुए वापस दरगाह चौक पर आकर समाप्त हो गया ।जुलूस मे आबिद हल्लौरी ने कलाम कसीदा पढ़ा। जाकिर जमाल हैदर ने अपने संबोधन मे हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की जीवन और कृत्यों पर प्रकाश डालते हुए लोगो से मौला हुसैन के हक, सच्चाई और इंसाफ मानवता के रास्ते पर चलने का आवाह्न किया।

इस दौरान अंजुमन फरोग मातम के सेकेट्री पप्पू रिजवी, तसकीन हैदर , जलाल हैदर, काजिम कर्बलाई, पप्पू अंकल , मंजर रेडीमेड, मोहम्मद हैदर शब्लू आदि लोग मौजूद रहे।

## अमेठी में अज्ञात महिला का शव मिला

**अमेठी।** कमरौली थाना क्षेत्र में एक अज्ञात महिला का शव बुधवार को बरामद हुआ। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया उन्हें लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग पर उतेलवा गांव के निकट गंदा नाला के पास महिला का शव पड़ा होने की सूचना ग्रामीणों से मिली थी। महिला की उम्र 55 वर्ष बताई जा रही है। कमरौली थाने के प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि महिला की शिनाख्त के लिए लोगों से पूछताछ की जा रही है।

## निलंबित सिटी मजिस्ट्रेट बरेली से रवाना

**बरेली।** निलंबित सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री को बुधवार को पुलिस सुरक्षा में शहर से बाहर ले जाते समय बरेली में उस समय तनाव पैदा हो गया जब उनके समर्थक पुलिस वाहन के आगे लेट गए और रास्ता रोक लिया। अग्निहोत्री को सख्त सुरक्षा के बीच बरेली से बाहर ले जाया गया।

# प्रशासन ने ग्रामीणों में बांटे कंबल



**श्रावस्ती।** जनपद में अचानक मौसम खराब होने और तापमान में गिरावट के कारण शीतलहर का प्रभाव बढ़ गया है। अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेंटीग्रेड से नीचे चले जाने के बाद प्रशासन द्वारा आमजन को शीतलहर से बचाने के लिए लगातार राहत कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रेडक्रॉस सोसायटी एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में कंबल वितरण किया जा रहा है।

आज नेपाल-भारत सीमा क्षेत्र पर स्थित सीमावर्ती पिपरहवा गांव में रेडक्रॉस के माध्यम से ग्रामीणों को कंबल वितरित किए गए। कंबल वितरण कार्यक्रम में डीएम व रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष अश्विनी कुमार पांडेय नेउपस्थित रहे और जरूरतमंद ग्रामीणों को कंबल प्रदान किए। कंबल पाकर ग्रामीणों के चेहरों पर राहत और संतोष देखने को मिला। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में कंबल वितरण के दौरान डीएम अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि जनपद में शीतलहर की शुरूआत से ही प्रशासन द्वारा लगातार अलाव जलवाने एवं कंबल वितरण के माध्यम से आम जनमानस को ठंड से बचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कल हुई बारिश के बाद कंबल वितरण की प्रक्रिया और तेज कर दी गई है। डीएम ने कहा कि वर्तमान में न्यूनतम तापमान लगभग 11 डिग्री सेंटीग्रेड तथा अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेंटीग्रेड तक रिकॉर्ड किया जा रहा है, जिससे कुछ राहत जरूर मिली है, लेकिन शीतलहर की संभावना को देखते हुए बचाव के सभी आवश्यक उपाय जारी रखे गए हैं। प्रशासन द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों पर निरंतर निगरानी रखते हुए राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। इस अवसर पर रेडक्रॉस सचिव अरुण कुमार मिश्र, प्रबंधन समिति के सदस्य राहुल पाठक, आजीवन सदस्य श्रवण कुमार द्विवेदी, अर्पित कश्यप एवं रमेश तिवारी उपस्थित रहे।

## केशव मौर्य 30 को सिद्धार्थनगर आयेंगे

सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 30 जनवरी को एक दिवसीय दौरे पर सिद्धार्थनगर पहुंचेंगे। इस दौरान वे कपिलवस्तु महोत्सव, ग्राम चौपाल और स्वयं सहायता समूहों के कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। साथ ही, जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, उप मुख्यमंत्री सुबह 10 बजे लखनऊ के लामार्टीनियर ग्राउंड हेलीपैड से राजकीय हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होंगे। वे सुबह 11:10 बजे सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के हेलीपैड पर पहुंचेंगे। आगमन के बाद, वे सीधे कपिलवस्तु क्षेत्र के तदैय-पिपराहवा स्थित बौद्ध स्तूप के दर्शन करेंगे। इसके उपरांत, वे विपश्यना केंद्र का भ्रमण कर भंतेगणों से संवाद करेंगे। इस अवसर पर सांसद जगदंबिका पाल भी मौजूद रहेंगे ।दोपहर 12:25 बजे उप मुख्यमंत्री सिद्धार्थ विश्वविद्यालय से पुलिस लाइन हेलीपैड के लिए प्रस्थान करेंगे। वहां से वे कपिलवस्तु महोत्सव स्थल पहुंचेंगे, जहां दोपहर 1:30 बजे आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे ।महोत्सव कार्यक्रम में विधायक श्यामधनी राही की उपस्थिति भी रहेगी ।इसके बाद, उप मुख्यमंत्री ग्राम धेनसा नानकार (विकासखंड नौगढ़, शोहरतगढ़) जाएंगे। यहां वे ग्राम चौपाल और स्वयं सहायता समूहों के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इस कार्यक्रम में भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय और कनौया लाल भी उपस्थित रहेंगे ।दोपहर बाद, उप मुख्यमंत्री कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर पहुंचकर जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक के बाद एक प्रेस वार्ता भी प्रस्तावित है। इसके पश्चात, वे विकासशील और निमार्णाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगे ।शाम 4:10 बजे उप मुख्यमंत्री पुलिस लाइन हेलीपैड से राजकीय हेलीकॉप्टर द्वारा लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे और शाम 6:05 बजे लामार्टीनियर ग्राउंड हेलीपैड पहुंचेंगे। प्रशासन के अनुसार, उप मुख्यमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था जेड प्लस श्रेणी की रहेगी। उनके आगमन को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

## जीवन को सार्थक बनाती है श्रीमद्भागवत कथा




**प्रतापगढ़।** नगर के अझारा में चल रही श्रीमदभागवत कथा कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कथाव्यास आचार्य अतुल जी महराज ने बताया कि श्रीमदभागवत कथा जीवन को सार्थक बनाती है। श्रीमदभागवत कथा श्रवण करने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। वहीं कलियुग में भागवत कथा श्रवण से मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। कथा आचार्य अतुल जी महराज ने बताया कि परमात्मा सिर्फ भक्त की सच्ची भक्ति के आधीन होता है। मुख्य आयोजक मुरारीमोहन मिश्र व उषानाथ मिश्र तथा इन्द्रा मिश्रा व प्रभावती मिश्रा ने विधिविधान से व्यासपीठ का पूजन किया। इस मौके पर अरविंद मिश्र, कमल मिश्र, राजकुमार पाण्डेय, ज्ञानेन्द्र प्रसाद तिवारी, संजय पाण्डेय, अखिलेश मिश्र, संतोष पाण्डेय, सुनील मिश्र, कमल मिश्र आदि रहे।

## जनता की समस्याओं का निस्तारण सर्वोपरि : डीएम



**श्रावस्ती।** आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में जनता दर्शन कार्यक्रम आयोजित किया। जनता दर्शन के दौरान उन्होंने न केवल अपने कक्ष में फरियादियों की समस्याएं सुनीं, बल्कि कक्ष के बाहर खड़े कई फरियादियों से स्वयं बाहर निकलकर संवाद कर उनकी शिकायतों को गंभीरता से सुना। जनता दर्शन के समय अनेक फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी से मिलने पहुंचे थे। जिलाधिकारी ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए कक्ष से बाहर आकर एक-एक फरियादी की बात सुनी और उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस पहल से फरियादियों में संतोष और विश्वास का भाव देखने को मिला। जनता दर्शन के दौरान कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुईं, जो विभिन्न विभागों से संबंधित थीं। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को सौंपते हुए निर्देशित किया कि इनका निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा कार्रवाई की रिपोर्ट निर्धारित समय में प्रस्तुत की जाए। डीएम अश्विनी कुमार पाण्डेय ने कहा कि जनता दर्शन शासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील रहते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान करें, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े।

## प्र.नि.हरे कृष्ण ने मय मिशन शक्ति टीम ने चौपाल कार्यक्रम में महिलाओं को किया जागरूक

**उसका, सिद्धार्थनगर।** प्रभारी निरीक्षक हरे कृष्ण उपाध्याय के नेतृत्व में थाना उसका बाजार मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा ग्राम फुलवरिया कला व कस्बा उसका बाजार में जन चौपाल लगाकर बहू बेटी सम्मेलन व साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया बहू बेटी कार्यक्रम चलाकर बालिकाओं/महिलाओ को साइबर सुरक्षा व हेल्पलाइन नम्बरो के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया ।एसपी सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान₹ के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद एएसपी के कुशल पर्यवेक्षण व विश्वजीत शौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल निर्देशन में गत बुधवार को प्रभारी निरीक्षक हरें कृष्ण उपाध्याय उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में व साइबर थाना प्रभारी के नेतृत्व में थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम ने थाना क्षेत्र के ग्राम फुलवरिया कला व कस्बा उसका बाजार में जनचौपाल लगाकर मिशन शक्ति एवं एण्टी रोमियों किया व यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी गई व उनकी समस्याओं को सुना गया, उचित परामर्श के साथ काउन्सलिंग किया गया । बहू-बेटी सम्मेलन लगाकर जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मुख्यमंत्री नेप्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी तथा मिशन शक्ति फेज-5.0 के विषय में महिलाओं को महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

# सर्विलांस सेल ने 25 लाख के 109 मोबाइल बरामद किये

- मोबाइल पाकर खिले चेहरे पुलिस पर बढ़ा जनता विश्वास

**श्रावस्ती।** जनपद श्रावस्ती पुलिस ने तकनीकी दक्षता और जनसेवा की भावना का उत्कृष्ट परिचय देते हुए एक बड़ी सफलता अर्जित की है। गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी को लेकर चलाए गए विशेष अभियान के तहत सर्विलांस सेल ने लगभग 25 लाख रुपये मूल्य के कुल 109 मोबाइल फोन बरामद कर उन्हें उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपा। अपने बहुमूल्य मोबाइल फोन वापस पाकर मोबाइल मालिकों के चेहरों पर खुशी और राहत साफ दिखाई दी।

आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान को प्राथमिकता देते हुए पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी द्वारा सर्विलांस सेल को विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए थे। इन निदेर्शों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द्र उत्तम तथा क्षेत्राधिकारी लाइन आलोक कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में सर्विलांस सेल द्वारा सुनियोजित एवं तकनीकी अभियान संचालित किया गया। सर्विलांस टीम ने आधुनिक तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुए मोबाइल की अंतरराष्ट्रीय मोबाइल उपकरण पहचान संख्या (आईएमईआई), लोकेशन विश्लेषण तथा नेटवर्क डेटा के आधार पर विभिन्न थानों से प्राप्त गुमशुदगी के मामलों पर गहनता से कार्य किया। टीम के निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप अलग-अलग क्षेत्रों से 109 गुमशुदा मोबाइल फोन सफलतापूर्वक बरामद किए गए।



बरामद किए गए मोबाइल फोन को दिनांक 28 जनवरी 2026 को पुलिस लाइन स्थित लवकुश सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान विधिवत संबंधित मोबाइल स्वामियों को सुपुर्द किया गया। मोबाइल पाकर लोगों ने पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया और इस पहल को अत्यंत सराहनीय बताया।

इस अवसर पर एसपी राहुल भाटी ने कहा कि जनपद पुलिस आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान हेतु तकनीक का अधिकतम उपयोग कर रही है। सर्विलांस सेल की सक्रियता से न केवल गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद हो रहे हैं, बल्कि साइबर अपराधों पर नियंत्रण एवं अपराधियों की पहचान में भी सफलता मिल रही है। ऐसे अभियानों से पुलिस और जनता के बीच विश्वास और सहयोग और अधिक मजबूत होता है। एसपी ने सर्विलांस सेल की पूरी टीम के कार्य की सराहना की। इस अभियान में निरीक्षक राज प्रकाश सिंह (प्रभारी, सर्विलांस सेल), उपनिरीक्षक शादाब आलम, कांस्टेबल अभिषेक कुमार सिंह, कांस्टेबल सूरज कुमार तथा कांस्टेबल चरन सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

संक्षेप

## थाना पुलिस ने बैंकों का निरीक्षण किया

**इटावा।** एसएसपी के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना प्रभारी, थानाध्यक्ष एवं चैकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों का व्यापक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बैंक परिसर के अंदर एवं बाहर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा सीसीटीवी कैमरे, अलार्म सिस्टम एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों की कार्यशीलता को चेक किया। संबंधित बैंक प्रबंधकों एवं कर्मियों को सुरक्षा मानकों की पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही, बैंक कर्मचारियों एवं आमजन को सतर्क रहते हुए किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति की जानकारी तत्काल पुलिस को उपलब्ध कराने हेतु जागरूक किया, जिससे अपराध की संभावनाओं पर प्रभावी रोकथाम की जा सके।

## एसएसपी ने की जनसुनवाई

**इटावा।** एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में नियमित रुप से होने वाली जनसुनवाई की गयी। जिसमें अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे फरियादियों के आवेदन लेकर उन्हें न्यायोचित, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का आश्वासन दिया। विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदकों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना एवं संबंधित राजपत्रित अधिकारी पुलिस, थाना प्रभारी से स्वयं वार्ता कर आवेदकों की शिकायत का निराकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया। फरियादियों की शिकायतों का तत्परता से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना पुलिस की प्राथमिकता है।

## मेडल पाकर खिल उठे खेल उत्सव विजेताओं के चेहरे

**गोला, गोरखपुर।** उपनगर गोला के तहसील चौराहा स्थित लक्ष्मी प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव का पुरुस्कार वितरण समारोह मनाया गया। खेल उत्सव के प्रथम दिवस के मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी गोला अमित कुमार जायसवाल द्वितीय दिवस के पुलिस क्षेत्राधिकारी दरवेश कुमार तथा तृतीय दिवस के मुख्य अतिथि तहसीलदार गोला सत्येन्द्र कुमार मौर्य रहे। पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विद्यालय के संरक्षक गिरधारी लाल स्वर्णकार, प्रबन्धक भागीरथी प्रसाद स्वर्णकार, प्रबन्ध निदेशक अमरनाथ वर्मा ने विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी-मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। पुरस्कार पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री स्वर्णकार ने कहा कि किसी भी खेल को खेल भावना के साथ खेला जाए तो सकारात्मक परिणाम प्राप्त होते हैं। हार और जीत एक ही सिक्के के दो पहलू है। हारने वाले विद्यार्थी निराश न हो तैयारियाँ बेहतर करें अगले अवसर में अपने को सर्वश्रेष्ठ साबित करें। प्रबंधक भागीरथी प्रसाद स्वर्णकार ने कहा कि खेल अनुशासन सिखाता है। अनुशासन भावना खेल से विकसित होती है जिससे व्यक्ति का चहुमुखी विकास होता है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक अमरनाथ वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि खेल से जीवन जीने की कला का ज्ञान होता है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की फिट इंडिया के स्वरूप को यह खेल प्रतियोगिता सार्थकता प्रदान कर रही है। विद्यालय की प्रधानाचार्या एकता वर्मा व रेवरेण्ट डी के सिंह ने सभी प्रतियोगियो का उत्साहवर्धन किया। समस्त खेल आयोजन खेल प्रशिक्षक संतोष कुमार व मनोज कुमार एवं खेल प्रशिक्षिका अम्बिका त्रिपाठी, साज-सज्जा कला शिक्षक प्रमोद मिश्रा, धीरेन्द्र आनन्द, किरण यादव, साधना त्रिपाठी;के कुशल निर्देशन में सम्पन्न किया गया।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने पुत्र मो. वसीम व उसकी पत्नी सोफिया के गलत कृत्यों से क्षुब्ध होकर उन्हे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। **यासीन पुत्र स्व. महमूद अली नि.- बन्थरा सिकन्दरपुर बन्थरा, जनपद लखनऊ।**

**सूचना**

मेरी पुत्री सारा खान (Sarah Khan) के स्कूली दस्तावेजों में त्रुटिवश माता का नाम उजमा खान (Uzma Khan) अंकित है जबकि मेरा सही नाम उजमा रईस (Uzma Rais) है। मेरी पुत्री के सभी दस्तावेजों में मेरा सही नाम ही दर्ज किया जाये। **उजमा रईस पत्नी मो. रईस खान नि.- 420/46क, कटरा मोहम्मद अली खान, चौपटिया, चौक, लखनऊ।**

# जनता दर्शन में सीएम ने सुनीं 150 लोगों की समस्याएं



**जिला संवाददाता,गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि किसी व्यक्ति की जमीन पर यदि कोई दबंग या भूमाफिया ने कब्जा किया है तो तत्काल जमीन को कब्जामुक्त कराया जाए। दूसरे की जमीन कब्जा करने वाले दबंगों, कमजोरों को उजाड़ने वालों और भूमाफिया को कतई न बख्शा जाए, उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। सबक सिखाया जाए। सीएम ने दोहराया है कि सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है।

सीएम योगी बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ सीएम ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। जनता दर्शन में दबंगों द्वारा जमीन कब्जा किए जाने की एक शिकायत पर मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देशित किया कि जमीन कब्जा की शिकायत पर त्वरित एक्शन लिया जाए। जमीन कब्जामुक्त होनी चाहिए यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी दबंग किसी की जमीन पर कब्जा न करने पाए। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं ने ससुराल पक्ष से विवाद तथा परिवार से जुड़ी शिकायतें भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं। सीएम योगी ने इन शिकायतों पर अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि दोनों पक्षों के साथ संवाद कर समस्या का समाधान कराया जाए। ऐसा न होने पर विधिसम्मत कार्यवाही की जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए।

मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि इलाज का पैसा अस्पताल के खाते में भेज दिया जाएगा।

# यूजीसी कानून को लेकर सवर्ण समाज का विरोध प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**गोला, गोरखपुर।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए कानून के विरोध में मंगलवार को सवर्ण समाज के लोगों ने गोला तहसील प्रांगण में धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए यूजीसी के नए कानून को वापस लेने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने इस कानून को समाज में असंतुलन पैदा करने वाला बताते हुए इसे ह्लकाला कानूनह्व करार दिया।



धरना-प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि यूजीसी का नया कानून उच्च शिक्षा संस्थानों में सामाजिक समरसता को प्रभावित कर सकता है। उनका आरोप था कि यह कानून बिना सभी वर्गों से समुचित विमर्श किए लागू किया जा रहा है, जिससे भविष्य में छात्रों के बीच भेदभाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा का वातावरण समानता, न्याय और निष्पक्षता पर आधारित होना चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने यह भी कहा कि विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षा केंद्रों को शोध एवं शिक्षा का केंद्र बनाने के लिए सभी वर्गों के साथ समान व्यवहार आवश्यक है। किसी भी वर्ग के साथ अन्याय या पक्षपात समाज को कमजोर करने का कार्य करेगा। धरना समाप्ति के बाद स्वर्ण समाज के प्रतिनिधियों ने अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी अमित कुमार जायसवाल को सौंपा। ज्ञापन में यूजीसी के नए कानून को तत्काल निरस्त करने, उच्च शिक्षा में सामाजिक संतुलन बनाए रखने तथा सभी वर्गों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। इस दौरान शिवम शुक्ला, ध्रुव नरायण राय, सर्वेश राय, मनोज कुमार तिवारी, आलोक शुक्ला, कार्तिक मिश्र, विनीत कुमार राय, शैलेंद्र पाण्डेय, सौरभ तिवारी, सुरेश चंन्द, सतीश कुमार शर्मा, कृष्णा पाठक, मुनील सिंह आदि सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# दीनदयाल, श्यामा मुखर्जी को भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि



**इटावा।** भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू की अध्यक्षता में विकसित भारत-जी राम जी जनजागरण अभियान के तहत लोकसभा की भर्थना विधानसभा के नारायण वाटिका में कृषक, श्रमिक ग्राम चैपाल का आयोजन किया गया। चैपाल का शुभारंभ भाजपा के प्रेरणा पुरुष पं. दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके हुआ। पूर्व सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया ने कहा कि कृषक, मजदूर, गांव की तरक्की से ही भारत विकसित होगा। स्वच्छता कि दृष्टि से ग्राम समिति को ही तय करना है कि स्वच्छता पर कितना बजट खर्च हो। ग्राम को सशक्त बनाकर सबसे पहले पानी निकासी के लिए नाली तथा कच्ची गलियों को पक्का किया जाएगा। पौधारोपण के अंतर्गत भी नए अधिनियम के साथ उसे सुरक्षित रखा जाएगा। गांव में कोई खेत खलिहान के लिए रास्ता होगा। सोलर योजना के तहत सरकार रोशनी दिखाने का कार्य करेगी। पूर्व जिलाध्यक्ष गोपालमोहन शर्मा ने कहा कि मनरेगा के तहत पहले केवल 100 दिन का काम मिलता था लेकिन विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत गारंटी के तहत 125 दिनों का काम दिया जाएगा। जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने चैपाल में अपने समापन उद्बोधन में आए हुए श्रमिकों व ग्रामीणों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार व सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार निरंतर गांव के विकास और तरक्की के लिए कार्यरत हैं। ग्राम चैपाल को पूर्व रघुराज शाक्य, सांसद प्रेमदास कठेरिया, पूर्व विधायक सिद्धार्थ शंकर दोहरे, सावित्री कठेरिया, ब्लॉक प्रमुख गणेश राजपूत, पूर्व ब्लॉक प्रमुख विमल भदौरिया, मुकेश राजावत, अशोक चैबे आदि ने सम्बोधित किया। संचालन जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा अवधेश चतुर्वेदी ने किया।

## सुधार गृह से फरार किशोर अभी भी लापता

**इटावा।** राजकीय बाल सुधार गृह यूनिट-2 से फरार हुआ 17 वर्षीय बाल अपचारी कई दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। लगातार तलाश और दबिश के दावों के बावजूद पुलिस, एसओजी और जीआरपी की टीमों को अब तक कोई ठोस सफलता नहीं मिल सकी है। इस घटना ने सुधार गृह की सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ प्रशासनिक जवाबदेही पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना शुक्रवार शाम की है, जब बाल सुधार गृह यूनिट-2 की पहली मंजिल के टॉयलेट की छत से दो किशोर 35 फीट ऊंची कंटीले तारों से घिरी बाउंड्री कूदकर फरार हो गए। कूदने के दौरान 16 वर्षीय किशोर की कमर में गंभीर चोट आ गई, जिससे वह आगे भाग नहीं सका, जबकि 17 वर्षीय किशोर मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार दोनों किशोर सुधार गृह के पीछे स्थित गेहूं के खेत से होते हुए रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। इसी दौरान 17 वर्षीय किशोर कानपुर जाने वाली पैसेंजर ट्रेन में सवार हो गया, जबकि घायल किशोर स्टेशन परिसर में ही रह गया। पुलिस ने उसे पकड़कर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। फरारी की सूचना मिलते ही सिविल लाइंस थाना पुलिस, एसओजी और जीआरपी की टीमें सक्रिय हो गईं। किशोर की फोटो विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुपों में साझा की गई और रेलवे स्टेशनों व बस अड्डों पर निगरानी बढ़ाई गई। पुलिस को आशंका है कि फरार किशोर ने जानबूझकर किसी छोटे स्टेशन पर उतरकर दिशा बदली, ताकि उसकी लोकेशन ट्रेस न हो सके। इस पूरे मामले में अब तक कार्रवाई केवल बाल सुधार गृह यूनिट-2 में तैनात एक केयर टेकर और एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तक सीमित रही है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने प्रारंभिक जांच के बाद दोनों को निलंबित कर दिया। सवाल यह है कि इतनी गंभीर लापरवाही में सिर्फ निचले स्तर के कर्मचारियों पर ही कार्रवाई करना क्या पर्याप्त है। हाल ही में कन्नौज जेल से चोरी और पॉक्सो एक्ट में बंद दो कैदियों के फरार होने के मामले में जेल के वरिष्ठ अधिकारियों तक पर निलंबन की कार्रवाई हुई थी। ऐसे में इटावा के बाल सुधार गृह की इस घटना में अब तक बड़े जिम्मेदारों पर कार्रवाई न होना दोहरे मापदंड की ओर इशारा कर रहा है।

## पिपरौली क्षेत्र में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस



**पिपरौली,गोरखपुर।** पिपरौली ब्लाक क्षेत्र में गणतंत्र दिवस समारोह पूरे हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। ब्लॉक मुख्यालय पर बीडीओ राकेश कुमार शुक्ला ने ध्वजारोहण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अधीक्षक डॉ. शिवानंद मिश्रा द्वारा तिरंगा फहराया गया। सरस्वती देवी इंटर कॉलेज पिपरौली बाजार में प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार सिंह एवं युवा नेता सुरजीत सिंह ने ध्वजारोहण किया। प्राथमिक विद्यालय देईपार में ग्राम प्रधान चंद्र भूषण पांडेय, रामरति देवी कन्या इंटर कॉलेज देईपार में प्रबंधक राम नेवास पांडेय, पिपरौली पंचायत भवन पर ग्राम प्रधान अब्दुल खालिक तथा खरौला गांव में ग्राम प्रधान चंदन सिंह ने तिरंगा फहराया। इसके अलावा क्षेत्र के विभिन्न गांवों, विद्यालयों व सरकारी तथा गैर-सरकारी प्रतिष्ठानों पर भी ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संविधान और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया।

## ग्रामीणों ने एसडीएम से की जमीन पर कब्जे की शिकायत

**मझगांवा,गोरखपुर।** बांसगांव तहसील के ग्राम मजुरी में स्थित जनता जूनियर हाई स्कूल की जमीन पर कब्जे का मामला सामने आया है। ग्रामीण रविन्द्र सिंह ने उपजिलाधिकारी महोदय को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि गांव के ही निरंकार साहनी जबरजस्ती जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। रविन्द्र सिंह ने बताया कि उन्होंने इस मामले की सूचना एसएचओ गगहा को भी दी है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने उपजिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि इस मामले में संज्ञान लेते हुए उचित कार्रवाई की जाए, ताकि जमीन पर किसी भी तरह का निर्माण न हो सके।

## शिक्षा से आत्मनिर्भरता की ओर सार्थक पहल

**इटावा।** समाज का हर बच्चा पढ़े, आगे बढ़े और आत्मनिर्भर बने इसी प्रेरक सोच के साथ बिग बॉस के चर्चित प्रतिभागी व लोकप्रिय यूट्यूबर मृदुल तिवारी ने अपने पैतृक गांव में एक सराहनीय सामाजिक पहल की। मृदुल तिवारी ने गांव स्थित सरकारी प्राथमिक विद्यालय लवेदी में अध्ययनरत बच्चों को स्कूल बैग वितरित कर शिक्षा के प्रति अपने संकल्प को साकार रूप दिया। मृदुल ने कहा कि इस अभियान की शुरूआत अपने पैतृक गांव प्राथमिक विद्यालय लवेदी से की गई, जहां पढ़ने वाले नन्हे-मुन्ने बच्चों को स्कूल बैग प्रदान किए गए। स्कूल बैग पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। मासूम मुस्कान और आंखों में आत्मविश्वास देखकर वहां मौजूद ग्रामीण, शिक्षक और अभिभावक भी भावुक हो उठे। इस अवसर पर मृदुल तिवारी ने कहा कि इन बच्चों की मुस्कान और आंखों में दिखता आत्मविश्वास ही मेरे लिए सबसे बड़ा पुरस्कार है। शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे बच्चे अपने सपनों को साकार कर सकते हैं और आत्मनिर्भर बन सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकों और ग्रामीणों ने मृदुल तिवारी की इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य करते हैं। बच्चों को न सिर्फ शैक्षिक सामग्री मिली, बल्कि उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा भी प्राप्त हुई। अंत में मृदुल तिवारी ने सभी के सहयोग और आशीर्वाद के लिए धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से हम मिलकर एक शिक्षित, सशक्त और उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम बढ़ाते रहेंगे।

# ग्रामीण क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस



**मझगांवा,गोरखपुर।** गगहा ब्लाक क्षेत्र में 77वां गणतंत्र दिवस सरकारी व गैर-सरकारी संस्थाओं में धूमधाम से मनाया गया। सोमवार को गगहा क्षेत्र में 77वा गणतंत्र दिवस पर ब्लाक मुख्यालय पर खण्ड विकास अधिकारी रजत गुप्ता, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गगहा में डाक्टर बृजेश बरनवाल, थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक अंजुल चतुर्वेदी, डिहुलपार पंचायत भवन पर प्रधान अनिल शाही, पूर्व माध्यमिक विद्यालय रावतपार (गेरुआखोर) में प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार राय, राधिका महाविद्यालय व सीनियर सेकेंडरी स्कूल मझगांवा में पुनीत सिंह, आरपीडी स्कूल टिकरी में प्रबंधक विनय शुक्ला, आर एल मेमोरियल पब्लिक स्कूल में प्रबंधक प्रमोद शाही, जानकी लाल चिकित्सालय हाटा बाजार में डाक्टर प्रमोद श्रीवास्तव, लीलावती सिंह इण्टरमीडिएट कालेज भैसहा में सुधाकर तिवारी, सहित क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधानों ने अपने ग्राम सभा में झण्डारोहण कर गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया।

# गोला : धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

**गोला, गोरखपुर।** गोला तहसील क्षेत्र अन्तर्गत 77वां गणतंत्र दिवस समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया। ध्वजारोहण के साथ ही सरकारी, गैर सरकारी व शिक्षण संस्थानों तथा चौक-चौराहों व घर-घर तिरंगा शान से लहराया और भारत माता की जय व वंदे मातरम का जयघोष क्षेत्र में गूंजता रहा। ध्वजारोहण में शामिल होकर लोगों ने तिरंगे को सलाम करने के साथ देश के अमर सपूतों को याद किया।



देश के 77 वें गणतंत्र दिवस पर क्षेत्र स्थित तहसील मुख्यालय पर एसडीएम अमीत जायसवाल, ब्लाक मुख्यालय पर खण्ड विकास अधिकारी दिवाकर सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अमरेन्द्र ठाकुर, नगर पंचायत कार्यालय पर चेयरमैन लालती देवी व अधिशासी अधिकारी वैभव चौधरी, सीओ कार्यालय पर दरवेश कुमार, कोतवाली पर थाना प्रभारी राकेश रोशन सिंह ने ध्वजारोहण किया। इसी कड़ी में उपनगर गोला स्थित एमसीए पब्लिक स्कूल पर सभासद दिनेश सिंह व मुख्य सेवक प्रदीप सिंह तथा एलपीएम पब्लिक स्कूल एवं एसआरके हास्पिटल पर पूर्व चेयरमैन गिरधारीलाल स्वर्णकार,

केआर मेमोरियल व वीएसएवी पीजी कालेज पर डा अनिल तिवारी, वीएसएवी इंटर कॉलेज पर डा विजयानंद तिवारी, बाबा जीत नरायण चंद फार्मसी कालेज पर जेपी चंद, ज्ञान दास राय इंटर कालेज पर खण्ड विकास अधिकारी दिवाकर सिंह, बेबीज कार्नर स्कूल अतरौरा पर विजय प्रताप यादव उप निदेशक समाज कल्याण विभाग ,आनंद विद्यापीठ इंटर कालेज ककरही पर प्रबंधक रवि प्रताप राय उर्फ मुन्ना राय, आरटीडी पब्लिक स्कूल पर भाजपा नेता शत्रुध्न कसौधन, सरस्वती देवी शैक्षणिक संस्थान पटौहा पर शाहिल विक्रम तिवारी, सावित्री राममुरारी इंटर कॉलेज भटौरा पर समाजसेवी अशोक पाण्डेय व रेड रोज चिल्ड्रेन एकेडमी सेमरी पर प्रबंधक गोपाल तिवारी, पीपीए कैंप कार्यालय वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम कसौधन, धर्मा हास्पीटल पर शिवानन्द यादव ने ध्वजारोहण किया। साथ ही अन्य शैक्षणिक संस्थान एवं कार्यालयों पर लोगो ने ध्वजारोहण के साथ देश के महा पुरुष एवं वीर शहीदों को नमन किया साथ ही सभी शैक्षणिक संस्थानों पर विद्यार्थियों देश की विरासत एव सांस्कृतिक शैली पर नाटक मंचन किया ।

# ब्राह्मण महासभा का यूजीसी बिल पर प्रदर्शन

जिला संवाददाता (vol)



**इटावा।** 15 जनवरी को भारत राजपत्र मे अधिसूचित करतत्काल प्रभाव से लागू किया गया हैं, अत्यंत गंभीर संवैधानिक एवं विधिक प्रश्न उत्पनकरती है। यह अधिसूचना उच्च शिक्षा संस्थानो में जाति-आधारित भेदभाव को रोकने के उदेश्य से लाई गई बताई जा रही है तथा इसमें एससी, एसटी, ओबीसी एवं दिव्यांग छात्रो के अधिकारो की सुरक्षा पर विशोष बल दिया गया है इसके अन्तर्गत सभी विश्वविद्चालयोंएवं उच्च शिक्षा संस्थानो में 90 दिनो के भीतर इक्विटी कमेटियों के गठन का प्रावधानकिया गया है, जिन्हे शिकायतो की जॉच का अधिकार दिया गया है।

अखिल भारतीय ब्राहमण महासभा का यह स्पष्ट एवं दृढ मत है कि अधिसूचना भारत के संविधान में प्रदत समानता के मूल अधिकार अनुच्छेद 14, 15 एवं 21 भावना के अनुरूप नहीं है भारत का संवेधान सभी नारगॉरिको कासमानता का अधिकार प्रदान करता हैं, किन्वु यह अधिसूचना समानता की समय अवधारणा को स्थापित करने के स्थान पर केवल एससी, एसटी, ओबीसी वर्ग के छात्रो कअधिकारों पर केन्रित हैं, जबकि सामान्य वर्ग के छात्र केअधिकारों एवं संवैधानिक संरक्षण को पर्णत नजरअंदाज करती है अधिसूचना एक तरफा द्वष्टिकोण अपनाते हुए समान अवसर के सिद्वान्त को कमजोर करती है, जो कि संविधान की मूल संरचना के प्रतिकूल है। किसी भी कानूनया नियम का उदेश्य सभी वर्गो के लिए न्याय सुनिशिचत करना होना चाहिए, न किकिसी एक वर्ग के ब्ष में असंतुलन उत्पन करना यह भी जल्लेखनीय है प्रारम्भिक मे ओबीसी वर्ग को सामिल न किये जाने तथा झुती या फर्जी शियायतो पर किसीप्रकार के दंडात्मक प्रावधान के अभाव को लेकर व्यापक विवाद उत्पन हुआ था यद्यपिअन्तिम संक्करण मे ओबीसी वार्ग को समलित कर लिया गया तथापि तुभावनापर्ण अथवाझूठी शिकायतो पर कोई दण्ड का कोई परावधवान न होगा इस अधिसूचना को और आंधक खतरनाक बनाता है लथा इसके दुपयोग की बयापक संभावना उत्पन्न करता है।

अखिल भारतीय ब्राहमण महासभा एवं राष्ट्रीय सवर्ण परिसद, भारत संरकार से यह स्पष्ट एवं सश्त मांग करती है कि उक्त अधिसूचना को तत्काल परभाव से वापस लिया जाये। बंटी बाजपेई, प्रशांत तिवारी पीसीसी सदस्य, मनीष उपाध्याय, ऋषि चतुर्वेदी, डीके पांडे, अमित तिवारी, सुशील सम्राट, अमित दीक्षित एडवोकेट, रणवीर सिंह एडवोकेट, शिवकांत, प्रभाकर तिवारी, पल्लव दुबे, वाचस्पति द्विवेदी, प्रदीप तिवारी, मनोज तिवारी, शिवहरी दीक्षित, मेजर पांडे उपस्थित रहे।

## सीएम ने की गोसेवा

**गोरखपुर।** गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान बुधवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। उन्होंने प्रातःकाल गोरखनाथ मंदिर में शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका। सीएम योगी जब भी गोरखनाथ मंदिर में होते हैं तो गोसेवा उनकी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा रहती है। बुधवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मंदिर की गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया। गोशाला में सीएम योगी ने चारों तरफ भ्रमण करते हुए श्यामा, गौरी, गंगा, भोला आदि नामों से गोवंश को पुकारा। उनकी आवाज इन गोवंश के लिए जानी पहचानी है। प्यार भरी पुकार सुनते ही कई गोवंश दौड़ते-मचलते हुए उनके पास आ गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी के माथे पर हाथ फेरा, उन्हें खूब दुलारा और अपने हाथों से उन्हें गुड़-रोटी खिलाया।

## अवैध सागौन के 8 पेड़ काटने पर केस दर्ज

**गीडा, गोरखपुर।** पर्यावरण सुरक्षा और वृक्ष संरक्षण के नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों के खिलाफ वन विभाग ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। ताजा घटनाक्रम में, बुधवार को गीडा थाना क्षेत्र के नगवा गांव में प्रतिबंधित सागौन के पेड़ों के अवैध कटान का मामला सामने आया है। वन विभाग ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया है। बुधवार को वन विभाग की टीम को सूचना मिली कि नगवा गांव में चोरी-छिपे कीमती पेड़ों की कटाई की जा रही है। जब टीम मौके पर पहुँची, तो वहां सागौन के 8 पेड़ कटे हुए पाए गए। जांच में पता चला कि इन पेड़ों को बिना किसी विभागीय अनुमति के काटा गया था। साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर वन विभाग ने आरोपी की पहचान चन्दन पासवान निवासी बरडाड़, थाना खजनी के रूप में की है।

# कौन अपना है कौन बेगाना, इतना होशो हवास बाकी है

- **इकबाल मेमोरियल स्कूल में हुआ मुशायरा, कवि सम्मेलन**



**इटावा।** इकबाल मेमोरियल एजूकेशनल सोसायटी के तत्वावधान में साबितगंज स्थित इकबाल मेमोरियल स्कूल में मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन सैयद हाशिम नईमी की अध्यक्षता किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री अशोक यादव ने शमा रोशन कर किया।

संयोजक मो. इनाम उल्ला बबलू, नदीम अहमद एड., सह संयोजक मो. शाहिद खान, कमेटी सदस्य नोमान अहमद खान, मो. फैसल, मो. नईम ने मुख्य अतिथि सहित अतिथियों का शाल उढ़ाकर स्वगात किया। मुशायरा व कवि सम्मेलन में कलाम पेश करते हुये पूर्व मंत्री कवि अशोक यादव ने कहा कोई हसरत न कोई आस बाकी है फिर भी जीने की प्यास बाकी है, कौन अपना है कौन बेगाना इतना होशो हवास बाकी है। संचालन करते हुए शायर इंतखाब आलम रौनक ने कहा मस्ती में यूं आज तिरंगा लगता है अम्बर को छू लेगा ऐसा लगता है, रंग बिरंगे फूल यहां पर खिलते हैं मुल्क हमारा एक गुलदस्ता लगता है। नदीम अहमद एडवोकेट ने कहा रस्मे उल्फत को हरेक तौर निभाया जाए चलिए धोखा ही सही प्यार में खाया जाए, सूरते हाल बदलने की यही सूरत है आईना खुद को किसी रोज दिखाया जाए। आरिफ सिद्दीकी नूर ने कहा अपना पैगाम है सभी के लिये, वक्त रुकता नही किसी के लिए। आमिर हुसैन आमिर ने कहा गर साथ सभी हिन्दू मुसलमा न होते, पूरे कभी आजादी के अरमान न होते। कवि आलोक अर्श ने कहा शहादत पर अभी भी फख्र का एहसास जिंदा है, ये भारत है शहीदों का यहां इतिहास जिंदा है। शायर यासीन अंसारी ने कहा खत्म नफरत हो दोस्ती हो जाए, खुशनुमा अब तो जिंदगी हो जाये। रियाज इटावी ने कहा लहू से सींचा है गुलशन इसे आबाद रखना है, शहीदों की शहादत को हमेशा याद रखना है। शकील अहमद सागर ने कहा वतन पे खुद को मिटाओ तो कोई बात बने, शमा लहू से जलाओ तो कोई बात बने। इसके अलावा हाशिम नईमी, साबिर इटावी, अनिल दीक्षित, इमरान अंसारी, मंजू यादव, वैभव यादव, अमित प्रजापति, शोएब अली एड. ने भी कलाम पेश किये। मुशायरे व कवि सम्मेलन में पूर्व सभासद मो. इस्लाम चीटम, वसीम चैधरी, इम्तियाज अहमद एड., फरहान शकील, मो. राशिद, सभासद इरफान अहमद, इकबाल अंसारी, शरद बाजपेई, हाजी गुड्डू मंसूरी, रिजवान कुरैशी, इफ्तिखार मिर्जा, शावेज नकवी, निहाल खान, असलम अंसारी, मो. शाहिद लल्ला सहित बड़ी संख्या में श्रोताओं ने भाग लिया।

संक्षेप

## यूजीसी बिल के खिलाफ भाजपा पदाधिकारियों का इस्तीफा

जौनपुर। सुजानगंज क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों ने त्याग पत्र देते हुए बताया भाजपा अपने मूल सिद्धांतो से भटक गयी है। यूजीसी कानून लाकर जो सभी समुदाय के लोगों में भाई चारा का संबंध था वह समाप्त करने की राजनीति सरकार द्वारा किया जा रहा है। इस कानून से आपसी सौहार्द बिगड़ेगा तथा लोगों में जाति की भेदभाव भावना बढ़ेगी तथा सवण समाज के लोगों को नीचा दिखाने की कोशिश सरकार द्वारा किया जा रहा है। उक्त बातों की जानकारी देते हुए भाजपा सेक्टर संयोजक कोतांव गांव निवासी गोपाल मिश्रा ने कहीं तथा उपस्थित लोगों को बताया भाजपा सरकार जब तक सबका साथ सबका विकास की नीति पर चल रहे थे तब तक हम सब साथ में थे। भाजपा सरकार अपनी नीतियों झूठे वादों के चलते संगठित समाज को बांटने का तथा आपसी सौहार्द को बिगाड़ने वाला कानून लाकर सभी भाजपा कार्यकताओं का दिल दुखाया है जिससे हम लोग अपना अपना त्यागपत्र देकर यूजीसी कानून का विरोध कर रहे हैं। बबलू मिश्रा, अवधेश, रजनीश मिश्रा, विशाल आदि भाजपा पदाधिकारीयों ने अपने पदों से त्यागपत्र दिया है।

## जिला स्तरीय पाक कला प्रतियोगिता में रसोईया तारा देवी रहीं प्रथम

मीरजापुर। पीएम पोषण योजना के तहत मंगलवार को नगर पालिका के कंपोजिट विद्यालय श्रीरानी कर्णावती परिसर में जिला स्तरीय रसोईया पाक कला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद प्रतिभागी रसोइयों ने स्कूलों में बनने वाले विभिन्न व्यंजन बनाकर अपनी प्रतिभा दिखाई। इस दौरान प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त रसोइयों को पुरस्कृत किया गया। जिसमें कंपोजिट विद्यालय शाहपुर चौसा की रसोईया श्रीमती तारा देवी ने जनपद स्तरीय रसोईया पाक कला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान श्रीमती नेबुला देवी प्राथमिक विद्यालय केवटावीर एवं तृतीय स्थान श्रीमती सुमित्रा देवी कंपोजिट विद्यालय घाटमपुर ने प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार वर्मा, जिला समन्वयक एमडीएम रविन्द्र मिश्रा, खंड शिक्षा अधिकारी नगर रविंद्र शुक्ला, राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका श्रीमती शीला सिंह समेत समस्त गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## युवक फांसी पर झूला

जौनपुर। शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के खुरचनपुर निवासी एक युवक किसी बात से खफा होकर फांसी पर झूल गया। बताते है कि राजेश कुमार बिन्द का 26 वर्षी पुत्र सूर्यभान बिन्द मंगलवार की रात किसी बात से नाराज होकर अपनी जीवन लीला समाप्त करली। सूर्यभान को रात 10 बजे बजे खाना खाने के लिए घर वालों ने बुलाया तो वह बोला नहीं और दरवाजा भी नहीं खोला। खिड़की से झांकर घर वालों ने देखा कि रोशनदान में गमछा के सहारे झूल रहा है। आनंन फानन में घर वालों ने दरवाजा तोड़ा शव को नीचे उतारकर अपने निजी वाहन जिला अस्पताल जिला लाया जहां पर डॉक्टरों ने उसे देखते हैं उसे मृत घोषित कर दिया।

# नारकोटिक्स आधारित दवाओं का लेखा जोखा रखें

जिला संवाददाता(vol)

- अवैध रूप से नशीली दवाओं, ड्रग्स, कप सीरप की बिक्री के प्रभावी रोकथाम हेतु मेडिकल की दुकानों का किया गया औचक निरीक्षण
- डीएम ने जिला स्तरीय नारकोटेक्स समिति की बैठक की समीक्षा के दौरान अधिकारियो को दिए निर्देश

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय नार्को-आर्डिनेशन सेंटर समिति की बैठक आहूत कर नशीले पदार्थो की तस्करी, दुरूपयोग, बिक्री को रोकने के दृष्टिगत सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित विभागो को निर्देशित करते हुए कहा कि आपसी समन्वय स्थापित करते हुए मादक पदार्थो की तस्करी के तरीको, संदिग्ध व्यक्तियों, संदिग्ध स्थलों का चिन्हांकन करते हुए अर्न्तविभागीय अभिसूचनाओं का आदान प्रदान कर नियमानुसार आवश्यक प्रर्वतन की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अवैध कच्ची शराब के निर्माण, लकड़ी व अन्य संदिग्ध वस्तु के अवैध परिवहन की चेकिंग, प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा अर्न्त प्रांतीय सीमावर्ती वन क्षेत्रो में चेकिंग की कार्यवाही निरंतर कराई जाए। कर्मचारियों द्वारा रात्रि में पेट्रोलिंग कराया जाए तथा आकस्मिक स्थिति से निपटने हेतु पुलिस विभाग, वन विभाग व आबकारी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी ने जनपद में विशेषकर युवा पीढ़ी में नशीली दवाओं के सेवन एवं ड्रग्स के दुष्प्रभाव के सम्बंध में नशा विरोधी व नशामुक्त अभियान के अन्तर्गत जिला मद्य निषेध अधिकारी के द्वारा स्कूलों में या लोगों के बीच गोष्ठियां आयोजित कर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि अवैध रूप से दवाओं, ड्रग्स, कप सीरप व अन्य मादक पदार्थो की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाए जाने के दृष्टिगत अभियान चलाकर मेडिकल की दुकानों के निरीक्षण हेतु अनवरत प्रर्वतन की कार्यवाही किया जाए। यदि कोई दुकानदार जिसका लाइसेंस के चिन्हित स्थान से अलग जगह पर दुकान चला रहा है अथवा भंडारण कर रहा है ऐसी दुकानों का लाइसेंस निरस्त करने के सम्बंध में कड़ी कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि मेडिकल की दुकानो का निरंतर औचक निरीक्षण करते हुए नारकोटिक्स आधारित दवाओं का विक्रेताओं से पृथक लेखा जोखा रखा जाए।

पर्यटन स्थलों पर मादक द्रव्यों के सेवन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु अभियान चलाकर निरोधात्मक कार्यवाही करने का निर्देश अपर पुलिस अधीक्षक नक्सल को दिया गया। आबकारी विभाग को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी पंचायत चुनाव व अगले वर्ष विधान सभा चुनाव के दृष्टिगत शराब, मादक पदार्थ की दुकानों की चेकिंग की जाए नियत साइज में पोस्टर लगाया गया हो परन्तु मुख्य मार्ग, हाइवे पर मादक पदार्थ के बिक्री के लिए कोई दुकान न रहे और न ही बिक्री के सम्बंध में दुकान की संकेतक, साइन बोर्ड भी नहीं होना चाहिए। जिलाधिकारी ने आबकारी विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद के रजिस्टड्र होलसेलर, रिटेलर मादक पदार्थो के दुकानो की सूची पुलिस अधीक्षक को उपलब्ध कराई जाए तथा पुलिस अधीक्षक के माध्यम से उसकी गहन चेकिंग आदि भी कराई जाए। बैठक में जनपद स्तर पर एनडीपीएस एक्ट में की गई कार्यवाही कुल बरामदगी, विवेचनाओं का निस्तारण, न्यायालय द्वारा निर्णित मुकदमें निरोधात्मक कार्यवाही पंजीकृत अभियोग, विवेचनाओं के निस्तारण न्यायालय में लम्बित मुकदमे आदि की बिन्दुवार विस्तृत समीक्षा की गई।

## सरकार के प्रयास से मीरजापुर में वज्रपात से मौतों में आई कमी

मीरजापुर। योगी सरकार प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं से जनहानि को न्यूनतम करने की दिशा में लगातार ठोस और वैज्ञानिक कदम उठा रही है। इसी के तहत मीरजापुर में ह्ललाइटनिंग रेज़िलिएंसीह्व यानी आकाशीय बिजली से सुरक्षा की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया। योगी सरकार के इस कदम से मीरजापुर में आकाशीय बिजली से होने वाली मौतों में 50 प्रतिशत की कमी दर्ज की गयी, वहीं इसे न्यूनतम और शून्य करने की दिशा में काम किया जा रहा है। योगी सरकार का लाइटनिंग रेज़िलिएंसी मॉडल देश के लिए एक मॉडल के रूप में उभर कर सामने आया है। बता दें कि मीरजापुर देश के सबसे अधिक बिजली प्रभावित क्षेत्रों में शामिल है। यूपीएसडीएमए एवं राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा जनपद मीरजापुर को आधुनिक तकनीक, प्रशिक्षण और जागरूकता अभियान से किया गया मजबूत जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मीरजापुर (डीडीएमए) के अध्यक्ष, जिलाधिकारी मीरजापुर पवन कुमार गंगवार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सत्ता संभालने के बाद प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली मौतों को हर हाल में रोकने और न्यूनतम करने के निर्देश दिये थे। ऐसे में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूपीएसडीएमए) को आधुनिक तकनीक, प्रशिक्षण और जागरूकता अभियानों के साथ मजबूत किया गया। मीरजापुर में लाइटनिंग मिटिगेशन प्रोजेक्ट इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। इसी का परिणाम है कि वर्ष 2024-25 और वर्ष 2025-26 में अब तक आकाशीय बिजली गिरने से मौतों की संख्या घटकर 14 रह गई, जबकि वर्ष 2019 में 30, वर्ष 2020 में 28, वर्ष 2021 में 23 और वर्ष 2022 में 30 लोगों की मौत बिजली गिरने से हुई थी।

## खराब ट्रांसफार्मर बदलने के प्रकरण का हो निस्तारणः आयुक्त

आजमगढ़। मण्डलायुक्त विवेक की अध्यक्षता में मंडलायुक्त सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विकास कार्यों की माह दिसंबर 2025 की शासन स्तर से जारी ग्रेडिंग/रैंकिंग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा करते हुए आयुक्त महोदय ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि तत्परता से त्वरित कार्रवाई करते हुए रैंकिंग एवं ग्रेडिंग में सुधार लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति में विशेष सावधानी रखें तथा किसी भी अपात्र व्यक्ति को छात्रवृत्ति का लाभ न दिया जाए। उन्होंने कहा कि छात्रों की उपस्थिति का सत्यापन सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी अपात्र छात्र को छात्रवृत्ति न मिलने पाए। उन्होंने समाज कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण के मंडलीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति/ जनजाति के छात्रों को दशमोत्तर छात्रवृत्ति में विशेष ध्यान दें, जिससे रैंकिंग एवं ग्रेडिंग और अच्छी हो। आयुक्त ने कहा कि कन्या सुमंगला योजना के लंबित आवेदनों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। मंडलायुक्त ने कहा कि एकीकृत बागवानी के अंतर्गत आए हुए आवेदन के सापेक्ष शत प्रतिशत अनुमोदन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि योजनांतर्गत जो आवेदन अभी तक लंबित हैं, उसको तत्काल खत्म करें। विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त महोदय ने कहा कि खराब ट्रांसफार्मर को बदलने वाले आवेदनों को स्वीकृत करते हुए उसका तत्काल निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग से संबंधित किसी भी प्रकार का कोई आवेदन लंबित न रहे। उन्होंने कहा कि विद्युत बिल में सुधार हेतु आने वाले आवेदन, जो अभी तक लंबित हैं, उस पर तत्परता से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि विद्युत बिल में सुधार हेतु आने वाले आवेदन किसी भी दशा में बियोंड टाइम न होने पाए। प्रधानमंत्री आवास एवं मुख्यमंत्री आवास की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने कहा कि जिन लोगों को अंतिम किस्त का भुगतान किया जा चुका है, उनके भवनों का निर्माण कार्य समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें तथा पहली एवं दूसरी किस्त पाने के बाद लाभार्थियों के भवन की प्रगति को देखते हुए तीसरी किस्त भी जारी करने की कार्रवाई सुनिश्चित किया जाए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त महोदय ने कहा कि एंबुलेंस 102 और 108 के औसत समय में सुधार लाना सुनिश्चित करें। मण्डलायुक्त ने कहा कि व्यक्तिगत शौचालय निर्माण को जीरो पॉवर्टी अभियान के अंतर्गत सुनिश्चित कराया जाए। सामाजिक वानिकीकरण की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने कहा कि विभागवार सुनिश्चित किया जाए कि जो पौधे लगाए गए हैं, वह शत प्रतिशत जीवित रहें। उन्होंने कहा कि उच्च प्राथमिकता से जो पौधे जीवित नहीं है, उनको सामाजिक वानिकी विभाग से समन्वय स्थापित कर रिप्लेस करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान एवं खंड शिक्षा अधिकारी आपस में समन्वय कर विद्यालय में जो भी आवश्यक आवश्यकता है, उसको पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही मण्डलायुक्त द्वारा कन्या विवाह, ओडीओपी टूल किट वितरण योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, पारिवारिक लाभ योजना, सेतुओं का निर्माण, सड़कों का अनुरक्षण, आईसीडीएस, कन्या सुमंगला योजना एवं अन्य विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसके साथ ही मंडलायुक्त ने पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान में जनपद आजमगढ़ को दूसरा स्थान प्राप्त होने पर जिलाधिकारी को बधाई दी।

## मंडलीय कानून व्यवस्था की समीक्षा, कसे पेंच



आजमगढ़। मंडलायुक्त विवेक की अध्यक्षता में मंडलायुक्त सभागार आजमगढ़ में पुलिस उप महानिरीक्षक सुनील कुमार सिंह की उपस्थिति में मंडलीय कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मण्डलायुक्त ने एलआईयू के अधिकारियों को संदिग्ध व्यक्तियों का चिन्हीकरण करने एवं अचानक अमीर हुए व्यक्तियों के संबंध में जानकारी प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों के निर्माण एवं पुनर्निर्माण, जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा धन लगाया जा रहा है, उसके संबंध में जानकारी प्राप्त करें तथा अवगत कराते रहें। उन्होंने कहा कि ऐसे संदिग्ध लोगों पर भी नजर रखें, जो अक्सर पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल या अन्य देशों की यात्रा करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे नागरिक जो विलुप्त हो गए हैं, उसकी समीक्षा कर उनके संबंध में जानकारी एकत्र करें। मंडलायुक्त ने कहा कि बांग्लादेशी नागरिक, रोहिंग्या या जो अवैध तरीके से बसे हैं, उन पर नजर रखें तथा चिन्हित कर उन पर आवश्यक कार्रवाई भी करना सुनिश्चित करें। पुलिस उपमहानिरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने कहा कि आगामी कुछ महीनो में पंचायत के चुनाव हो सकते हैं, इसलिए निगरानी करते रहें।

बैठक में जिलाधिकारी आजमगढ़ रविन्द्र कुमार, जिलाधिकारी बलिया मंगला प्रसाद सिंह, जिलाधिकारी मऊ प्रवीण मिश्र, पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ डॉ अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक बलिया श्री ओमवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक मऊ ईलामारन, एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण

सोनभद्र। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनपद मुख्यालय स्थित अम्बेडकर स्थल पुसौली पर भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण भव्य समारोह के दौरान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धम्म शिक्षण केंद्र सारनाथ वाराणसी के संस्थापक भिक्षु चन्दिमा थेरो विशिष्ट अतिथि एससी-एसटी कर्मचारी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरिराम राणा, प्रदेश संरक्षक कनौजिया विनोद बुद्धिराम,रामविरज रावत, संगठन मंत्री हीरालाल, लल्लन कोषाध्यक्ष विरेन्द्र कुमार, सेवानिवृत्त अधिशासी अभियंता एसपी राम , सेवानिवृत्त सहायक आयकर आयुक्त पी राम समेत अन्य अतिथियों ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति का अनावरण किया। इस दौरान आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब डाक्टर भीमराव अंबेडकर एक दूरदर्शी नेता, समाज सुधारक और भारतीय संविधान के निमार्ता थे। उन्होंने न सिर्फ सामाजिक भेदभाव और आर्थिक कठिनाइयों को पार किया बल्कि भारत में समानता और न्याय के प्रतीक भी बने, उन्होंने भारतीय समाज के साथ-साथ संपूर्ण विश्व में जहां कहीं भी विषमतावादी भेदभाव या छुआछूत मौजूद था, ऐसे समस्त समाज को दमन, शोषण तथा अन्याय से मुक्त करने के लिए कार्य किया, आज हम सभी को उनके दृष्टिकोण और जीवन-संघर्ष से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता एससी एसटी कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष आर सी सरोज व संचालन महामंत्री राजेंद्र प्रसाद ने किया।

## शिक्षा को लेकर जागरूक बने अभिभावकः अमरेश सिंह

जिला संवाददाता(vol)



जफराबाद। अभिभावकों को अपने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजना चाहिए। शिक्षा के प्रति जागरूक रहना चाहिए। यह बातें बुधवार को स्थानीय कस्बे में स्थित प्राथमिक विद्यालय में निपुण भारत अभियान के सफल क्रियान्वयन एवं लक्ष्य प्राप्त हेतु आयोजित शिक्षा चौपाल में बतौर मुख्य अतिथि बीईओ सिरकोनी अमरेश कुमार सिंह ने कही। उन्होंने अपने संबोधन में अभिभावको से कहा कि आप बच्चों को कभी शिक्षा से विमुख नही होने दे। इसके अलावा सरकार से प्राप्त अनुदान से बच्चों को ड्रेस जूता मोजा स्वेटर खरीद कर बच्चों को अवश्य दें।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा की अध्यापकों के साथ-साथ अभिभावक की भी जिम्मेदारी होती है कि वह अपने बच्चों का उचित देखभाल करें और देखें कि हमारा बच्चा क्या पढ़ रहा है तथा विद्यालय में कितना पढ़ाया गया है और उसे कितना आता है। कार्यक्रम में अपने सम्बोधन में लक्ष्मीकांत सिंह ने कहा जब तक अभिभावक अपने बच्चों के प्रति सचेत नहीं होंगे तब तक बच्चों में शिक्षा की गुणवत्ता नहीं आ पाएगी द्य कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापिका श्रीमती छाया सिंह ने किय निवेदिता श्रीवास्तव मालविका सिंह अंजू सिंह नीता पाल, भरतलाल बरनवाल,संगीता मौर्य और मीना बरनवाल आदि उपस्थित रहे।

## काउंटर तोड़कर निकाले 25 हजार

आजमगढ़। जनपद के जहानागंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सेमा बाजार में दिनदहाड़े उचक्कागिरी की सनसनीखेज घटना सामने आई है। बेखौफ उचक्कों ने किराना दुकान को निशाना बनाते हुए काउंटर तोड़कर 25 हजार रुपये नगद पर हाथ साफ कर दिया और मौके से फरार हो गए। पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सेमा बाजार निवासी संजय यादव की किराना दुकान है। मंगलवार 27 जनवरी को दोपहर करीब 12 बजे संजय यादव किसी काम से कुछ समय के लिए दुकान से बाहर चले गए थे। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल दुकान के सामने आकर रुकी, जिस पर सवार दो युवकों में से एक युवक बाइक से उतरकर सीधे दुकान के अंदर घुस गया। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि युवक ने पहले बाहर-भीतर की स्थिति को परखा, फिर झटके से काउंटर तोड़कर उसमें रखी करीब 25 हजार रुपये की नगदी निकाल ली और बाहर निकलकर अपने साथी के साथ बाइक से फरार हो गया। पूरी घटना इतनी तेजी से हुई कि अगल-बगल की दुकानों पर बैठे लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगी। जब दुकानदार वापस लौटा तो काउंटर टूटा हुआ और नगदी गायब देख वह सन्न रह गया। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिसमें पूरी घटना रिकॉर्ड मिली। मामले की सूचना तत्काल 112 पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल कर वापस लौट गई। पीड़ित दुकानदार द्वारा थाने में तहरीर भी दे दी गई है। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी युवक की पहचान और तलाश में जुटी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उक्त युवक को पहले कभी सेमा बाजार में नहीं देखा गया था, जिससे उसके बाहरी होने की आशंका जताई जा रही है।

## यूजीसी को लेकर मुखर हुई रणवीर सेना

आजमगढ़। यूजीसी में लागू होने वाले नये नियमों को लेकर रणवीर सेना आजमगढ़ की ओर से राष्ट्रपति को जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भेजा गया। संगठन के अध्यक्ष सुधीर कुमार पाठक ने राष्ट्रपति से इस मामले में हस्तक्षेप कर न्यायोचित निर्णय लेने की मांग की। ज्ञापन में कहा कि जातिगत, धार्मिक, रंग-भेद, नस्लीय, लिंग आधारित एवं दिव्यांगता आधारित भेदभाव किसी भी नागरिक के साथ हो सकता है, इसलिए ऐसा कानून किसी वर्ग तक सीमित न रहकर भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए समान रूप से लागू होना चाहिए। रणवीर सेना ने ज्ञापन में संविधान के अनुच्छेद 14 का हवाला देते हुए कहा कि यह अनुच्छेद सभी नागरिकों को समानता और कानून के समान संरक्षण की गारंटी देता है। इसके बावजूद सवर्ण वर्ग को समानता समिति का सदस्य न बनाना तथा सामान्य वर्ग को शोषित वर्ग की सूची से बाहर रखना संविधान की मूल भावना और अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है। संगठन ने इसे भेदभावपूर्ण व्यवस्था करार दिया। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि यदि किसी मामले में शिकायत झूठी पाई जाती है, तो झूठी शिकायत करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध जुमार्ना या सजा का स्पष्ट प्रावधान होना चाहिए। साथ ही रणवीर सेना ने जाति के आधार पर कानून निर्माण का विरोध करते हुए सभी नागरिकों के लिए समान कानून लागू करने की अपील की।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन

सोनभद्र। 77 वां गणतंत्र दिवस के अवसर पर जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय रॉबर्ट्सगंज में देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम कक्षा-6 छात्राएं श्रेया, सरस्वती



एवं रागिनी ने ह्लओ माए तेरे मिट्टी बुलाएह्व व कक्षा-7 की रिद्धिमा, प्रिया, प्रिया कुमारी, आरती एवं अनुष्का ने सुनो गौर से दुनिया वालों गीत पर भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित सभी लोगों को भावुक कर दिया। प्रधानाचार्या कल्पना सिन्हान/वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे देश का बहुत ही पवित्र राष्ट्रीय त्योहार है। इसी दिन हमारे देश में संविधान लागू हुआ था। जिसके अनुसार देश की कार्यपालिका, विधायिका व न्यायपालिका कार्य करती है। इससे पूर्व देश पर अंग्रेजों व मुगलों का शासन रहा है। इसमें भारतीय गुलामी का जीवन व्यतीत करते थे। कहा कि आज हम पूरी तरह से स्वतंत्र हैं। छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी व गणतंत्र का सदुपयोग तभी होगा जब बच्चे अच्छी शिक्षा ग्रहण कार्यपालिका, विधायिका व न्यायपालिका में अच्छी जगह पर कार्य करेंगे। शिक्षा प्राप्त करके ही राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं। यह सम्पूर्ण कार्यक्रम प्रधानाचार्या कल्पना सिन्हा के कुशल संयोजन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय कीअध्यापिकासाधना यादव,हेमलता मिश्रा,वंदना मौर्य,शिल्पी श्रीवास्तव,वंदना सिंह,सुषमा,पूनम, सपना पटेल,पिंकल सिंह,आकांक्षा,किरण देवी,रश्मि शिखा नागम,नूरुस्सबा,जोहरा फातिमा,पूजा गौतम,शिखा,रेखा शुक्ला,रूपम,सेजल का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन कुसुम यादव ने किया। इस दौरान तमाम अभिभावकगण मौजूद रहे।

## विमान हादसे में जौनपुर की पिंकी माली की मौत



जौनपुर। बुधवार की सुबह हुए भीषण विमान हादसे में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार समेत पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। हादसे में जौनपुर निवासी फ्लाइट अटेंडेंट पिंकी माली की भी मृत्यु हो गई, जिससे जिले में शोक की लहर दौड़ गई है। ज्ञात हो कि पिंकी माली केराकत तहसील के भैंसा गांव की मूल निवासी थीं। अपना दल के राष्ट्रीय सचिव पप्पू माली ने बताया कि पिंकी माली के पिता शिवकुमार माली राष्ट्रवादी पार्टी के नेता रहे हैं। पिंकी का पूरा परिवार वर्तमान में मुंबई में निवास करता था, हालांकि पैतृक गांव भैंसा से उनका पारिवारिक जुड़ाव बना रहा और समय-समय पर उनका गांव आना-जाना होता था। हादसे की सूचना मिलते ही भैंसा गांव सहित पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल छा गया। पिंकी माली की मौत की खबर से परिजन बेसुध हैं, वहीं गांव के लोग उन्हें एक मेहनती, मिलनसार और होनहार युवती के रूप में याद कर रहे हैं, जिसने गांव और जिले का नाम रोशन किया था।

# सरकार की प्राथमिकता, विकास योजनाएं धरातल पर उतरेंः राज्य मंत्री



सोनभद्र। ओबरा क्षेत्र के विकास इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया, ओबरा में निर्मित अत्याधुनिक भवन का लोकार्पण बुधवार कोसमाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गौड़ द्वारा पूरे विधि-विधान, पूजा अर्चना, फीता काटकर शीलापट्ट का अनावरण करके भव्यता के साथ किया गया। समारोह में जनसैलाब उमड़ पड़ा और पूरा वातावरण विकास, उत्साह और उल्लास से भर गया। लोकार्पण समारोह के अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मंत्री श्री गौड़ ने कहा कि यह भवन केवल ईंट-पत्थर की संरचना नहीं, बल्कि ओबरा की प्रगति और उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि विकास योजनाएं धरातल पर उतरें और आमजन को सीधे लाभ मिले। यह भवन क्षेत्रवासियों को बेहतर प्रशासनिक एवं जनसुविधाएं प्रदान करेगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की मुख्यमंत्रीयोगी आदित्य नाथ के नेतृत्व में जनपद का चैमुखी विकास हो रहा है, मुख्यमंत्री ने 4 सितम्बर, 2020 को ओबरा तहसील की सौगात जनपद को दी थी और जो अपने भवन में न होकर अन्यत्र भवन में संचालित हो रही थी, प्रदेश सरकार द्वारा जनपद सोनभद्र के तहसील भवन हेतु 965.34 लाख धनराशि आवंटित किया गया, जिससे नये तहसील भवन का निर्माण 02 जून,2025 को प्रारंभ हो गया और अति तीब्र गति से भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया और आज यह तहसील भवन बनकर तैयार हुआ है, जिसका लोकार्पण आज किया जा रहा है, सभी प्रशासकीय कार्यों का संचालन अब इसी भवन से होगा। तहसील ओबरा के अनवासीय भवन का भी आज शिलान्यास किया गया, जो शीघ्र बनकर तैयार होगा और अधिकारियों व कर्मचारियों को रहने में सुविधा उपलब्ध होगी। इस नये भवन के सचालन से प्रशासनिक कार्य में तेजी आयेगी, आम जनता को एक ही परिसर में राजस्व व न्यायिक सुविधा उपलब्ध होगी। जिलाधिकारी बीएन0 सिंह ने कहा कि ओबरा तहसील के लिए आज हर्ष का विषय है कि तहसील का अनावासीय भवन बनकर तैयार हुआ है, जिसका लोकार्पण आज किया जा रहा है, इस तहसील के भवन का शिलान्यास मुख्यमंत्रीयोगी आदित्यनाथ द्वरा 16 जनवरी,2025 को किया गया था, जो शीघ्र गति से कार्य करते हुए आज बनकर तैयार हुआ है, इस भवन में 3 बड़े हाल का निर्माण किया गया है। तहसील में आने वाले बुजुर्गो, दिव्यागों और दूर-दूराज से आने वाले ग्रामीणों के लिए बैठक की सुविधा उपलब्ध रहेगी। आय, जाति, निवास प्रमाण-पत्र, खतौनी और जमीन सम्बन्धी समस्याओं का निस्तारण अब एक ही स्थान से हो पायेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता, उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग जीत सिंह खरवार ने भी अपने विचार व्यक्त किये, उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्रीयोगी आदित्य नाथ के नेतृत्व में प्रदेश व जनपद का विकास हो रहा है और नये-नये प्रशासनिक भवन बनकर तैयार हो रहे हैं, जिसमें आमजन को बेहतर सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, सीजेएम आर0 के0 अग्रवाल, सुहेल देव पार्टी के अध्यक्ष पंकज देव पाण्डेय, निषाद पार्टी के अध्यक्ष अनिकेत निषाद, जिला पंचायत सदस्य के प्रतिनिधि संजीव तिवारी, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) वागीश कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) रोहित यादव, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, ब्लाक प्रमुख म्योरपुर मानसिंह गौड़, सोनभद्र बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, सोनांचल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, अध्यक्ष कपूर चन्द्र पाण्डेय सहित सम्मानित जनप्रतिनिधिगण, अधिवक्तागण, अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## पति,सास व ससुर को 10 वर्ष का कारावास

सोनभद्र। करीब साढ़े 6 वर्ष पूर्व हुए किरन सोनकर उर्फ रेनू हत्याकांड के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी/सीएडब्लू, सोनभद्र अर्चना रानी की अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी पति, सास व ससुर को 10-10 वर्ष का कठोर कारावास व 35-35 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6-6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक मृतका किरन सोनकर उर्फ रेनू के पिता श्यामलाल सोनकर पुत्र स्वर्गीय राम किसुन सोनकर निवासी चकिया, थाना चकिया, जिला चंदौली ने 20 मई 2019 को रॉबर्ट्सगंज कोतवाली में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसने अपनी बेटी किरन सोनकर उर्फ रेनू की शादी 14 दिसंबर 2015 को धरम सोनकर पुत्र मिश्रीलाल निवासी चुर्क, थाना रॉबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र के साथ किया था। बेटी विदा होकर ससुराल गई तो उसका पति धरम सोनकर, सास लक्षन देवी, ससुर मिश्रीलाल व जेठ- जेठानी द्वारा चार चक्के की गाड़ी की मांग की जाने लगी और बेटी को आए दिन प्रताड़ित किया जाने लगा। जब बेटी ने इस बात की जानकारी दी तो सम्भ्रांत लोगों की मौजूदगी में सुलह समझौता भी कराया गया और बेटी अपने मायके आ गई। दो माह बाद पुनः बेटी ससुराल गई, लेकिन कोई बदलाव नहीं आया। इसकी जानकारी उसे बेटी ने करीब 4 माह पूर्व फोन करके दी थी कि उसे दहेज में चार चक्के की गाड़ी की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा है। 20 मई 2019 को सुबह 8 बजे फोन पर सूचना मिली कि बेटी ज्यादे सीरियस है। जब ससुराल पहुंचा तो बेटी की मौत हो गई थी। देखने से शरीर पर कई चोट के निशान और जले का निशान भी पैर में था। जिससे पूर्ण विश्वास है कि दहेज के लिए बेटी की हत्या कर दी गई है। रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करें। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी पति धरम सोनकर, सास लक्षन देवी व ससुर मिश्रीलाल को 10-10 वर्ष की कठोर कैद व 35-35 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6-6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील सत्यप्रकाश त्रिपाठी ने बहस की।

## दिव्यांग बच्चों ने प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम

जौनपुर। हर्षिता इंटरनेशनल दिव्यांग स्कूल बक्शा में दिव्यांग बच्चों के बीच मुख्य अतिथि किन्नर समाज की गुरु मां विश्व हिंदू महासंघ की जिला अध्यक्ष काजल सिंह विशिष्ट अतिथि डॉ बृजेश कनौजिया व डॉ उत्तम गुप्ता रहे। मुख्य




अतिथि द्वारा झंडारोहण किया गया इसके बाद सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन किया गया संस्थान प्रबन्धक विनोद कुमार माली के द्वारा अतिथियों को अंग वस्त्र बैच अलंकरण माला पहनकर स्वागत किया। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला ने बच्चों को एम आर कीट वितरण किया। दिव्यांग बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सिकंदर गिरी, डॉ साधना मौर्या अनीता ,अल्पसंख्यक अधिकारी का स्वागत अंग वस्त्र बैच अलंकरण माला पहनकर किया गया। दिव्यांग बच्चों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। रवि द्विवेदी अश्वनी तिवारी मनीष सिंह अभिषेक सिंह पिंटू यादव यादव राम अवतार माली मंटू यादव प्रमोद दुबे सोनम यादव मनोज माली मंजू प्रजापति नंदिनी विश्वकर्मा वंदना शिवम सैनी शुभम माली व बच्चों उनके अभिभावक उपस्थित रहे। डॉ प्रमोद कुमार सैनी ने किया।

संक्षेप

## चार दिन पुराने हत्याकांड का खुलासा

सीतापुर। जनपद के सिधौली थाना क्षेत्र में चार दिन पूर्व कूड़ा डालने को लेकर हुए सगे भाइयों के विवाद में हुई हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। घटना के बाद से फरार चल रहे हत्यारोपी बड़े भाई को सिधौली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। क्षेत्राधिकारी सिधौली कपूर कुमार के नेतृत्व में थाना सिधौली पुलिस टीम ने 25 जनवरी 2026 को दर्ज मुकदमे के तहत वांछित अभियुक्त विजय पुत्र इन्द्रपाल, निवासी ग्राम लक्षिमनपुर को गांव के बाहर स्थित मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि 24 जनवरी 2026 को घर के सामने खाली पड़ी जमीन पर कूड़ा डालने को लेकर उसका अपने छोटे भाई इन्द्रपाल से विवाद हो गया था। कहासुनी के दौरान गुस्से में आकर उसने पास में पड़ी ईंट से भाई के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान इन्द्रपाल की मौत हो गई थी। पुलिस ने अभियुक्त की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल ईंट बरामद कर ली है। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## मरीजों को बांटे फल

उन्नाव। जिला अस्पताल में स्वास्थ्य कर्मचारी अनूप भारती ने मरीजों और उनके तीमारदारों को फल वितरण कर एक अत्यंत सराहनीय और मानवीय कार्य किया है। इस अवसर पर स्वास्थ्य कर्मी अनूप भारती ने मरीजों को बेहतर देखभाल की प्रतिज्ञा लेते हुए फल बांटे जो कि उनके स्वास्थ्य और खुशी के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है। यह आयोजन गणतंत्र दिवस माह के रूप में किया गया, जिसमें शामिल होकर मरीजों को भी खुशहाली का अहसास कराया गया।

## वॉलीबाल टूर्नामेंट आज

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय कस्बे में आगामी 29 जनवरी को विशाल बॉलीबाल टूर्नामेंट का आयोजन होगा। उक्त जानकारी स्वामी विवेकानन्द बालीबाल क्लब के संरक्षक सन्तकुमार त्रिवेदी ने देते हुए बताया है कि आगामी 29 जनवरी गुरुवार को कस्बा फतेहपुर चौरासी के स्वामी विवेकानन्द बालीबाल खेल मैदान में अन्तर्जनपदीय बालीबाल टूर्नामेन्ट का आयोजन किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से बालीबाल टीमें प्रतिभाग करेंगी। उन्होने बताया कि लखनऊ, रायबरेली, कानपुर नगर, सीतापुर, आदि जनपदों सहित लखनऊ स्टेडियम, उन्नाव स्टेडियम, कानपुर स्टेडियम की टीमों को आमन्त्रित किया गया है। इस टूर्नामेंट में जनपद के तमाम पूर्व बॉलीबाल खिलाड़ी उपस्थित रहेंगे।

## शिक्षक रवि चौरसिया का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

उन्नाव। जनपद के विकास खंड हसनगंज स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय बेहरौली, जहाँनपुर में कार्यरत शिक्षक रवि चैरसिया को एक बड़ी उपलब्धि मिली है। उनका चयन अंडर 17 बॉयज नेशनल कराटे चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश टीम के कोच के रूप में किया गया है। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता पुणे (महाराष्ट्र) में आयोजित की जाएगी, जहाँ देशभर से चयनित खिलाड़ी और कोच भाग लेंगे। रवि चैरसिया के कोच के रूप में चयन से न केवल उन्नाव जनपद बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश का नाम रोशन हुआ है। रवि चैरसिया लंबे समय से कराटे उन्नाव प्रेसिडेंट का कार्य भार सम्भला है कराटे प्रशिक्षण और खेल गतिविधियों से जुड़े हुए हैं। उनके मार्गदर्शन में कई खिलाड़ियों ने जिला व राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उनके चयन पर शिक्षा विभाग, खेल प्रेमियों, सहकर्मियों और स्थानीय लोगों में हर्ष का माहौल है। कराटे एसोसिएशन ऑफ उन्नाव के जनरल सेक्रेटरी अंकित कुमार व तहसील प्रभारी धर्मेश प्रताप सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष दिलीप लश्करी, ब्लाक प्रमुख प्र रवि प्रताप सिंह व विद्यालय परिवार और क्षेत्रवासियों ने उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए आशा व्यक्त की है कि उनके कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की टीम राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करेगी।

# उन्नाव में शिक्षामित्र की हत्या से मचा हड़कंप

जिला संवाददाता(vol)

असोहा, उन्नाव (वीओएल)। असोहा थाना क्षेत्र के गोकुलपुर गांव में मंगलवार रात एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में लगभग 20 वर्षों से कार्यरत महिला शिक्षामित्र श्रीकांति (39) पत्नी ओमकार रावत की अज्ञात हमलावर ने सीने में सामने से गोली मारकर हत्या कर दी। गोली की आवाज सुनकर परिजनों की नींद खुली, तब तक श्रीकांति खून से लथपथ हालत में चारपाई पर दम तोड़ चुकी थीं।

घटना रात करीब एक बजे की बताई जा रही है। मृतका की 13 वर्षीय बेटी रिया ने बताया कि उसकी मां लघुशंका के लिए उठी थीं। इसी दौरान अचानक गोली चलने की आवाज आई। शोर सुनकर घर के लोग जागे तो चारपाई पर श्रीकांति का शव खून से सना पड़ा था। आनन-फानन में पड़ोस में रहने वाले जेठ राजेंद्र मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना असोहा पुलिस मौके पर पहुंची। रात में ही एसपी जयप्रकाश सिंह, सीओ तेज बहादुर सिंह और



एसओ फूल सिंह ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। घर के अंदर और बाहर से साक्ष्य जुटाए गए। मृतका के पति ओमकार रावत की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या की एफआईआर दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। श्रीकांति गांव के स्कूल में लंबे समय से शिक्षामित्र थीं और सरल स्वभाव के कारण क्षेत्र में जानी जाती थीं। परिवार में पति और बेटी रिया गांव में रहते हैं, जबकि बड़ा बेटा रौनक अचलगंज थाना क्षेत्र के कोरारी कला गांव में नाना के यहां रहकर पढ़ाई करता है। मृतका के पति खेती-किसानी करते हैं। परिजनों का कहना है कि किसी से कोई खुला विवाद नहीं था, जिससे हत्या की वजह और रहस्यमयी हो गई है। मामले में पुलिस को तब और उलझन हुई, जब बेटी रिया ने जांच के दौरान दो बार अपने बयान बदले। पहले उसने कहा कि मां बाथरूम से लौट रही थीं और तभी सामने से गोली मारी गई तथा उसने हमलावर को भागते हुए देखा। बाद में उसने बताया कि गोली की आवाज सुनकर जब उसकी आंख खुली तो धुंधलापन था और स्पष्ट कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। बयानों में इस तरह के विरोधाभास के बाद पुलिस हर पहलू को खंगालने में जुट गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, परिजनों से जुड़े हर एंगल की भी गंभीरता से जांच की जा रही है। थानाध्यक्ष फूल सिंह ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के साथ-साथ तकनीकी व पारिवारिक पहलुओं पर जांच जारी है। गांव में घटना के बाद से दहशत और शोक का माहौल है। लोग स्तब्ध हैं कि शांत स्वभाव की शिक्षामित्र की इस तरह नृशंस हत्या आखिर किसने और क्यों की। अब पूरे गांव की निगाहें पुलिस जांच और इस सनसनीखेज हत्याकांड के खुलासे पर टिकी हैं।

## युवक ने लगाया ठगी का आरोप, लगातार मिल रहीं धमकियां

जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। नगर क्षेत्र अंतर्गत लोक नगर निवासी शुभम मिश्रा ने मुख्य चिकित्साधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की है। पीड़ित का कहना है कि सीएमओ कार्यालय के नाम पर कुछ अज्ञात व्यक्ति उनसे पैसे की मांग कर रहे हैं और न देने पर फर्जी फंसाने की धमकी दे रहे हैं।

शुभम मिश्रा के अनुसार वह मेडिकल स्टोर का संचालन करते हैं और वर्तमान में उसी से अपनी आजीविका चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि 25 जनवरी 2026 को सीएमओ कार्यालय से कॉल आने की बात कहकर उनसे संपर्क किया गया। आरोप है कि खुद को सीएमओ कार्यालय से जुड़ा बताने वाले व्यक्ति ने व्हाट्सएप कॉल और मैसेज के जरिए दबाव बना रहा है। पीड़ित ने बताया कि संबंधित व्यक्ति सीएमओ के नाम का दुरुपयोग करते हुए पैसों की मांग कर रहा है और लगातार मानसिक उत्पीड़न कर रहा है। मोबाइल नंबर 9044399245 से कॉल व व्हाट्सएप नोटिस भेजे जा रहे हैं, उसी को आधार बनाकर उन्होंने जांच की मांग की है। पीड़ित ने सीएमओ से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ताकि भविष्य में इस तरह की घटना संबन्धी पुनरावृत्ति न हो सके। प्रभारी सीएमओ ने कहा की इन जालसाजो से सावधान रहने की जरूरत है। जिला चिकित्सा विभाग के द्वारा व्हाट्सएप पर कोई भी नोटिस नहीं जारी की जाती है। ऐसा कुछ भी होता है तो विभाग में तुरंत संपर्क करें व साइबर सेल में तुरंत शिकायत करें, जिला चिकित्सा विभाग कार्यालय में कहीं पर भी किसी भी प्रकार के कार्य, नोटिस, जांच आदि का पैसा नहीं लिया जाता है। कार्यालय जल्द इन जालसाजो से सावधान रहने हेतु प्रेस विज्ञप्ति निकलवायेगी।

## तीन गाड़ियां आपस में भिड़ीं डीएम सुरक्षित, गनर घायल

सीतापुर। बुधवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा उस वक्त टल गया, जब जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर के काफिले की गाड़ियां आपस में टकरा गईं। यह हादसा उस समय हुआ जब डीएम नवाब नगर गांव के निरीक्षण के लिए जा रहे थे। काफिले में अचानक एक वाहन द्वारा ब्रेक लगाए जाने से पीछे चल रही गाड़ियां संतुलन नहीं बना सकीं और तीन वाहन आपस में भिड़ गए। हादसा लहरपुर तहसील क्षेत्र में हुआ, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। टक्कर इतनी तेज थी कि काफिले की गाड़ियों को आंशिक क्षति पहुंची। हालांकि राहत की बात यह रही कि जिलाधिकारी पूरी तरह सुरक्षित रहे। दुर्घटना के दौरान डीएम के गनर प्रदीप कुमार को चोटें आईं। मौके पर मौजूद अधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने तत्काल घायल गनर को उपचार के लिए भेजा। बताया गया है कि गनर की हालत स्थिर है और उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया है। हादसे के बाद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने मौके पर स्थिति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद उन्हें काफिले की अन्य गाड़ियों के बजाय मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) की गाड़ी से सुरक्षित रूप से जिला मुख्यालय भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात सुचारु कराया गया। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण काफिले की एक गाड़ी द्वारा अचानक ब्रेक लगाया जाना बताया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार मामले की विस्तृत जांच की जा रही है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। गनीमत रही कि यह हादसा बड़ा रूप नहीं ले सका और जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारी सुरक्षित हैं।

## विधानसभा की एसआईआर समीक्षा बैठक संपन्न

फतेहपुर क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू व जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव समेत पार्टी पदाधिकारी रहे उपस्थित पार्टी नेताओं द्वारा कार्यकर्ताओं को एसआईआर अभियान में तेजी लाने के निर्देश, भारतीय जनता पार्टी द्वारा बुधवार को विधानसभा स्तर पर गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के द्वितीय चरण में संगठनात्मक भूमिका को मजबूत करने वाली बैठकें आयोजित हुई सदरविधानसभा क्षेत्र की बैठक पूर्व विधायक विक्रम सिंह के बगिया में आयोजित हुई जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू द्वारा उपस्थित विधानसभा क्षेत्र के पार्टी पदाधिकारी वकार्यकर्ताओं को एसआईआर अभियान में तेजी लाने की बात कही गई, उन्होंने कार्यकर्ताओं को जरूरी बिन्दुओं पर कार्यक्रम में आगे बढ़ने की बात कही गई, उपस्थित जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने कहा कि हम लगातार एसआईआर अभियान में लगें हैं अब द्वितीय चरण में संगठनात्मक भूमिका को सभी के द्वारा पार्टी दिशा-निर्देश पर स्वयं से तय करनी है, बैठक में पूर्व विधायक विक्रम सिंह, नीरज सिंह, पुष्पराज पटेल, उदय लोधी, कुलदीप भदौरिया, बच्चा तिवारी, संजय लाला, शरद श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे, अयाह शाह विधानसभा क्षेत्र के गाजीपुर स्थित पंचायत भवन में आयोजित बैठक में भी उक्त नेताओं द्वारा एसआईआर गतिविधि बढ़ाने की चर्चा की गई, जहां उपरोक्त नेताओं के साथ ही अर्चना त्रिपाठी, सुरेश परमार, राममहेश निषाद, विनोद पांडेय व संजय हांडा सहित पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे, वहीं बिंदकी विधानसभा क्षेत्र की एसआईआर समीक्षा बैठक कुंवरपुर रोड़ स्थित एक गेस्टहाऊस में आयोजित हुई जिसमें क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू व जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव द्वारा उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों को मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में शामिल होकर संगठन के दिशा-निर्देश पर बढ़ने की जिम्मेदारी सौंपी गई वहीं अब तक संगठनात्मक भूमिका की बिन्दुवार समीक्षा की गई, यहां प्रमुख रूप से चैयरमैन राधा साहू, अतुल त्रिवेदी सहित सभी मंडल अध्यक्ष व पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।।

## छात्रों के हित में प्रधानमंत्री को दिया ज्ञापन




फतेहपुर। उच्च शिक्षण संस्थानों में लागू यूजीसी के नवीन नियमों को लेकर समाज में उत्पन्न भ्रांतियां के समाधान तथा समस्त छात्रों के लिए समान अवसर सुनिश्चित किए जाने के संबंध में आज शाश्वत गर्ग के नेतृत्व में भारत के प्रधानमंत्री को जिला अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया।

जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में समस्त छात्रों को समान अवसर प्रदान करना व उनके लिए सामाजिक सद्भाव की भावना से तथा योग्यता आधारित व्यवस्थाओं को सुधारण करना एक राष्ट्रीय व्यापी संव्यापी सरकार की प्राथमिकता में शामिल होता है इस क्रम में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी द्वारा हाल ही में लागू किए गए जाति आधारित भेदभाव निरोध नियमों के संबंध में समाज के विभिन्न वर्गों विशेष कर स्वर्ण छात्रों अभिभावकों एवं शिक्षकों के मध्य अनेकों भ्रांतियां आशंकाएं व सामाजिक सुरक्षा की भावना का प्रद्विभाव हो रहा है जो स्वस्थ समाज के लिए पूर्णता हानिकारक है हम आम जनों का उद्देश्य इस एक्ट के प्रावधानों को मूल रूप से सामाजिक समरसता से उत्पन्न हुए भ्रांतियां का समाधान है जो हम आम नागरिकों के संविधान में प्रदत अधिकारों में से एक है जिससे विश्वविद्यालय में व्याप्त विश्वास भाई के वातावरण से हमें निजात पाने का एक तरीका है जो निम्नवत है इस एक्ट के माध्यम से समाज में पहली भ्रांतियां को उच्च स्तर पर निस्तारण किया जाए इस एक्ट की परिभाषा शिक्षक संबंधी हो न की व्यक्तिगत प्रत्येक वर्ग के छात्रों के लिए समान अवसर सामाजिक समर सत्ता की भावना से उत्पादन हो शिकायतों के संबंध में निष्पक्ष जांच हो व किसी भी वर्ग के छात्र एवं छात्राओं के लिए समान दंड का प्रावधान हो शिक्षण संस्थान तनाव ग्रस्त ना हो जिससे छात्रों के मन में सामाजिक भेदभाव नापन पर शिक्षण संस्थानों के द्वारा ही राष्ट्र का निर्माण होता है अतः उन्हें जाति आधारित प्रयोगशाला ना बनाएं सरकार का उद्देश्य एक राष्ट्र श्रेष्ठ राष्ट्र की भावना होता है जिससे किसी को हानि पहुंच रहे हैं अतः आपसे आग्रह है कि हम आम जनों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए तत्काल यूजीसी के संबंधित नवीनतम जाति आधारित नियमों को रद्द करते हुए इसका पुनर्गठन करें व समाज के सभी वर्गों को सामान्य नियमों को दायरे में लाते हुए एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को सार्थक रूप प्रदान करें इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गया प्रसाद दुबे एवं मंत्री जितेंद्र सिंह धर्मेंद्र मिश्रा अभय सिंह अभय शुक्ला सुरेंद्र सिंह उर्फ शुभम सिद्धार्थ दुबे विजय तिवारी अजय गुप्ता मोनू लाला बम लहरी द्विवेदी कोटेश्वर शुक्ला समाजसेवी कंचन मिश्रा रुपेश तिवारी राजकिशोर मिश्रा लकी द्विवेदी सहित अनेकों अधिवक्ता मौजूद रहे।

## वकीलों ने किसानों की समस्या से एसडीएम को अवगत कराया



पुरवा, (वीओएल)। अधिवक्ताओं ने एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव को किसानों की समस्या से अवगत कराया जिसमें उन्होंने सस्ता और सुलभ न्याय प्रदान करने की मांग की। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्यामलाल सोनी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में अधिवक्ता गण एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव से मिले। उनके साथ तहसील सभागार में बैठक भी की और कार्य में आ रही अपनी समस्याएं बताईं। अधिवक्ताओं ने बताया कि गलत अंशों को तत्काल सुधारने की प्रक्रिया का सुधार करना चाहिए खतौनी में लिपि के संबंधी धारा 38 के मामलों का निस्तारण शीघ्र सुनिश्चित किया जाए। हदबरारी के वादों का निस्तारण जल्द से जल्द करने हेतु एवं नकल समय पर जारी किए जाने हेतु तथा बटवारा, के वादों में अग्रिम कार्य का विस्तारण, दाखिल खारिज, आदेश ऑनलाइन की अमल एवं फीडिंग आदेशों को तत्काल कराए जाने हेतु आदि विषयों गहनता से चर्चा हुई व तत्काल कार्य किए जाने की आवश्यकता है। एसडीएम ने उनकी बात सुनने के बाद जल्द समाधान का आश्वासन दिया और कहा कि वे इस दिशा में काम करेंगे। इस मौके पर अधिवक्ताओं ने कहा कि वे न्याय व्यवस्था में सुधार के लिए प्रतिबद्ध हैं और एसडीएम के साथ मिलकर काम करने को तैयार हैं।

## सड़क हादसों का कहर, 24 घंटे में तीन की मौत

सीतापुर। जनपद में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए दो भीषण सड़क हादसों में कुल तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि किशोरी समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इन घटनाओं के बाद जिले में यातायात सुरक्षा और तेज रफ्तार पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। पहली घटना महोली कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-30 (दिल्ली-लखनऊ मार्ग) की है, जहां मंगलवार देर रात नेवादा पट्टी गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने एक युवक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक उछलकर दूर जा गिरा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे में युवक का चेहरा बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया। सूचना पर नेरी-नेवादा चैकी प्रभारी विनोद सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। एंबुलेंस में मौजूद स्वास्थ्यकर्मियों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक की पहचान के लिए हर संभव प्रयास किए, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। मृतक स्मोक ग्रे लोअर, काली हुडी नुमा जैकेट, काला इनर, नीली अंडरवियर और लाल चप्पल पहने हुए था। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। दूसरी घटना रामकोट थाना क्षेत्र के हुमायूंपुर इलाके में हरदोई मार्ग पर हुई, जहां मंगलवार देर शाम रोडवेज बस और ट्रैक्टर-ट्रॉली की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसा इतना भयावह था कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में बस सवार एक यात्री समेत दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि किशोरी सहित दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान बांके लाल (52) पुत्र शिवरतन लाल, निवासी तेउवा, थाना रामकोट और श्यामलाल कश्यप (56), निवासी कांशीराम कॉलोनी के रूप में हुई है। घायलों की पहचान प्रियंका यादव पुत्री अशर्फीलाल यादव और मोहम्मद कलीम के रूप में हुई है, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के अनुसार दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और क्षतिग्रस्त वाहनों को जब्त कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मौके पर यातायात सुचारु कराया। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसों का कारण माना जा रहा है। लगातार हो रहे सड़क हादसों से जिले में लोगों में भय का माहौल है और प्रशासन से यातायात नियमों को सख्ती से लागू करने की मांग उठने लगी है।

## बेसिक शिक्षा विभाग पर सीसीएल को लेकर मनमानी के आरोप

उन्नाव। शिक्षा विभाग में बाल्य देखभाल अवकाश (चाइल्ड केयर लीव) को लेकर अधिकारियों की मनमानी खुलकर सामने आ रही है, जहां नियमों में महिला कर्मचारियों को वैधानिक अधिकार होने के बावजूद कई मामलों में अवकाश आवेदन लंबित रखे जा रहे हैं या बिना ठोस कारण निरस्त किए जा रहे हैं। गंभीर पारिवारिक परिस्थितियों और बच्चों की देखभाल जैसे मामलों में भी राहत नहीं मिल रही, जबकि केंद्र व राज्य सरकार के स्पष्ट निर्देश मौजूद हैं। आरोप है कि कुछ अधिकारी सीसीएल को अधिकार नहीं बल्कि अनुग्रह मानकर निर्णय ले रहे हैं और यहां तक कह रहे हैं कि बच्चे की तबीयत खराब होने पर महिला शिक्षक स्वयं का मेडिकल बनवाएं, जो फजीर्वाड़े की श्रेणी में आता है। वहीं सूत्रों का दावा है कि कुछ मामलों में अनुकम्पा के आधार पर यही अवकाश स्वीकृत भी किया गया है, जिससे विभाग के दोहरे रवैये पर सवाल खड़े हो रहे हैं। यदि समय रहते रोक नहीं लगी तो मामला शासन स्तर तक पहुंचने की संभावना जताई जा रही।

मामले में जब बीएसए शैलेश कुमार पाण्डेय से बात की गयी तो उन्होने बताया कि हमारे यहां एसआईआर सहित निपुण भारत आंकलन लक्ष्य चलाया जा रहा है। अगर मेडिकल कोई लेता है तो दिया जाता है। ऐसे में बच्चे की तबियत खराब होने पर महिला शिक्षक का मेडिकल बनवाने का कोई औचित्य नहीं बनता है।

## सड़क सुरक्षा माह में ओवरलोड वाहनों पर सख्ती

सीतापुर। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जनपद में यातायात नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने और सड़क हादसों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा विशेष जांच अभियान चलाया गया।

यह अभियान राष्ट्रीय राजमार्ग-30 (एनएच-30) पर एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुवेर्दी के नेतृत्व में संचालित किया गया। अभियान के दौरान एनएच-30 से गुजर रहे कुल 50 मालवाहक वाहनों की सघन जांच की गई। जांच में 7 वाहन निर्धारित क्षमता से अधिक भार लेकर चलते पाए गए। ओवरलोडिंग पाए जाने पर संबंधित वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए उन्हें सीज कर दिया गया तथा कुल 3 लाख 15 हजार रुपये का जुर्माना आरोपित किया




गया। वाहन स्वामियों को नियमानुसार आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने और जुमार्ना जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुवेर्दी ने बताया कि ओवरलोड वाहन सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं। अधिक भार के कारण सड़कों की सतह क्षतिग्रस्त होती है, जिससे गड्ढे और दरारें बनती हैं और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि ओवरलोडिंग से ब्रेक फेल होना, टायर फटना और वाहन का संतुलन बिगड़ना जैसी घटनाएं होती हैं, जो आम नागरिकों के लिए जानलेवा साबित हो सकती हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। परिवहन विभाग का उद्देश्य केवल दंडात्मक कार्रवाई नहीं, बल्कि वाहन चालकों और स्वामियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

## डीएम ने वेतन कटौती के दिए निर्देश




जिला संवाददाता

सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर ने स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही पर सख्त रुख अपनाते हुए मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय नवाबनगर, विकास क्षेत्र लहरपुर में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र पर वीएचएसएनडी सत्र का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कई गंभीर खामियां सामने आने पर जिलाधिकारी ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए, जिससे विभाग में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने एएनएम से टीकाकरण की स्थिति की जानकारी ली और वीएचएसएनडी सत्र में लगाई जा रही वैक्सीन का निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी कार्यकत्री से स्वास्थ्य सामग्री, सैम और मैम श्रेणी के बच्चों तथा उन्हें दी जा रही दवाओं के संबंध में पूछताछ की। इस दौरान डीएम ने गर्भवती महिलाओं के ट्रैकिंग रजिस्टर और एचआरपी रजिस्टर का भी गहन अवलोकन किया। एचआरपी रजिस्टर में गंभीर कमियां पाए जाने पर डीएम ने एएनएम प्रियंका वर्मा के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अलावा ड्यूटी लिस्ट में अनियमितता मिलने पर संबंधित एएनएम का एक दिन का वेतन काटने के आदेश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने मरीजों से फीडबैक लिया और हीमोग्लोबिन मीटर की स्थिति भी जांची। डीएम की इस सख्त कार्रवाई से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनस्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## ईवीएम व वीवीपैट भंडारण कक्ष का डीएम ने किया निरीक्षण

सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं वीवीपैट भंडारण कक्ष का मासिक निरीक्षण किया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की जांच कर व्यवस्थाएं देखीं और साफ-सफाई सहित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह व विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## 108 एंबुलेंस सेवा की तत्परता से मरीज की बची जान

उन्नाव। जनपद में 108 एंबुलेंस सेवा ने एक बार फिर समय पर उपचार देकर एक घायल मरीज की जान बचाई। 100 बेड अस्पताल बीघापुर से जिला अस्पताल उन्नाव रेफर किए गए एक घरेलू हादसे के मरीज को एंबुलेंस संख्या यूपी 32 बीजी 9457 से सुरक्षित रूप से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। मिली जानकारी के अनुसार मरीज गंभीर चोट की स्थिति में था। एंबुलेंस पर तैनात ईएमटी सरोज ने ईआरसीपी डॉक्टर सुरेंद्र की सलाह पर मरीज को तुरंत एयर स्प्लिंट लगाया और प्राथमिक उपचार के साथ सही तरीके से बैंडेजिंग की। इसके बाद मरीज को सुरक्षित रूप से जिला अस्पताल उन्नाव में भर्ती कराया गया, जहां उसका आगे का इलाज किया गया। समय पर मिली इस मेडिकल सहायता से मरीज की जान बच गई। मरीज के तीमारदारों ने 108 एंबुलेंस सेवा और ईएमटी सरोज की त्वरित कार्रवाई की खुले दिल से सराहना की। 108 एंबुलेंस सेवा की यह पहल एक बार फिर साबित करती है कि आपात स्थिति में समय पर पहुंचकर सही उपचार देना कितनी बड़ी भूमिका निभाता है।

## ग्रामीण अंचलों में शान से लहराया तिरंगा





सीतापुर। जनपद के ग्रामीण अंचलों में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े ही उत्साह, गरिमा और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। गांव-कस्बों में स्थित सरकारी व अर्धसरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों और पंचायत भवनों पर ध्वजारोहण कर राष्ट्र को नमन किया गया। हर ओर तिरंगा लहराता नजर आया और भारत माता की जय के नारों से माहौल गूंज उठा।

लहरपुर क्षेत्र में तहसील परिसर में उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कोतवाली, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, वन विभाग कार्यालय सहित विभिन्न स्कूल-कॉलेजों में भी अधिकारियों और प्रधानाचार्यों ने झंडारोहण किया। नगर पालिका अध्यक्ष हाजी जावेद के नेतृत्व में दुपहिया वाहनों से तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण युवा शामिल हुए। तंबौर क्षेत्र मे गणतंत्र दिवस कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।इस मौके पर छोटे छोटे बच्चों ने प्रभातफेरी निकाली तथा तमाम विद्यालयों में ध्वजारोहण के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए ।कस्बे के केपीएस महाविद्यालय ,रामपाल सिंह रामकिशोरी देवी, बीरेंद्र सिंह शकुंतला देवी , गाँजर ,सरदार पटेल , राममनोहर लोहिया , रेडियन्स मुस्लिम इण्टर कालेज सहित शिशु मंदिर , शुशीला शिशु सदन , जीनियस विद्यालयों में भी ध्वजारोहण के बाद बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किये ।थाना सहित सभी सरकारी भवनों पर भी तिरंगा फहराया गया ।छोटे-छोटे बच्चों ने प्रभात फेरी निकालकर देशभक्ति का संदेश दिया। विभिन्न विद्यालयों में ध्वजारोहण के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों ने देशभक्ति गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियां दीं। सकरन क्षेत्र में चंद्रभाल सरस्वती मंदिर दुगाना, राममनोहर लोहिया इंटर कॉलेज, नेहरू जूनियर हाई स्कूल सहित अनेक शिक्षण संस्थानों में ध्वजारोहण के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। छात्रों ने राष्ट्रगीत, एकांकी और नाटक प्रस्तुत कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कमलापुर क्षेत्र में सभी सरकारी व अर्धसरकारी संस्थानों तथा विद्यालयों में झंडारोहण किया गया। ककैयापारा में प्रधान प्रमोद जयसवाल के नेतृत्व में सैकड़ों मोटरसाइकिलों से तिरंगा यात्रा निकाली गई, जो विभिन्न गांवों से होते हुए हरदी पंचायत भवन पर संपन्न हुई। ग्रामीणों ने एकजुट होकर राष्ट्रभक्ति का परिचय दिया।

# व्यवसायों का नियमन

साइंस एवं टेक्नोलॉजी के इस युग में जिस तरह सामाजिक और आर्थिक जीवन में बदलाव आ रहे हैं, उनके मुताबिक प्रगतिशील प्रशासनिक नीतियां बनाना, नये व्यवसायों का नियमन करना और उभरते व्यापार और आडियॉज को प्रोत्साहित कर उसमें अधिक से अधिक अवसर पैदा करने का प्रयास होना चाहिए। इसके लिए आवश्यक रूप से वैधानिक नियमन, नियोजन, प्रोत्साहन और कारोबारी इको-सिस्टम विकसित करने की जरूरत है। इस संदर्भ में ई-कॉमर्स के नियमन के लिए किये जा रहे प्रयास उचित हैं। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने हाल में ई-कॉमर्स क्षेत्र के लिए दिशानिर्देशों का मसौदा जारी किया है। बीआईएस का यह कदम स्वागत योग्य है और ऐसे समय में उठाया गया है जब देश में ऑनलाइन खरीदारी बहुत तेज रफ्तार से बढ़ रही है। इन दिशा-निर्देशों का उद्देश्य उपभोक्ताओं और अन्य हितधारकों की चिंता दूर करना है। इन नीतियों एवं नियम-कायदों को तैयार करने में विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों की भूमिका रही है। मगर कहीं न कहीं इनसे विरोधाभासी संकेत भी उभरे हैं। इसका कारण यह है कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय फिलहाल ई-कॉमर्स नीति तैयार करने में जुटा है। हालांकि इसे अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है। इस तरह, जब तक एक व्यापक नीति बनकर तैयार नहीं हो जाती तब तक बीआईएस द्वारा तैयार दिशानिर्देशों का भी कोई विशेष मतलब नहीं रह जाएगा। बीआईएस एक स्वायत्त संस्था है जो उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अधीन काम करती है। ई-कॉमर्स नीति शीघ्र आ आए तो इन दिशानिर्देशों में अधिक पारदर्शिता और प्रासांगिकता आयेगी। मसौदा दिशानिर्देशों पर ई-कॉमर्स उद्योग को फरवरी के मध्य तक अपनी प्रतिक्रिया देनी है। पिछले कई वर्षों के दौरान विभिन्न कारोबारी प्रारूप सामने आये हैं। किसी बड़ी ऑनलाइन कंपनी या मार्केटप्लेस के काम करने का तरीका फूड डिलिवरी कंपनी से अलग होता है। यहां उपभोक्ताओं की हितों की रक्षा करने के साथ ही छोड़े उद्यमों, छोटे व्यापारियों के साथ घरेलू उद्यमों के प्रति ई-कॉमर्स क्षेत्र को और अधिक व्यवहारिक बनाने की जरूरत है। भारत में ई-कॉमर्स का बाजार 137 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। देश के ई-कॉमर्स बाजार के 2025 और 2030 के बीच 20 प्रतिशत चक्रवृद्धि दर से भी अधिक तेजी से अपना आकार बढ़ाने का अनुमान है। बीआईएस ने स्व-संचालन के लिए मसौदा दिशानिर्देश तैयार करते वक्त इस वृद्धि दर को ध्यान में रखा है। बीआईएस ने इस प्रक्रिया में उपभोक्ता सुरक्षा एवं विश्वास की राह में पैदा होने वाली चुनौतियों का हवाला दिया है। इस मसौदे में तीन चरणों वाला दृष्टिकोण प्रस्तुत किया गया है। इनमें प्री-ट्रांजैक्शन अनुबंध से संबंधित जानकारी और पोस्ट ट्रांजैक्शन चरण शामिल किए गये हैं। प्रत्येक चरण में ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए वृहद अनुपालन प्रक्रियाओं का पालन करना जरूरी होगा। इनमें कारोबारी साझेदार या विक्रेताओं से संबंधित जानकारियों (केवाईसी) की जांच करने, उत्पाद सूचीबद्धता, विक्रेता के संपर्क सूत्र की जानकारी, सभी हितधारकों के लिए कारोबार के समान अवसर सुनिश्चित करना आदि शामिल हैं। जिन कदमों के प्रस्ताव दिए गए हैं उनमें मदद या निर्देश के लिए सीधे संवाद की सुविधा बड़ी संख्या में ग्राहकों के लिए फायदेमंद होंगे। मगर उत्पादों के लेबल पर कार्बन उत्सर्जन से जुड़ी जानकारियां और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के नाम का जिक्र करना थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो सकता है। वैसे देश में ई-कॉमर्स बाजार अब भी खुदरा क्षेत्र के मात्र एक छोटे हिस्से के बराबर है। पिछले साल देश में खुदरा क्षेत्र 950 अरब डॉलर रहने का अनुमान लगाया गया था। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि देश में ई-कॉमर्स क्षेत्र के लिए कारोबार करने की अपार संभावनाएं हैं, खासकर इंटरनेट और स्मार्ट फोन की बढ़ती पहुंच से इस क्षेत्र के लिए उम्मीदें प्रबल हो गई हैं। ई-कॉमर्स क्षेत्र में नियामकीय हस्तक्षेप होना जरूरी लेकिन यह व्यपार में सहयोगी और नरम होना चाहिए ताकि कारोबार करने वाली इकाइयों को अनुपालन से जुड़े अधिक झमेलों में नहीं फंसना पड़े। ई-कॉमर्स से जुड़े लोगों ओर छोटे कारोबारियों के हितों का भी ध्यान रखना बहुत जरूरी है।




**ई कॉमर्स का नियमन जरूरी है लेकिन यह भी ध्यान रखना होगा कि नियमों और कानूनों का नाकारात्मक असर इस उभरते हुए व्यापार पर न पड़े।**

विचार

जो मनुष्य सचमुच में विद्वान होते हैं वे अपनी असफलताओं से कभी भी घबराते नहीं हैं।
-शेक्सपियर.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।
-एडीसन.

जिस कर्म में भोगने की इच्छा होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म कहा जाता है।
-गीता.

जीवन कर्म का ही दूसरा नाम है। वह जो कभी कर्म नहीं करता उसका अस्तित्व है किन्तु वह जीवित नहीं है।
- हिलार्ड.

वे ही व्यक्ति महान और शक्ति शाली बनते हैं जिनको अपने आप पर पूरा भरोसा रहता है।
-स्वामी विवेकानन्द.

# इंडिया-ईयू महाडील से बौखलाया अमरीका





वीना गौतम

यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के लिए अमेरिका ने यूरोप से ज्यादा बलिदान दिया है। हमने रूसी तेल खरीदने के कारण भारत पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाया और बदले में देखिये यूरोप भारत से ट्रेड डील करने जा रहा है। न्यूज चैनलों से बात करते हुए ये अमरीकी वित्तमंत्री स्कॉट बेसेंट थे जो भारत और यूरोपियन यूनियन के बीच 27 जनवरी 2026 को सम्पन्न मुक्त व्यापार समझौता (फ्री ट्रेड एग्रीमेंट) के पहले इस डील पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि अमेरिका इससे किस कदर बौखला गया है। बहरहाल अमेरिका का यह रुख कोई अप्रत्याशित नहीं था, ऐसा होना पहले से तय था। बावजूद इसके 16वें भारत-ईयू समिट के दौरान पीएम मोदी ने इस फ्री ट्रेड एग्रीमेंट का ऐलान किया। वाकई यह हाल के ऐसे किसी भी मुक्त व्यापार समझौते के मुकाबले कहीं ज्यादा बड़ा और व्यापक समझौता है।

इससे 200 करोड़ लोगों का साझा मार्केट तैयार होगा, जो दुनिया के 25 फीसदी सकल घरेलू उत्पाद को कवर करेगा। इसलिए अगर इसे यूरोपीय कमीशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने मदर ऑफ ऑल डील्स कहा है, तो कोई अतिश्योक्ति नहीं है। साथ ही यह भी तय है कि इसे भारत और यूरोपीय यूनियन भले डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ का जवाब मानने से इनकार कर रहे हों लेकिन इससे पूरी दुनिया को मैसेज यही गया है। बहरहाल अब आम भारतीयों को समझाने के लिहाज से भारत और ईयू के बीच सम्पन्न इस डील को डिकोड करना जरुरी है कि आखिर मदर ऑफ ऑल डील्स कही जाने वाली यह डील है क्या और इसे यह विशेषण क्यों दिया जा रहा है? दरअसल जब दो या दो से ज्यादा देश आपस में ये तय कर लेते हैं कि वे एक-दूसरे के सामान और सेवाओं पर टैक्स, पाबंदियां और रुकावटें कम करेंगे या बिलकुल खत्म कर देंगे, ताकि उनके उत्पादों और सेवाओं की पहुंच एक दूसरे की बाजारों तक सहजता से हो सके तो इसे मुक्त व्यापार समझौता यानी एफटीए कहते हैं। हाल के सालों में भारत ने दुनिया के 7 देशों के साथ ऐसे मुक्त व्यापार समझौते किये हैं जिसमें यूके, ओमान, न्यूजीलैंड आदि के साथ हुए समझौते शामिल हैं। इसी कड़ी में 27 जनवरी 2026 को यूरोपियन यूनियन के साथ भी ऐसा ही समझौता सम्पन्न हुआ है जिसे अब तक सबसे बड़ा समझौता या मदर ऑफ आल डील्स कहा गया है। यह डील 3 बड़ी वजहों से मदर ऑफ ऑल डील्स मानी जा रही है। ईयू कोई देश नहीं बल्कि 27 देशों का समूह और दुनिया का सबसे बड़ा एकीकृत व्यापारिक क्षेत्र है। जबकि भारत दुनिया की चैथी बड़ी अर्थव्यवस्था है जो बड़ी तेजी से तीसरी बनने की तरफ अग्रसर है। दोनों के साथ आने से 200 करोड़ लोगों का मार्केट बनेगा। जिसमे 40 करोड़ उच्च क्रय क्षमता वाले उपभोक्ता हैं। माना जा रहा है कि इस साल के अंत तक जब यह समझौता व्योहारिक रूप से लागू होगा तब वैश्विक व्यापार की सप्लाई चेन का चेहरा बदल जाएगा और तब चीन की जगह भारत तेजी से प्रोडक्शन हब बनकर उभरेगा। भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच पिछले साल 12.5 लाख करोड़ रुपए का व्यापार सम्पन्न हुआ था। इस डील के बाद भारतीय उत्पादों की पहुंच यूरोपीय बाजारों में और यूरोप भारतीय बाजारों के अंतिम कोने तक हो जायेगी। जानकारों का मानना है कि इस डील के लागू होते ही भारत-ईयू का व्यापार दोगुना हो जाएगा, इससे भारत अमेरिकी टैरिफ के नकारात्मक असर को कम कर सकेगा। वहीं यूरोपीय देशों की चीन पर निर्भरता कम होगी।

**कूटनीति**

हालांकि आज यह ट्रंप की धमकियों का बड़ा आसान हल दिखाई पड़ रही है लेकिन इस तक पहुंचना आसान नहीं था। दोनों के बीच इसे लेकर करीब 19 साल पहले जून 2007 में बातचीत शुरू हुई थी। तब भारत की तरफ से इसकी अगुआई प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह कर रहे थे। लगातार 15 दौर की बैठक हुई, लेकिन 2013 में बातचीत पूरी तरह थम गई। दरअसल यूरोपीय संघ चाहता था कि उसके 95 फीसदी से ज्यादा एक्सपोर्ट पर टैरिफ खत्म किया जाए, जबकि भारत सिर्फ 90 फीसदी तक ही तैयार था। इसके अलावा और भी कई बाधाएं थीं। खैर किसी तरह से जून-जुलाई 2022 में भारत-यूरोपीय यूनियन के बीच फिर से इस मुक्त व्यापार समझौते पर बात शुरू हुई। तब से लेकर अक्टूबर 2025 तक दोनों पक्षों के अधिकारियों ने 14 मीटिंग्स की। इन बैठकों में 2007 से 2013 तक तय हुए मुद्दों पर भी चर्चा हुई। अंततः 90 फीसदी से ज्यादा सामान पर टैरिफ खत्म करने की बात पर सहमति बनी और यह सब 5 से 10 साल के भीतर धीरे धीरे लागू होना तय हुआ। कृषि, डेयरी, ऑटो, शराब जैसे सेक्टर्स पर कोटा या धीरे-धीरे टैरिफ में कटौती की बात तय हुई है। शुरूआती दौर में इन्हें काफी हद तक सुरक्षित रखा जाएगा। कुल मिलाकर देखें तो भारत और यूरोपीय संघ के बीच डील के 24 में से 20 चैप्टर्स पर सहमति हो चुकी है, जिसका 27 जनवरी 2026 ऐलान हुआ है।

इस मुक्त व्यापार समझौते के बाद भारत और यूरोपीय संघ दोनों को फायदा होगा। डील लागू होने के बाद यूरोपीय यूनियन का भारत पर लगने वाला औसत टैरिफ 3.8 फीसदी से घटकर 0.1 फीसदी हो जायेगा, जिससे भारतीय निर्यात के 6.4 लाख करोड़ रुपए तक बढ़ने की उम्मीद है। इस डील के बाद अब यूरोप में भारतीय कपड़े ज्यादा बिकेंगे क्योंकि अभी तक हमारे कपड़े और चमड़े पर यूरोपीय यूनियन 10 फीसदी ड्यूटी लगाता रहा है, जो कि इस डील के बाद घटकर शून्य हो जायेगा। इस डील के बाद यूरोप में भारतीय कपड़े और जूते काफी सस्ते हो जाएंगे, जिससे इनकी डिमांड बढ़ेगी। इससे भारत में गारमेंट्स, लेदर, फुटवियर जैसी इंडस्ट्री से जुड़े लोगों को सीधा फायदा होगा। दूसरी तरफ अगर फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के जरिये यूरोपीय यूनियन के फायदों को देखें तो यूरोपीय यूनियन के देशों को सबसे ज्यादा जिन क्षेत्रों में फायदा होगा, उसमें भारत में बिकने वाली यूरोपीय शराब और वाइन की खपत काफी बढ़ जायेगी। क्योंकि अभी जहां वाइन पर 150 फीसदी का टैरिफ लगता है, वह ट्रेड डील के लागू होते ही 75 प्रतिशत हो जायेगा और आगे चलकर सिर्फ 20 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। इससे भारत में यूरोप की शराब की खपत काफी बढ़ेगी। यूरोपीय कार मैन्यूफैक्चर्स की प्रीमियर सेगेमेंट की कारें खासकर बीएमडब्ल्यू, मर्सिडीज, पोर्शे वगैरह की भारत में एंट्री काफी आसान हो जायेगी। सरकार अभी तक इन पर 110 फीसदी टैरिफ लगाती है, जो अगले 5 से 10 सालों में घटकर महज 10 फीसदी तक रह जायेगी। भारत में जिन कुछ यूरोपीय कारों के लिए तुरंत टैरिफ घटाने पर सहमति बनी है, वो 16 से 17 लाख रुपये की कीमत वाली होंगी। इसी तरह यूरोप को इस डील से कैमिकल निर्यात में भी फायदा होगा। क्योंकि मशीनरी पर 44 प्रतिशत, कैमिकल पर 22 फीसदी और फार्मा सेक्टर पर लगने वाला 11 फीसदी टैरिफ आने वाले कुछ सालों में घटकर शून्य हो जायेगा। यही नहीं यूरोप के आईटी, इंजीनियरिंग, बिजनेस, सर्विसेज और टेलिकॉम जैसे हाई वैल्यू सर्विस सेक्टर को भी भारत में इस फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के बाद ज्यादा मौके मिलेंगे। क्योंकि इन सेक्टर्स में भी दूसरे देशों के मुकाबले भारत में कम टैरिफ लगेगा। सवाल है इस बहुचर्चित डील जिसे मीडिया में बार-बार मदर ऑफ आल डील्स कहकर संबोधित किया जा रहा है, क्या वह ट्रंप के टैरिफ का जवाब बनेगी? निःसंदेह इस डील से अमेरिकन टैरिफ का मामला स्वतः आ जुड़ता है। लेकिन आज के वैश्विक बाजार में कोई भी समझौता किसी दूसरे समझौते के एवज में नहीं होता। हर देश अपने लिए बेहतर से बेहतर राह खोजने की कोशिश करता है। अब इससे अगर अमरीका बौखलाए तो यह उसका सिरदर्द है।

> इस डील से अमेरिकन टैरिफ का मामला स्वतः आ जुड़ता है। लेकिन आज के वैश्विक बाजार में कोई भी समझौता किसी दूसरे समझौते के एवज में नहीं होता। हर देश अपने लिए बेहतर से बेहतर राह खोजने की कोशिश करता है। अब इससे अगर अमरीका बौखलाए तो यह उसका सिरदर्द है।

सोशल मीडिया



मा. राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु जी द्वारा संसद के संयुक्त सत्र में दिया गया आज का अभिभाषण, सुशासन जनकल्याण, गरीब युवा के साथ साथ अभिव्यक्ति है विकसित भारत के लक्ष्य की। केशवप्रसाद मौर्य.



आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमारे कृषि विभाग ने राज्य के क्लाइमेट के हिसाब से अधिक उपज देने वाली चावल की चार नयी किस्में विकसित की हैं। ममता बनर्जी.



पवित्र काशी को मोदी जी ने बर्बादी का अड्डा बना दिया है। रोजी रोटी छीनकर भूखा मारना मोदी-योगी सरकार का लक्ष्य है। भक्तों अब लगाओं बुलडोजर बाबा जिंदाबाद। संजय सिंह.

# व्यक्ति की खूबियां

अंतर्दृष्टि

कोई भी मनुष्य पूर्ण नहीं होता है। हरेक में कुछ खूबियां होती हैं और खामियां। व्यक्ति को अपनी खूबियों को निखारना चाहिए ताकि समाज में उसको वाजिब स्थान मिल सके। इसके लिए आत्मनिरीक्षण भी करते रहना चाहिए। आत्म निरीक्षण या आत्म अवलोकन मनुष्य को हमेशा सही रास्ते पर चलने और व्यक्तित्व के परिष्कार की प्रेरणा देता है। आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये। आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्ल युद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है।

# पुरस्कार चिंतन...

व्यंग्यलोक

जब से फाउण्डेशन ने राज्य के साहित्यकारों के लिए पचास हजारी पुरस्कार की घोषणा की है, तब से लिखने-पढ़ने से संन्यास ले चुके लोग भी अपनी कलम-कूँची को झाड़-पोंछकर लिखने के उपक्रम में लगे हैं। एक मोटी राशि ने उनका साहित्यकार जगा दिया है तथा आम आदमी, सर्वहारा का दर्द तथा प्रगतिवादी चेतना को भूलकर अर्थवादी जाल में फँसे दिखाई देने लगे हैं। वैसे साहित्यकार कह यही रहे हैं कि वे इस सेठिया पुरस्कार को नहीं लेंगे, लेकिन पर्दे के पीछे लेने के पूरे जोड़-तोड़ बैठा रहे हैं। फाउण्डेशन के इस पुरस्कार से राज्य अकादमी के पुरस्कारों का महत्त्व अपने आप घट गया है, क्योंकि पुरस्कार प्रतिभा के नहीं, आर्थिक चेतना पर केन्द्रित हो गये हैं। इधर फाउण्डेशन ने राज्य के साहित्यकारों को अपने यहाँ से दूसरे साहित्यकार का नाम पुरस्कार के लिए भेजने के प्रस्ताव-पत्र भेजे, उधर हर साहित्यकार के मन में एक विचार ने अंगड़ाई ली कि, 'क्यों नहीं मैं ही ले लूँ?' इस तर्ज पर सबने अपने पास आये प्रस्ताव-पत्रों पर अपना ही नाम प्रस्तावित कर भिजवा दिया। किसी-किसी ने यह सावधानी बरती कि प्रस्ताव दूसरों के नाम से भिजवाये। यह धारणा साहित्यकारों में पुष्ट होती जा रही है कि दूसरा उनके लिए कुछ नहीं करेगा। जो कुछ करना है स्वयं उनको करना है, इसलिए वे पुरस्कार के लिए अपने आप मिलने की इंतजार में नहीं हैं अपितु वे स्वयं इसके लिए प्रयत्नशील हो गये हैं। सबसे बड़ी समस्या फाउण्डेशन के सामने यह खड़ी हो गयी है कि वह पुरस्कार किसे दे? राज्य के सभी तीन सौ साहित्यकारों ने अपने-अपने नाम भिजवा दिये हैं। इसलिए सर्वसम्मत निर्णय जटिल हो गया है। सबने अपने नाम भेजे हैं, इसलिए केवल प्रस्तावों के आधार पर तो निर्णायक हल निकाल पाना मुश्किल है। इधर हर साहित्यकार का मन इस बात के लिए आशान्वित है कि उसे तैयार रहना चाहिए, पता नहीं उसे ही पचास हजार का पुरस्कार मिल जाये। कई एक साहित्यकारों को इस बात की पीड़ा है कि चाहे किसी 'ऐरे गैरे नत्थू खैरे' को पुरस्कार मिल जाये लेकिन, मुझे नहीं मिलना चाहिए। इसके लिए वे भाँति-भाँति के उपाय कर रहे हैं। उन्हें सबसे ज्यादा खतरा मुझसे है। हालाँकि मुझ में ऐसा कुछ नहीं है, लेकिन मुझे अनेक साहित्यिक लाभ सहज ही मिलते गये हैं अतः उनके मन में यह आशंका घर कर गई है कि यह भी कहीं मुझे ही न मिल जाये। इसके लिए वे जाली नामों से मेरे खिलाफ वहाँ वातावरण खराब कर रहे हैं। शायद फाउण्डेशन ने तो यह सोचा भी नहीं होगा कि उसे ये दिन भी देखने पड़ेंगे। लेकिन होनी को कौन टाले? सिवाय ऊलजलूल पत्र आने के, फाउण्डेशन में कोई रचनात्मक डाक आती ही नहीं। एक-दूसरे के खिलाफ आरोप भरे पत्र आते रहते हैं। इसको देखते हुए यह भी लगता है कि कहीं पुरस्कार को बन्द करने का निर्णय न लेना पड़े।



पूरन सरमा

# ठगी का तरीका बदलते रहते हैं शातिर साइबर अपराधी




क्राइम

साइबर क्राइम की रोज ब रोज नये नुकसानदेह तरीके सामने आ रहे हों, यह अपराध 40 फीसद सालाना की दर से बढ़ रहा हो, जिसके चलते अपना देश साइबर अपराधों की संख्या तथा गंभीरता दोनों के लिहाज से दुनिया के ऊपरी दस देशों में शामिल हो चुका हो और देश में साइबर क्राइम की घटनाएं कुछ विशेष व्यक्ति अथवा संस्थान तक सीमित न रहकर हर घंटे किसी न किसी छोटे नागरिक अथवा संस्था, संगठन को अपना शिकार बना रही हों, तब केंद्र सरकार द्वारा साइबर फ्राड मिटीगेशन सेंटर की स्थापना, साइबर कमांडो कार्यक्रम तथा इससे जुड़ी दूसरी तरह की कई शुरूआत सही समय पर उचित कार्रवाई कही जायेगी, बशर्ते ये योजना उम्मीद के मुताबिक नतीजे दे। दरअसल देश में ई-कॉमर्स के परिचय के बाद से डिजिटल लेनदेन लगातार बढ़ा है, लेकिन इसका एक साइड इफेक्ट यह हुआ है कि हर गुजरते दिन के साथ वित्तीय धोखाधड़ी का खतरा आम व्यक्तियों के लिए ही नहीं व्यवसायों के लिए भी आम हो गया है।

बीते बरस भारतीयों ने साइबर धोखाधड़ी के कारण 7,489 करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान उठाया। इस साल शुरुआती चार महीने में ही तकरीबन आठ लाख साइबर फ्रॉड के मामले हुए, जिसमें लोगों के 1750 करोड़ रुपये ठग लिए गये। साइबर ठगी का एक नया तरीका सालभर पहले सामने आया और सरकार की लाख कोशिशों के बावजूद वह काबू में नहीं आ रहा है बल्कि दिन ब दिन बढता ही जा रहा है। यह खतरनाक और चिंताजनक साइबर खतरा है 'डिजिटल अरेस्ट।'

डिजिटल अरेस्ट का मतलब है बिल्कुल वास्तविक लगने वाले ईडी, सीबीआई, पुलिस अधिकारी बनकर अथवा उनके असली दिखते पर बनावटी थाने, कार्यालय से फोन करके किसी को झूठ बोलकर भयग्रस्त कर देना। इस तरह के साइबर क्रिमनल्स लोगों को फोन करके उनके किसी करीबी के दुर्घटनाग्रस्त, तस्करी या ड्रग के मामले में फंसने या फिर गिरफ्तार होने की बात कहकर डरा देते हैं और पुलिस ईडी वगैरह की गिरफ्तारी का भय दिखाकर घर से निकलने नहीं देते, भयादोहन कर धन वसूलते हैं। बिना हथकड़ी बेड़ी, कागज पत्र के लोग घर में कैदी बन फिरौती के बतौर भारी रकम चुकाते हैं और बाद में पता चलता है कि वे दरअसल ठगी के शिकार हुए। ऐसे मामलों में देश भर से कई पीड़ितों ने विगत 4 महीने में 400 करोड़ से ज्यादा गंवा दिये। डिजिटल अरेस्ट पहला मामला पिछले साल दिसंबर में दर्ज किया गया था, जहां उत्तर प्रदेश के एक व्यक्ति को मनगढ़ंत मनी-लॉन्ड्रिंग मामले में फंसाया गया। इसके बाद तो इस तरह की साइबर ठगी में बला की तेजी आ गई। इसमें जो शिकार बनते जा रहे हैं उनमें डॉक्टर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर, सेना के बड़े अधिकारी, आईआईटी प्रोफेसर जैसे ढेरों उच्च शिक्षित, जागरूक लोग शामिल हैं। साइबर अपराधियों ने लखनऊ की एक न्यूरोलॉजिस्ट को सात दिन डिजिटॅल अरेस्ट रखकर उसके सात खातों से तकरीबन तीन करोड़ का लेन देन किया तो एक अवकाश प्राप्त मेजर जनरल 5 दिन 'डिजिटल अरेस्ट' बने रहे, दो करोड़ की फिरौती के बाद उन्हें पता चला कि ठगे गये। राजस्थान के झुंझुनूं में बिट्स पिलानी की प्रोफेसर को भी इसी तरह डिजिटल अरेस्ट करके साढे आठ करोड़ से ज्यादा वसूले। ये महज कुछ मामले हैं। यूपी, मप्र, राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा समेत देश के तमाम राज्यों में ऐसे मामले आए दिन सामने आ रहे हैं।

गृह मंत्रालय के अनुसार यह एक संगठित ऑनलाइन आर्थिक अपराध है और संभवतः इसे सीमा पार दुबई, पाकिस्तान में बैठे अपराधियों द्वारा चलाया जा रहा है। हालांकि अपने देश में भी इसके अपराधी पकड़े गए हैं। डेटा और सिस्टम में अनधिकृत घुसपैठ, डाटा चोरी, उसमें मनोवांछित या शरारतपूर्ण बदलाव, घोटाले या व्यवधान, इसके जरिए इंफॉरमेशन वार छेड़ना, फिशिंग घोटाले और स्पैम वगैरह के काफी मामले पहले से ही आ रहे थे, इधर कुछ महीनों से एनसीबी, सीबीआई, आरबीआई और कानून प्रवर्तन अधिकारी के साथ-साथ प्रदेश पुलिस के जवान बनकर लोगों को धमकाने और डिजिटल अरेस्ट के जरिए ठगने के भी बहुतेरे मामले सामने आने के बाद गृह मंत्रालय ने साइबर अरेस्ट और ब्लैकमेलिंग को लेकर अलर्ट और चेतावनी जारी की। यह एक लचर कदम था जो समस्या की गंभीरता के अनुकूल नहीं था। गृह मंत्रालय की इस कार्यवाही के बावजूद ब्लैकमेल और डिजिटल अरेस्ट के मामले तेजी बढ़ते ही जा रहे हैं।

**संजय श्रीवास्तव.**

## आपकी बात

### मरीजों का हो बेहतर इलाज

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चाहे जितने दावे किये जायें, लेकिन हकीकत यह है कि प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से लेकर जिला अस्पतालों तक में लोगों को ठीक से इलाज नहीं मिल पाता है। इसके कारण ही लोगों को लखनऊ तक दौड़ भाग करनी पड़ती है। अगर स्वास्थ्य सेवा के शुरुआती चरण में बेहतर इलाज का इंतजाम हो जाये तो राजधानी में लोग इलाज के लिए भटकते नहीं मिलेंगे। लेकिन जिस तरह से अस्पतालों में भीड़ उमड़ती है उससे स्पष्ट है कि प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवा पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। सरकारी अस्पतालों की दुर्दश का आलम यह है कि यहां अधिकांश मरीजों को बिना उचित इलाज के ही लौटना पड़ता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा के नेटवर्क में जिला स्तर पर जिला अस्पताल, तहसीलों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं ब्लाक स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं, लेकिन इन प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवाओं की बदहाली के कारण प्रायः बड़े अस्पतालों में जहां गंभीर मरीजों का इलाज होना चाहिए वहां छोटी-मोटी बीमारियों का इलाज कराने के लिए मरीजों का रेला उमड़ता रहता है। इससे बड़े अस्पतालों में साधारण मरीजों का ही इतना भार रहता है कि ठीक से इलाज मुश्किल हो जाता है। प्राइवेट चिकित्सा सेवा इतनी महंगी है कि यहां कोई फीस ही तय नहीं है। यहां इलाज कराना आम आदमी के हैसियत की बात नहीं है। प्राइवेट अस्पतालों में अगर वाजिब भुगतान पर इलाज मिलता तो निश्चित रूप से बहुत से मरीज जो इलाज के लिए पूरी तरह सरकारी स्वास्थ्य सेवा पर निर्भर हैं वे प्राइवेट अस्पताल में जाते।

**प्रेम कुमार सिंह, लखनऊ.**

### नक्सलवाद पर प्रहार

हाल के वर्षों में नक्सलवाद पर कठोर प्रहार के कारण अब यह अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है। जिस तरह सरकार नक्सलवाद का सफाया कर रही है उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि वह दिन दूर नहीं जब भारत से नक्सलवाद अतीत की बात हो जायेगा। लेकिन कई जगहों पर अभी भी नक्सलवाद बड़ा खतरा है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का कहना है कि मार्च, 2026 तक नक्सलवाद का अस्तित्व खत्म कर दिया जाएगा और इस लड़ाई में हमारे जांबाज जवानों का बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जाएगा। वैसे अब नक्सलवाद घुटने टेक रहा है, नक्सली आत्म समर्पण कर रहे हैं। इससे यह भरोसा बढ़ा है कि एक दिन ऐसा होगा कि नक्सलवाद का नामलेवा भी नहीं बचेगा। देश चाहता है कि गृहमंत्री का दावा एक दिन साकार हो, चरितार्थ हो, क्योंकि नक्सलवाद भी एक खास किस्म का आतंकवाद है, लेकिन छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के अंबेली गांव में नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट करके जिस तरह 8 जवानों और एक वाहन चालक को 'शहीद' किया है, वह घटना अत्यंत दुखद है। यह अप्रैल, 2023 के बाद का सबसे बड़ा, घातक हमला है और 2025 का पहला जानलेवा हमला है। छत्तीसगढ़ के ही दंतेवाड़ा क्षेत्र में 26 अप्रैल, 2023 को आईईडी विस्फोट में 10 पुलिसकर्मी शहीद हो गये थे। इस बार सुरक्षा बल अबूझमाड़ के जंगल में एक सफल ऑपरेशन में 5 नक्सलियों को मार कर लौट रहे थे। रोड ओपनिंग पार्टी रास्ते को साफ करती चल रही थी। काफिले में कुछ और वाहन भी थे, जो वैकल्पिक रास्ते पर चले गये। नक्सलियों ने एक वाहन को निशाना बनाया। बताया जाता है कि हमले में करीब 70 किलोग्राम विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया। लिहाजा बेहद महत्वपूर्ण और गंभीर सवाल है कि 'रोड ओपनिंग पार्टी' इतने विस्फोटक को देख और पकड़ क्यों नहीं सकी? यदि रास्ते को गंभीरता से साफ किया जाता, तो विस्फोटक पकड़ में आ सकता था और उसे डि-फ्यूज, निष्प्रभावी किया जा सकता था। यह स्पष्ट लापरवाही या अनदेखी कैसे हुई इसकी जांच-पड़ताल भी जरूरी है। दरअसल नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों पर अति सतर्कता की जरूरत है।

**धीरेन्द्र कुमार मिश्र, लखनऊ.**

संक्षेप

## तमंचा सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना टूण्डला पुलिस टीम ने एक अभियुक्त को अवैध असलहा सहित गिरफ्तार गिरफ्तार किया है। एसएसपी फिरोजाबाद द्वारा नाजायज असलाह रखने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा देखरेख शान्ति व्यवस्था चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त विशान्त पुत्र राजेन्द्र निवासी बसई थाना टूण्डला जिला फिरोजाबाद को बन्ना रोड पक्की समाधि के पास से मय एक नाजायज तमंचा व एक नाजायज जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के आधार पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गई है।

## महाकौशल में मिला अज्ञात युवक का शव

**मथुरा।** महाकौशल एक्सप्रेस में युवक का शव मिलने से ट्रेन में हड़कंप मच गया। शव को देखते ही ट्रेन सवार यात्रियों ने तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी। यात्रियों के अनुसार यह शव करीब एक घंटे से एक ही स्थान पर पड़ा था। जिसमें कोई हलचल न होने पर यात्रियों को मौत का शक हुआ। आरपीएफ के जवानों ने कोसीकला रेलवे स्टेशन प्रशासन को सूचना दी गई। बताया जा रहा है कि शव स्टेशन पर उतारने से कुछ घंटे पहले इसकी मौत हुई। इसके शव को कोसीकला रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 5 पर उतारा गया। स्टेशन मास्टर राजू मीणा ने बताया कि निजामुद्दीन स्टेशन से चली महाकौशल एक्सप्रेस में युवक का शव कोसीकला स्टेशन पर उतारा गया है। मृतक की उम्र लगभग 35 से 40 वर्ष बताई जा रही है। उसके पास से कोई पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं मिला, जिससे उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। प्रथम दृष्टया युवक भिखारी जैसा प्रतीत हो रहा था।

## बुखरानी ग्राम पंचायत में हुई भारी बारिश और ओलावृष्टि

**मथुरा।** मथुरा जिले के बुखरारी ग्राम पंचायत और आसपास के गांवों में देर रात हुई भारी बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को व्यापक नुकसान हुआ है। इस बेमौसम ओलावृष्टि ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। गेहूं, सरसों और आलू की फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं, जिससे किसानों की साल भर की मेहनत बर्बाद हो गई है। किसान भगवान सिंह ने बताया कि उन्होंने फसल के लिए कड़ी मेहनत की थी, लेकिन बेमौसम ओलावृष्टि और बारिश ने उनकी उम्मीदों को तोड़ दिया। प्रभावित किसानों ने सरकार से मुआवजे की मांग की है। उनका कहना है कि अब उन्हें केवल सरकारी सहायता का ही सहारा है। चिंता व्यक्त करने वाले अन्य किसानों में महीपाल सिंह, नरेंद्र, कंची, हरी, विष्णु, झाडू मुकदम, हरीओम, कान्हा, धर्मराज मास्टर, जगदीश मास्टर, मोहन सिंह डॉक्टर और दुर्गापाल वैद्य शामिल हैं।

## रोडवेज वर्कशॉप के चालकों को किया जागरूक

**मथुरा।** सड़क सुरक्षा माह के 28वें दिन राजेश राजपूत वरिष्ठ सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन के नेतृत्व में प्रवर्तन दलों द्वारा रांग नम्बर प्लेट, एच0एस0आर0पी0 प्लेट, सड़क किनारे वाहन पार्क किये जाने के विरुद्ध प्रवर्तन कार्यवाही की। वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राजेश राजपूत द्वारा रोडवेज वर्कशॉप में जाकर वहाँ पर उपस्थित चालकों को अपने वाहनों के क्लिच, स्टेयरिंग, ब्रेक सिस्टम को दुरुस्त रखने के साथ-साथ सड़क सुरक्षा सम्बन्धी नियमों का पालन करने के निर्देश दिये हैं।

# यूजीसी कानून को लेकर राष्ट्रीय ब्राह्मण सेवा संघ ने की बैठक



**मथुरा।** यूजीसी कानून के विरोध में 30 जनवरी को वृंदावन में एक बड़ी सभा का आयोजन किया जायेगा। इसको लेकर आज बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आगामी कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा तय की गयी। राष्ट्रीय ब्राह्मण सेवा संघ के पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि यूजीसी कानून सवर्ण विरोधी है, सरकार इसे तत्काल निरस्त करें। इस कानून के विरोध में आगामी 30 जनवरी को वृंदावन में बड़ी सभा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान संत ऋतेश्वर, दंडी स्वामी रामदेवानंद सरस्वती, संत गिरीशानंद, महामण्डलेश्वर सुरेशानंद का संरक्षक और मार्गदर्शकों के रूप में शामिल किया गया।

दंडी स्वामी रामदेवानंद महाराज की अध्यक्षता में सीपल शिशु शिक्षा निकेतन पर राष्ट्रीय ब्राह्मण सेवा संघ की कार्यकारिणी का विस्तारीकरण किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य आनंद बल्लभ गोस्वामी ने कहा के यूजीसी कानून स्वर्ण विरोधी है। यह राष्ट्र की एकता पर कुठाराघात है। सरकार हिंदुओं के साथ ही बंटवारा कर रही है। सरकार को चाहिए के इस काले कानून को तत्काल निरस्त किया जाए। डा. मनोज मोहन शास्त्री, राज नारायण राजू भैया ने कहा कि यदि काला कानून हटाया नहीं गया तो सवर्ण सड़कों पर आ जाएंगे और मुख्यालय पर घेराव किया जाएगा। महानगर अध्यक्ष गोविंद नारायण एवं मीडिया प्रभारी नीरज गौड़ ने कहा कि व्यापार मंडल तथा करणी सेवा से संपर्क करके 30 जनवरी को वृंदावन में बड़ी सभा का आयोजन किया जाएगा। ब्राह्मण सेवा संघ के स्वामी ऋतेश्वरानंद महाराज, स्वामी गिरीशानंद महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी सुरेशानंद महाराज, व्यास डा. मनोज मोहन शास्त्री राष्ट्रीय संरक्षक, सुभेष शर्मन राष्ट्रीय संरक्षक, स्वामी रामदेवानंद सरस्वती राष्ट्रीय मार्गदर्शक, आरएन द्विवेदी राजू भैया राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, खुगल भारद्वाज व्यास राष्ट्रीय महासचिव, राज्यमंत्री रमाकांत उपाध्याय प्रदेश मार्गदर्शक, व्यास हरि वर्षा कौशल प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश, संजय पंडित पाराशर व व्यास आचार्य ब्रह्मदेव द्विवेदी प्रदेश संरक्षक, व्यास पंडित शैलेंद्र कृष्ण महाराज प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश, पंडित जितेंद्र उपाध्याय मध्य प्रदेश प्रभारी, विष्णु शर्मा प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश, गोविंद नारायण बृजवासी प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश, जितेंद्र सारस्वत प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश, शशि शुक्ला प्रदेश प्रभारी महिला प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश को बनाया गया।

## सरकारी बस से जबरन सवारी उतारने वाले दबंगों ने परिचालक का सिर फोड़ा

**मथुरा।** वृन्दावन बस स्टैण्ड से बरसाना, गोवर्धन और मथुरा के लिए उत्तर प्रदेश के नगर विकास विभाग द्वारा संचालित बस से जबरन सवारियां उतारने का विरोध करने पर परिचालक से बस स्टैण्ड के सामने स्थित हैप्पी टूर एण्ड ट्रैवल्स के संचालक द्वारा मारपीट कर गंभीर रुप से घायल करने का मामला सामने आया है। घटना को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गए। वहीं सिटी बस चालकों ने घटना के बाद हड़ताल कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

● **विरोध करने पर नगर विकास विभाग की सिटी बस सेवा के परिचालक को दबंगों ने धमकाया**

गौरतलब हो कि थाना जैंत क्षेत्र के ग्राम चैमुहां का रहने वाला प्रशांत पुत्र चरन सिंह बुधवार सुबह लगभग 8 बजे वृन्दावन बस स्टैण्ड के अंदर अपनी ई0वी सिटी बस खड़ी कर सवारियां भर रहा था। वहीं डिपो के अन्य परिचालक विनोद व प्रदीप भी अपनी-अपनी बसों में सवारियां भर रहे थे। इसी दौरान बस स्टैण्ड के सामने स्थित हैप्पी ज्योति टूर एण्ड ट्रैवल्स के मालिक हैप्पी ने बस स्टैण्ड के अंदर आकर अपनी प्राईवेट बस में बिठाने के लिए जबरन सवारियां उतारना शुरू कर दिया। जिसका प्रशांत द्वारा विरोध किया गया तो दंबंगों ने अपने साथियों सहित उस पर हमला बोल दिया गया। जिससे उसके सिर और हाथ-पैरों में गंभीर चोट आई है। अपने साथी को पिटता देख वहां मौजूद विनोद और प्रदीप जब बीच-बचाव कराने पहुंचे तो उनके साथ भी बेरहमी से मारपीट की गई, जिसमें उनकी टिकट काटने की मशीनें क्षतिग्रस्त हो गईं। आरोपियों की टूर-ट्रैवल्स के साथ हलवाई की दुकान भी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वहां मौजूद खाना बनाने के भारी-भरकम उपकरणों से मारपीट की गई। जिससे प्रतीत होता है कि घटना को अंजाम देने के पीछे पूर्व नियोजित रणनीति रही। मारपीट करने के बाद हमलावर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग खड़े हुए। घटना के बाद बस स्टैण्ड पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। वहीं दूसरी ओर घटना ने बस स्टैण्ड पर यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। इस संबंध में पुलिस ने बीएनएस की धारा 115/2, 352, 351/3 और 324/4 के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। वहीं ई-बस सेवा के चालक-परिचालकों ने तत्काल प्रभाव से सेवाओं को ठप कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

## जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक आयोजित हुई




**फिरोजाबाद।** डीएम रमेश रंजन के निर्देशन में विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई, इस बैठक में जनपद के जनप्रतिनिधियों और जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतिभाग किया,इस बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा करना और उनमें गति लाना था, सर्वप्रथम परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के बारें में विस्तार से जानकारी साझा की,उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों को बिना किसी विलम्ब के किस्तों का भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है और चयन प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है, उपस्थित जन प्रतिनिधियों ने धरातल पर आने वाली समस्याओं से समिति को अवगत कराया, सदस्यों ने कहा कि नागरिकों के कार्य में विलंब न किया जाए और उनकी समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाए, समिति को आश्वस्त किया गया की प्राथमिकता के आधार पर नागरिकों की समस्याओं का समाधान होगा, इसी तरह पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने पेंशन योजना एवं शादी अनुदान के बारे में विस्तार से लोगों को अवगत कराया, इस बैठक के दौरान ब्लाक प्रमुख डॉ. लक्ष्मी नारायण यादव,समस्त बीडीओ इत्यादि उपस्थित रहे।

## पुलिस ने सात जुआरियों को किया गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना टूंडला पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर सात जुआरियो को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 4780 रुपए व एक ताश की गडडी बरामद की है। जिन्हें पुलिस ने जेल भेजा है। थाना टूंडला पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर भाव सिंह के मकान के खंडहर के पास नगला सलेमपुर खार से सात जुआरियो को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये जुआरियो के पास से 4780 रुपए,एक ताश की गडडी बरामद हुई है। पकड़े गये जुआरियो ने अपने नाम भारतवीर उर्फ बच्चू सिंह पुत्र श्यामा लाल, कुँवरपाल पुत्र अवधेश कुमार, शिवकुमार उर्फ शिवा पुत्र रामकिशोर भूप सिंह पुत्र प्रताप सिंह,रिषी पुत्र प्रताप सिंह उमेश पुत्र ज्ञान सिंह, असलम पुत्र इस्माइल खाँ निवासीगण सलेमपुर नगला खार थाना टूंडला जिला फिरोजाबाद बताया जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, शैलेन्द्र शर्मा, अरविन्द कुमार भूरी सिंह आदि प्रमुख है।

## यूजीसी के विरोध में करणी सेना ने उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**टूंडला।** श्री राजपूत करणी सेना द्वारा तहसील प्रांगण में यूजीसी एक्ट के खिलाफ प्रधानमंत्री और महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को दिया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे, इस दौरान जिला अध्यक्ष संजय सिंह परमार ने कहा कि यूजीसी एक्ट सवर्ण समाज के यूनिवर्सिटीयो में उच्च अध्ययन करने वाले छात्रों के भविष्य को खराब करने का कार्य करेगा और समाज में जातिय हिंसा और भेदभावपूर्ण व्यवहार करने के लिए बाध्य करेगा और कैम्पसो में दंगा कराने का कार्य करेगा एक तरफ सरकार सबका साथ सबका विकास की बात कह रही है और समरसता के साथ सभी का भेदभाव खत्म करना चहाती है तो यूजीसी जैसे काले कानून के रहते देश का कल्याण नहीं हो सकता,प्रधानमंत्री और महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन के माध्यम से सवर्ण समाज की बात कहने के लिए दिया है। और राष्ट्रीय अध्यक्ष राजपूत करणी सेना के अग्रिम आदेश के बाद प्रदर्शन किये जाएंगे,ज्ञापन कार्यक्रम में सवर्ण समाज के भाई भी कन्धें से कन्धा मिलाकर विरोध कर रहे हैं जिससे रूपेश शुक्ला हरिमोहन शर्मा दीपक रिछारिया,रघु धाकरे बब्बन चौहान सोनम चौहान सुरजीत सिंह मयंक सिंह आदित्य प्रताप शिव मोहन लोकेश जादौन तरूण शर्मा अजीत जूरैल,सुदीप शर्मा संदीप सिंह उदय प्रताप सिंह राजू शर्मा डी,पी सिंह अखंड प्रताप सिंह हरी ओम शर्मा आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## फर्जी नाम से सनातनी बन किया भूमि का सौदा, अब मांग रहा 25 लाख की रंगदारी

**मथुरा।** धर्मनगरी में पहचान छिपाकर ठगी करने का एक सनसनीखेज प्रकरण प्रकाश में आया है। थाना जैंत क्षेत्र के अंतर्गत एक शातिर युवक ने स्वयं को सनातनी ब्राह्मणबताकर न केवल लाखों की भूमि का बैनामा कर दिया, बल्कि स्वामित्व हस्तांतरण के बाद अब खरीदार से ही 25 लाख रुपये मांग रहा है। पीड़ित को झूठे मुकदमे में फंसाने और जिंदा जलाने की धमकी दी गई है। लंबी टालमटोल के बाद अब न्यायालय के कड़े रुख पर पुलिस ने विभिन्न गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया है।धौलीप्याऊ चंदपुरी थाना हाईवे निवासी आकाश के अनुसार, रामताल निवासी ऋषि ने अपनी पहचान ऋषि पंडित के रूप में प्रस्तुत कर उन्हें जाल में फंसाया। आरोपी और उसकी माता भगवान देई ने सुनरख क्षेत्र में स्थित एक भूखंड का सौदा 84.5 लाख रुपये में तय किया। ऋषि ने पैतृक साक्ष्यों के तौर पर पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र और खतौनी दिखाकर यह विश्वास दिलाया कि वह सनातनी ब्राह्मण है। पीड़ित ने 21 अगस्त 2025 को विधिवत रजिस्ट्री करा ली, किंतु उसे क्या पता था कि वह एक बड़ी साजिश का शिकार हो चुका है। बैनामे के मात्र तीन दिन बाद 24 अगस्त को जब आकाश अपने प्लॉट पर पहुंचे, तो आरोपी ने साथियों संग उन्हें बंधक बना लिया। आरोप है कि शराब के नशे में धुत ऋषि ने न केवल मारपीट की, बल्कि अट्टहास करते हुए अपनी वास्तविक जाति उजागर की। उसने स्पष्ट कहा कि पंडित का मुखौटा उसने केवल ठगी के लिए पहना था। वह जाटव है। अब आरोपी इस सौदे के एवज में 25 लाख रुपये की अतिरिक्त रंगदारी मांग रहा है। मना करने पर पीड़ित पर पेट्रोल छिड़ककर उसे अग्नि के हवाले करने का प्रयास किया गया और एससी-एसटी एक्ट के दुरुपयोग की धमकी दी गई। पीड़ित ने जैंत थाने से लेकर एसएसपी कार्यालय तक न्याय की गुहार लगाई, लेकिन प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई। अंततः न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। न्यायालय के आदेश पर नामजद सहित अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज हुई है। सीओ सादर पीतमपाल सिंह ने बताया न्यायालय के आदेशानुसार अभियुक्तों के विरुद्ध धोखाधड़ी, रंगदारी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# यूजीसी कानून को बताया काला कानून पीएम-गृहमंत्री के विरोध में लगाये नारे




**मथुरा।** बुधवार को सवर्ण समाज और क्षत्रिय राजपूत सभा ने केंद्र सरकार के यूजीसी कानून के विरोध में प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन महाराणा प्रताप भवन, देवीपुरा बाजना बाटी रोड पर ब्रज मंडल क्षत्रिय राजपूत सभा के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर मुकेश सिंह सिकरवार के नेतृत्व में हुआ।

प्रदर्शनकारियों ने यूजीसी कानून को ह्लकाला कानूनह्न बताते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के विरोध में भी नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि यह कानून सामान्य वर्ग के युवाओं के भविष्य और करियर के साथ अन्याय है। उन्होंने मांग की कि इस कानून को तत्काल वापस लिया जाए, अन्यथा आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन स्थल पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। इसमें सीओ रिफाइनरी, थाना हाईवे के एसओ, चैकी इंचार्ज सतोहा और चौकी इंचार्ज आजमपुर सहित पुलिस टीम शामिल थी। मीडिया से बात करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर मुकेश सिंह सिकरवार ने कहा कि सामान्य वर्ग पर पहले से ही एससी-एसटी एक्ट जैसा कानून थोपा गया है, जिससे कई निर्दोष लोगों को जेल जाना पड़ा। उन्होंने दावा किया कि एससी-एसटी एक्ट के अधिकांश मामले फर्जी पाए गए हैं, जिसके आंकड़े हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में उपलब्ध हैं। सिकरवार ने आरोप लगाया कि अब यूजीसी कानून के माध्यम से सामान्य वर्ग के युवाओं को निशाना बनाया जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान कुछ पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का पुतला जलाने का प्रयास किया। मौके पर मौजूद पुलिस ने तुरंत हस्तक्षेप कर पुतला छीन लिया, जिसके बाद पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। पुलिस की सक्रियता से स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया और प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त हुआ।

# राजकीय महिला कॉलेज में प्रतियोगिताएं आयोजित



**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के दिशा निदेर्शानुसार जनपद में 1 से 31 जनवरी तक चलाए जा रहे उप संभागीय परिवहन कार्यालय द्वारा सड़क सुरक्षा माह के तहत सिरसागंज स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें नारायण कॉलेज दाऊदयाल कॉलेज एसआरके कॉलेज व राजकीय महिला कॉलेज सिरसागंज की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान भाषण रंगोली रील निर्माण एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों एवं जन जागरूकता का सशक्त संदेश दिया। आयोजित भाषण प्रतियोगिता में एसआरके पीजी कॉलेज की छात्रा गुनगुन झा ने प्रथम एवं जीजीपीजी कॉलेज की संजना ने द्वितीय और एन.डी.कॉलेज के छात्र रंजीत कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली में खुशी यादव ने प्रथम, अनामिका ने द्वितीय तथा अरुणा दुबे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रील प्रतियोगिता में राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्रा खुशी यादव ने प्रथम, यशपाल सिंह महाविद्यालय की अनामिका ने द्वितीय और दाऊदयाल महिला महाविद्यालय की छात्रा अपूर्णा दुबे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया और नुक्कड़ नाटक में राजकीय महिला महाविद्यालय की टीम ने प्रथम, दाऊदयाल महिला कॉलेजकी टीम ने द्वितीय तथा, यशपाल सिंह महाविद्यालय की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य रूप सुरेश चन्द्र यादव सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी फिरोजाबाद प्रवीन कुमार वाजपेयी यात्री मालकर अधिकारी फिरोजाबाद अखलेश यादव सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक शिवराम गुर्जर परिवहन विभाग डा. कान्ति शर्मा जनपद नोडल अधिकारी डा.राधेश्याम सिंह, संयोजक डा.आशुतोष राय संचालक डा. अनिल कुमार डा.सोनल भार्गव डा. अभिषेक प्रकाश डा.शालिनी सिंह, राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिरसागंज फिरोजाबाद से डा.आशीष श्रीवास्तव, नारायण डिग्री कॉलेज से डा.प्रियंका राजपूत दाऊदयाल महिला कॉलेज से डा.अंजू गोयल, एसआर के कॉलेज से डा.रितु शर्मा, यशपाल सिंह महाविद्यालय से श्रीमती काजल उपस्थित रहे।

## सीबीआई इंस्पेक्टर बनकर रेप केस में पकड़वाने के नाम हुई दो लाख की ठगी

**मथुरा।** बेटे को रेप केस में पकड़ने के नाम पर सीबीआई इंस्पेक्टर बनकर एक व्यक्ति से 1 लाख 90 हजार रुपये के ऑनलाइन ठगी कर ली गई। इसकी रिपोर्ट भी हाइवे थाने में दर्ज करायी गई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

हाइवे थाना अन्तर्गत हंसराज कालोनी में रहने वाले हरप्रसाद शर्मा का कहना है कि 24 जनवरी की दोपहर उनके पास उनके मोबाइल पर विभिन्न मोबाइल नम्बरों से फोन आए जिसमें कहा गया कि आईजी के यहां से सीबीआई इंस्पेक्टर बोल रहा हूं। तुम्हारे बेटे को रेप केस में पकड़ा है। पीड़ित का कहना है कि उन्होंने उसे धमकाया कि अगर तूने किसे से कहा या शिकायत की तो तेरे बेटे को मार देंगे और उसकी लाश तुझे 15 दिन बाद मिलेगी। अगर तू अपने बेटे को जिंदा देखना चाहता है तो 2 लाख रुपये की व्यवस्था कर। पीड़ित का कहना है कि जब उसे इन बातों पर विश्वास नहीं हुआ और उसने अपने बेटे से बात कराने को कहा तो बेटे की आवाज में बात करायी गई, जिसमें उसने कहा कि पापा यह अंकल जो कह रहे हैं वह सही है, जिससे पीड़ित घबरा गया और उसने विभिन्न मोबाइलों पर एक लाख 90 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। इसका खुलासा जब हुआ तब उनका बेटा सकुशल शाम को घर वापस लौटा और उसने बताया कि वह ड्यूटी से आ रहा है और उसके साथ ऐसी कोई घटना नहीं हुई थी। जिससे पीड़ित तो विश्वास हो गया कि वह फ्रॉड का शिकार हुआ है। इस संबंध में पीड़ित की तहरीर पर हाइवे पुलिस ने अपराध पंजीकृत कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। जांच निरीक्षक साइबर सेल प्रमोद कुमार को सौंपी गई है।

## शहजाद खान को मंडलायुक्त ने किया सम्मानित



**फिरोजाबाद।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में आयोजित भव्य कार्यक्रम के अंतर्गत आयुक्त आगरा मंडल आगरा शैलेन्द्र सिंह द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले के पुलिसअधिकारियों कर्मचारियों और समाज सेवियों को सम्मानित किया गया। जिसमे जनपद फिरोजाबाद के टुंडला से समाज सेवी शहजाद खान को समाज में बेहतर व्यवस्था व समाज में शान्ति व सम्पदायिक सौहार्द बनाये रखने व अपना सहारनीय योगदान देने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित मौजूद रहे। इनको सम्मान मिलने पर क्षेत्रीय लोगों व इष्ट मित्रो ने हर्ष व्यक्त किया है।

## मथुरा-वृंदावन नगर निगम कार्यालय पर मतदाताओं ने किया विरोध-प्रदर्शन

मथुरा। एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) मतदाता प्रणाली के तहत जारी नोटिसों में त्रुटि सुधार और सत्यापन को लेकर बुधवार सुबह मथुरा-वृंदावन नगर निगम कार्यालय पर मतदाताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के दौरान नगर निगम परिसर में भारी भीड़ जमा हो गई, जहां लोगों ने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की। नागरिक बड़ी संख्या में 2003 की नामांकन प्रणाली के आधार पर मतदाता सत्यापन के लिए नगर निगम कार्यालय पहुंचे थे। हालांकि, कई मतदाताओं का सत्यापन नहीं हो सका, जिससे उनमें आक्रोश फैल गया। प्रदर्शनकारियों ने नई प्रणाली को अव्यवहारिक और असुरक्षित बताया। दूर-दराज के गांवों और क्षेत्रों से आई महिलाओं ने भी अपनी समस्याओं का उल्लेख करते हुए प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि वे वर्षों से लगातार मतदान करते आ रहे हैं, लेकिन नई व्यवस्था के कारण उन्हें मतदाता सूची से बाहर किए जाने का डर सता रहा है। नागरिकों ने आरोप लगाया कि बिना किसी ठोस कारण के मतदाताओं को परेशान किया जा रहा है, जिससे उनके संवैधानिक अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। इस मुद्दे पर विशेष रूप से मजदूर वर्ग और निम्न आय वर्ग के लोगों में गहरा रोष देखा गया। नके समर्थन में कई अन्य परेशान मतदाता भी धरने में शामिल हो गए और अपनी समस्याओं को उठाते हुए नारेबाजी की। स्थिति बिगड़ती देख सहायक नगर आयुक्त राकेश त्यागी मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों से बातचीत की, उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान का आश्वासन दिया।

## नोएडा, वृंदावन सहित अन्य स्थानों से पांचों लड़कियां बरामद

**मथुरा।** वृन्दावन कोतवाली क्षेत्र के चेतन्य बिहार फेस-2 स्थित राजकीय बालगृह (बालिका) से भागीं सभी किशोरियां पुलिस ने बरामद कर ली हैं। इस सब ने बालगृह की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिये हैं। वृन्दावन पुलिस, सर्विलांस और एसओजी ने पांचों लड़कियों को बरामद कर लिया है। महावन और नौहझील की रहने वाली किशोरियों को तो उनके परिजन ही पुलिस के सुपुर्द कर गये। जबकि अलीगढ की किशोरी को नोएडा से और आगरा की रहने वाली किशोरी को चारधाम वृन्दावन से पकड़ा गया है। एक अन्य किशोरी को एसओजी टीम ने मंगलवार दोपहर बाद हिरासत में लिया है जिसके बारे में अभी पूछताछ चल रही है। इस संबंध में पुलिस ने आगरा के चार लड़कों को भी पूछताछ के लिये हिरासत में ले रखा है जो आगरा की रहने वाली किशोरी से फोन पर बात किया करते थे।

## फर्जी रेप केस की धमकी देकर 50 लाख की रंगदारी मांगने वाली महिला गिरफ्तार

**मथुरा।** शहर कोतवाली पुलिस ने हनी ट्रैप के एक मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया है। महिला पर एक व्यक्ति को बलात्कार के फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप है। पुलिस ने उसके कब्जे से घटना में इस्तेमाल किया गया एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन भी बरामद किया है। शहर कोतवाली पुलिस टीम ने इस मामले में वांछित महिला अभियुक्ता को 27 जनवरी 2026 को शाम करीब 6:30 बजे अमर होटल, पुराने बस स्टैंड क्षेत्र से गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी महिला पुलिस टीम की मदद से की गई। अभियुक्ता के खिलाफ थाना कोतवाली में मुकदमा संख्या 65/2026, धारा 61(2), 127(2), 308(6), 351(3), 352 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। सीओ पीपी सिंह ने बताया कि 27 जनवरी 2026 को प्रदीप शर्मा, निवासी ग्राम पढ़ेरा फरीदपुर, जनपद बरेली ने थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी। प्रदीप शर्मा ने आरोप लगाया कि उसे हनी ट्रैप में फंसाया गया। दो महिलाओं और तीन अन्य अज्ञात व्यक्तियों ने उसे बलात्कार के फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर 50 लाख रुपये की मांग की। शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने पीड़ित के साथ गाली-गलौज की, उसे बंधक बनाया और जान से मारने की धमकी भी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान एक महिला अभियुक्ता की संलिप्तता सामने आई, जिसके बाद पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्ता के पास से एक ओप्पो कंपनी का एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद हुआ है, जिसका उपयोग हनी ट्रैप की घटना में किया गया था। पुलिस ने बताया कि इस मामले में अन्य अभियुक्तों की तलाश जारी है और उन्हें भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# विकास प्राधिकरण की 108वीं बोर्ड बैठक संपन्न



**मथुरा।** आयुक्त, आगरा मंडल, आगरा/अध्यक्ष, मथुरा-वृन्दावन विप्रा शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण की 108वीं बोर्ड बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण के वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित आय-व्ययक (बजट) को अनुमोदन प्रदान किया गया, जिसमें कुल रुपए 2082.84 करोड़ के आय-व्यय का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही रुपए 2053.57 करोड़ के प्रस्तावित व्यय को भी स्वीकृति दी गई। बैठक में टीबी बोर्ड एवं सीबीआई से संबंधित माननीय उच्चतम न्यायालय से संलग्न विभिन्न प्रकरणों की पैरवी हेतु अधिवक्ता नियुक्त करने की स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही टीबी बोर्ड एवं सीबीआई कोर्ट हेतु विशिष्टताओं के आधार पर विभिन्न पदों पर नियुक्ति किए जाने के प्रस्तावों को अनुमोदन दिया गया, जिनमें 05 अन्य अभियंता, 1 शहरी एक्सपर्ट, 1 जीआईएस एक्सपर्ट, 1 प्रोक्योरमेंट सलाहकार की आउटसोर्स माध्यम से नियुक्ति शामिल है। बैठक में तहसील सदर के ग्राम जैंत में प्राधिकरण द्वारा विकसित की जा रही आवासीय योजना में मानचित्रों में आंशिक संशोधन को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त गोवर्धन विकास आवासीय योजना के अंतर्गत प्राधिकरण की महायोजना-2031 के प्रस्तावित विकास क्रियान्वयन हेतु जोनल प्लान तैयार किए जाने तथा कॉरिडोर मॉडल के माध्यम से विभिन्न प्रतिष्ठानों के अंतर्गत क्लास-शॉप आवासीय योजना की दुकानों की सेल किए जाने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

समीक्षा के दौरान प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं, परियोजनाओं की प्रगति तथा बोर्ड बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि बोर्ड बैठक में अनुमोदित प्रस्तावों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विकास कार्यों में पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन तथा कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण एवं जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने पर बल दिया गया। मंडलायुक्त ने कहा कि मथुरा-वृन्दावन क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्राधिकरण की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। बैठक में अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने एवं नियमित रूप से प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। बैठक में डीएम चंद्र प्रकाश सिंह, उपाध्यक्ष मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण लक्ष्मी एन, नगर आयुक्त नगर निगम मथुरा वृन्दावन जग प्रवेश, सचिव मथुरा वृन्दावन विप्रा आशीष सिंह, मुख्य नगर नियोजक, प्राधिकरण बोर्ड के सदस्य तथा गैर-सरकारी सदस्य उपस्थित रहे।

संक्षेप

## नौकरियों के सृजन में सक्रियता बढ़ायेगी वाधवानी फाउण्डेशन

तमिलनाडु। उद्यमिता, कौशल विकास, नवाचार और सरकारी डिजिटल कायाकल्प के जरिए रोजगार सृजन पर काम कर रही वैश्विक गैर लाभकारी संस्था वाधवानी फाउंडेशन भारत में अपने विकास के अगले चरण में प्रवेश कर रही है। इसके तहत उत्तर प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तमिलनाडु के 15 चुनिंदा शहरों में जमीनी स्तर पर काम को मजबूत किया जाएगा। इसके अलावा फाउंडेशन 25 लाख नौकरियां सृजित करने और 60 लाख लोगों को रोजगार दिलाने के लिए राज्य और शहर स्तर पर अपनी पकड़ और सक्रियता बढ़ाएगी। साल 2025 की शानदार सफलता को देखते हुए, हम 2026 में अपना निवेश बढ़ा रहे हैं और भारत में अपनी टीम का विस्तार कर रहे हैं ताकि राज्यों और शहरों में काम को और मजबूती दी जा सके।

## हिमालया वेलनेस और आरसीबी महिला टीम में हुई साझेदारी

बंगलुरु। हिमालया वेलनेस ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर वंडर वुमन अकादमी का अनावरण किया। यह शुरूआत वंडर वुमन पहल की गति को आगे बढ़ाते हुए, जो युवा लड़कियों को चुनौतियों से उबरने में सहायता करती है और उन्हें अपने चुने हुए क्षेत्रों में नंबर 1 बनने के लिए प्रेरित करती है। यह प्लेटफॉर्म युवा लड़कियों और उनकी पसंदीदा महिला क्रिकेटरों के बीच की दूरी को कम करणे के लिए तैयार किया गया है। वंडर वुमन महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए असली और ठोस मौके देने के उद्देश्य से बनाई गई है।

## पथ्य को आईएमडी बिजनेस स्कूल लूजान की केस स्टडी में किया गया शामिल

बंगलुरु। सस्टेनेबल और दायित्वपूर्ण आतिथ्य हेतु की गई इंडियन होटल्स कंपनी की पहल पथ्य को इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर मैनेजमेंट डेवलपमेंट (आईएमडी बिजनेस स्कूल) लूजान स्विटजरलैंड की एक विस्तृत केस स्टडी में शामिल किया गया है। यह स्टडी सस्टेनेबिलिटी के लिए आईएचसीएल के संरचित तरीके और व्यापार रणनीतिक में इसके एकीकरण की पड़ताल करती हैं। भारत की हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में अग्रदूत के तौर पर आईएचसीएल ने इस क्षेत्र में कई मानक स्थापित किए हैं, जो लगातार विकसित हो रहे हैं। आज, हॉस्पिटैलिटी को सस्टेनेबल बनाना एक साझा जिम्मेदारी है। पथ्य एक ऐसे भविष्य की राह है जहां वृद्धि और जिम्मेदारी साथ-साथ चलें।

## ड्रामा गुस्तामख इश्कम का प्रीमियर जियो हॉटस्टासर पर

मुंबई। मनीष मल्होत्रा द्वारा निर्मित रोमांटिक ड्रामा 'गुस्ताख इश्क' का प्रीमियर 27 जनवरी से जियोहॉटस्टार पर होने जा रहा है। इस फिल्म में फातिमा सना शेख और विजय वर्मा मुख्य भूमिकाओं में हैं, साथ ही नसीरुद्दीन शाह, नताशा रस्तोगी, जया भट्टाचार्य, शारिब हाशमी, जैन खान दुर्रानी, फैसल राशिद जैसे कलाकार भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे और इसका निर्देशन विभु पुरी ने किया है। गुस्ताख इश्क एक भावनात्मक प्रेम कहानी है, जो उन जज्बातों को दिखाती है जिन्हें अक्सर कहा नहीं जाता। यह फिल्म प्यार के उस रूप को सामने लाती है जिसमें तड़प, संवेदनशीलता और खामोशी से किया गया विद्रोह शामिल है।

## वेडिंग लोकेशन के रूप में उभर रहा हयात प्लेस बुटवल

नई दिल्ली। जैसे-जैसे भारतीय कपल्स अपनी डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए एक्सॉटिक और इंटिमेट वेन्यूजकी तलाश बढ़ा रहे हैं, वैसे-वैसे नए और खास स्थानों की मांग भी तेजी से बढ़ रही है। हिमालय की तलहटी में स्थितहाल ही में शुरू हुआ प्रीमियम होटलहयात प्लेस बुटवलइस ट्रेंड को नया आयाम दे रहा है। यहबुटवल शहर का पहला अंतरराष्ट्रीय ब्रांडेड फाइव-स्टार होटल है, जो भारतीय कपल्स के लिए एकड्रीम डेस्टिनेशन वेडिंग लोकेशन के रूप में तेजी से उभर रहा है।

## जी5 ने जारी किया शबद रीत और रिवाज का ट्रेलर

मुंबई। जी5 ने आज अपनी आने वाली हिंदी ओरिजिनल सीरीज शबद-रीत और रिवाज का ट्रेलर जारी किया। यह छह एपिसोड की भावनात्मक ड्रामा सीरीज है, जो पिता पुत्र के रिश्ते की नाजुक भावनाओं, पीढ़ियों की अपेक्षाओं और अपनी अलग पहचान बनाने के साहस को दर्शाती है। रस्क मीडिया द्वारा निर्मित और अमीत गुप्ता के निर्देशन में बनी इस सीरीज में मिहिर आहूजा और सुविंदर विक्की मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस सीरीज का प्रीमियर 6 फरवरी को, विशेष रूप से हिंदी जी5 पर किया जाएगा।

# 487 अंक उछला सेंसेक्स



मुंबई। भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता से बढ़े उत्साह के बीच बुधवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन तेजी के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 487 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी में 167 अंकों की तेजी रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 487.20 अंक यानी 0.60 प्रतिशत उछलकर 82,344.68 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 646.49 अंक की तेजी के साथ 82,503.97 अंक तक पहुंच गया था। वहीं एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी 167.35 अंक यानी 0.66 प्रतिशत बढ़कर 25,342.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर दिसंबर तिमाही के नतीजों के बाद करीब नौ प्रतिशत तक उछल गए। इसके अलावा इटर्नल, बजाज फाइनेंस, पावर ग्रिड, ट्रेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में भी तेजी रही। दूसरी तरफ, एशियन पेंट्स के शेयरों में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। इसके अलावा मारुति सुजुकी, सन फार्मा, इन्फोसिस और भारती एयरटेल के शेयर भी नुकसान में रहे। भारत और यूरोपीय संघ के बीच एफटीए को अंतिम रूप देने से लगभग दो अरब लोगों का बाजार बनेगा और यह वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के करीब एक चौथाई हिस्से को कवर करेगा। इस समझौते से यूरोपीय संघ को 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात पर शुल्क घटेगा, जबकि ईयू से 97 प्रतिशत आयात पर भारत में शुल्क कम होगा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, मंगलवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 3,068.49 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 8,999.71 करोड़ रुपये की शुद्ध खरीदारी की।

# न्यूजीलैंड ने भारत को दिया 216 रन का लक्ष्य

एजेंसी



विशाखापत्तनम। न्यूजीलैंड ने टी-20 सीरीज के चौथे मैच में भारत को जीत के लिए 216 रन का टारगेट दिया है। विशाखापट्टनम के डॉ. वाईएस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए स्टेडियम में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी है। न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 215 रन बनाए। टिम साइफर्ट ने 62 रन की पारी खेली। जबकि ओपनर डेवोन कॉन्वे ने 44 रन बनाए। दोनों के बीच 100 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप हुई। भारत की ओर से अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव ने 2-2 विकेट झटके। जसप्रीत बुमराह और रवि बिश्नोई को एक-एक विकेट मिला। 19वें ओवर में न्यूजीलैंड ने 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। मैट हेनरी ने बुमराह की आखिरी बॉल पर चौका लगाकर टीम को 200 पार पहुंचाया। बुमराह के इस ओवर से 19 रन आए। 18वें ओवर की आखिरी बॉल पर अर्शदीप सिंह ने जैक फाउलकस (13 रन) को रिंकू सिंह के हाथों कैच कराया। रिंकू ने मैच में चौथा कैच लिया है। अर्शदीप ने टिम साइफर्ट (62 रन) को भी आउट किया। वहीं, कुलदीप यादव ने ग्लेन फिलिप्स (24 रन) और डेवोन कॉन्वे (44 रन) के विकेट झटके। 17वें ओवर में न्यूजीलैंड ने छठा विकेट गंवाया। यहां पर कप्तान मिचेल सैंटनर 11 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें हार्दिक पंड्या ने डायरेक्ट थ्रो पर रनआउट किया। 16वें ओवर की पहली बॉल पर रवि बिश्नोई ने मार्क चैपमैन को पवेलियन की राह दिखाई। उन्हें हर्षित राणा ने कैच किया। बिश्नोई को पहला विकेट मिला है। 15वें ओवर में न्यूजीलैंड ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया। डेरिल मिचेल ने हर्षित राण के ओवर की आखिरी बॉल पर वाइड लॉन्ग ऑफ पर छक्का लगाया और टीम स्कोर 150 पार पहुंचाया। 14वें ओवर की चौथी बॉल पर कुलदीप यादव ने ग्लेन फिलिप्स को रिंकू सिंह के हाथों कैच कराया। फिलिप्स 24 रन बनाकर आउट हुए। कुलदीप ने डेवोन कॉन्वे (44 रन) का विकेट लेकर ओपनिंग पार्टनरशिप भी ब्रेक की। 13वें ओवर में अर्शदीप सिंह ने टिम साइफर्ट को रिंकू सिंह के हाथों कैच कराया। साईफर्ट 62 रन बनाकर आउट हुए। अर्शदीप की ऑफ कटर बॉल को साईफर्ट लॉन्ग ऑफ में रिंकू सिंह के हाथों में मार बैठे। रिंकू ने कोई गलती नहीं की। 10वां ओवर डाल रहे जसप्रीत बुमराह ने भारत को दूसरा विकेट दिलाया। उन्होंने अपनी पहली बॉल पर रचिन रवींद्र को कैच एंड बोल्ड किया। रचिन 2 रन ही बना सके। 9वें ओवर में कुलदीप यादव ने डेवोन कॉन्वे (44 रन) को रिंकू सिंह के हाथों कैच कराया। इसी के साथ शतकीय साझेदारी टूट गई। 8वें ओवर में टिम साईफर्ट ने हाफ सेंचुरी पूरी की।

## केंद्र ने तमिलनाडु में एफपीओ की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय समिति का गठन किया

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि उसने तमिलनाडु में किसान-उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के कामकाज की समीक्षा करने और सुधारात्मक उपाय सुझाने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। समिति को दो महीने के भीतर अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। यह निर्णय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के हाल ही में इरोड दौरे के बाद लिया गया।

जहां उन्होंने किसानों और अन्य संबंधित लोगों के साथ एफपीओ को होने वाली संचालन, तकनीकी और बाजार संबंधी चुनौतियों पर चर्चा की। मंत्रालय ने बयान में कहा, इन सूचनाओं पर तेजी से कार्वाई करते हुए मंत्रालय ने राज्य में एफपीओ के प्रदर्शन का अध्ययन करने और उपयुक्त सुधारात्मक उपाय सुझाने के लिए समिति के गठन को मंजूरी दे दी है।

समिति में नाबार्ड, नेफेड, एसएफएसी-तमिलनाडु, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद - राष्ट्रीय केला अनुसंधान केंद्र (एनआरसीबी), एफपीओ प्रतिनिधि, गैर सरकारी संगठन और कृषि और किसान कल्याण विभाग के अधिकारी शामिल हैं, जो एक व्यापक और क्षेत्र-उन्मुख मूल्यांकन सुनिश्चित करते हैं। यह समिति एफपीओ को प्रभावित करने वाले मुख्य मुद्दों की समीक्षा करेगी।

## रुपया 11 पैसे टूटकर 91.79 प्रति डॉलर पर



मुंबई। रुपया बुधवार को शुरुआती बढ़त को गंवा बैठा और अंत में 11 पैसे टूटकर 91.79 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। डॉलर सूचकांक में गिरावट से मिल रहा समर्थन लगातार विदेशी पूंजी की निकासी से बेअसर हो गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी डॉलर सूचकांक में नरमी और यूरोप के साथ लंबे समय से प्रतीक्षित व्यापारिक समझौते से मिली राहत से रुपया मजबूती से खुला था। हालांकि, विदेशी पूंजी की निकासी के दबाव और वैश्विक स्तर पर जारी तनाव से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 91.60 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान 91.50 प्रति डॉलर के उच्च स्तर तक पहुंचा लेकिन बाद में इसमें गिरावट आई और यह डॉलर के मुकाबले 91.83 के निम्न स्तर पर पहुंच गया। अंत में 91.79 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 11 पैसे की गिरावट है। रुपया मंगलवार को अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबरते हुए 22 पैसे चढ़कर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 91.68 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 96.14 पर रहा। घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स 487.20 अंक चढ़कर 82,344.68 अंक पर जबकि निफ्टी 167.35 अंक की बढ़त के साथ 25,342.75 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.43 प्रतिशत की बढ़त के साथ 67.28 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) मंगलवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 3,068.49 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## भारत-यूरोपीय संघ के समझौतों से युवाओं को मिलेंगे अनगिनत अवसर : पीएम मोदी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत द्वारा कई देशों के साथ किये गए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और एक दिन पहले दिल्ली में भारत- यूरोपीय संघ के बीच हुए ऐतिहासिक एफटीए से लाखों भारतीय युवाओं के लिए अवसर के अनगिनत द्वार खुलेंगे।

उन्होंने दिल्ली छावनी में आयोजित वार्षिक राष्ट्रीय कैडेट कोर पीएम रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पूरी दुनिया भारत के युवाओं को बहुत भरोसे से देख रही है और इस भरोसे का कारण कौशल और संस्कार है। मैंने लाल किले से संबोधित करते हुए कहा था, यही समय है, सही समय है। देश के युवाओं के लिए यह अधिकतम अवसरों का समय है। उन्होंने रेखांकित किया कि सरकार का प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि युवाओं को इस अवधि का अधिक से अधिक लाभ मिले प्रधानमंत्री ने कहा कि इसका एक उदाहरण आपने कल ही देखा।

## दीर्घकालिक विजन के साथ एकीकृत हो बजटः राजन

नयी दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने बुधवार को सुझाव दिया कि आगामी बजट को एक दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ एकीकृत किया जाना चाहिए ताकि भारतीय अर्थव्यवस्था को अधिक जुझारू एवं स्वतंत्र बनाया जा सके।

साथ ही वृद्धि को गति दी जा सके क्योंकि दुनिया एक बेहद खतरनाक दौर से गुजर रही है। राजन ने कहा कि पहले भारत में पंचवर्षीय योजनाएं थीं लेकिन तब भी देश का बजट अच्छी तरह से एकीकृत नहीं था। मेरा मानना है कि (2026-27 का केंद्रीय बजट) एक दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ एकीकृत होना चाहिए। हम एक अर्थव्यवस्था के रूप में अधिक जुझारू, अधिक स्वतंत्र और तेजी से वृद्धि कैसे करें, ताकि अन्य सभी देश भारत के मित्र बनना चाहें। इसके लिए काफी मेहनत की आवश्यकता है और मुझे उम्मीद है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का अगला बजट हमें उस दिशा में ले जाएगा। सीतारमण एक फरवरी को केंद्रीय बजट पेश करेंगी जिसमें अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति के बीच आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए सुधारात्मक उपायों को शामिल किए जाने की उम्मीद है। राजन ने कहा कि वैश्विक एवं भारतीय अर्थव्यवस्था दोनों के लिए यह बेहद खतरनाक समय है हालांकि कृत्रिम मेधा में भारी निवेश से हमें कई सकारात्मक अवसर भी मिल रहे हैं।

## टोयोटा का अर्बन क्रूजर हाइराइडर के लिए क्यूरेटेड टेक पैकेज लॉन्च

बेंगलुरु। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज अपनी लोकप्रिय एसयूवी, अर्बन क्रूजर हाइराइडर के लिए एक क्यूरेटेड टेक पैकेज पेश किया है, जिसका मकसद इसकी ओवरऑल अपील को बढ़ाना है। रोजाना ड्राइविंग कम्फर्ट और सुविधा को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया, यह टेक पैकेज स्मार्ट, सहज टेक्नोलॉजी को एक साथ लाता है जो हर यात्रा को सुरक्षित, अधिक कनेक्टेड और खास तौर पर प्रीमियम बनाती है। सभी अर्बन क्रूजर हाइराइडर वेरिएंट में उपलब्ध, इस पैकेज में तीन अच्छी तरह से क्यूरेटेड टोयोटा जेनुइन एक्सेसरीज शामिल हैं एम्बिएंट लाइटिंग केबिन को एक हल्की और कस्टमाइजेबल रोशनी से रोशन करती है, जिससे अधिक बेहतर और आरामदायक ड्राइविंग अनुभव के लिए इंटीरियर का माहौल बेहतर होता है। हेड्स-अप-डिस्प्ले एचयूडी डिस्प्ले पर गाड़ी की मुख्य जानकारी दिखाता है।

## सैमसंग जल्द ही पेश करेगा प्राइवेसी की एक नयी लेयर

नई दिल्ली। आपकी रोजमर्रा की ज़िंदगी के पलों को सच में आपका बनाए रखने के लिए प्राइवेसी के लिए एक नई शुरूआत हमारे फोन हमारी सबसे पर्सनल जगह होते हैं, लेकिन हम उन्हें सबसे कम प्राइवेट जगहों पर इस्तेमाल करते हैं। बस में, लिफ्ट में, और जहाँ भी हम लाइन में इंतजार कर रहे होते हैं, हमारी डिजिटल बातें सबके सामने आ जाती हैं। और जैसे-जैसे फोन हमारी आदतों और पसंद के हिसाब से होते जा रहे हैं, प्राइवेसी को लेकर चिंताएँ बढ़ती जा रही हैं। इसीलिए सैमसंग जल्द ही प्राइवेसी की एक नई लेयर पेश करेगा ताकि आप जहाँ भी जाएँ, आपका फोन शोल्डर सर्फिंग से सुरक्षित रहे। आपको पब्लिक ट्रांसपोर्ट में अपने मैसेज चेक करने या पासवर्ड डालने के लिए जगह मिलेगी, बिना यह सोचे कि कौन देख रहा है।

## चांदी रिकॉर्ड 3.85 लाख प्रति किलो पर सोना 1.71 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को सोना और चांदी की कीमतों में तेजी का सिलसिला जारी रहा। कमजोर अमेरिकी डॉलर और वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच दोनों नए शिखर पर पहुंच गए। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, चांदी में लगातार तीसरे दिन तेजी आई और यह 15,000 रुपये यानी 4.05 प्रतिशत बढ़कर 3,85,000 रुपये (सभी कर सहित) प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले सत्र में यह 3,70,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर थी, जबकि शुक्रवार को यह 3,29,500 रुपये प्रति किलोग्राम थी। सर्राफा बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 5,000 रुपये यानी तीन प्रतिशत बढ़कर 1,71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के नए शिखर पर पहुंच गया। कारोबारियों के अनुसार, मंगलवार को यह 1,66,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोना और चांदी लगातार मजबूत तेजी दिखा रही है और कीमतों को ऊपर जाने के लिए हर दिन नए कारण मिल रहे हैं। गांधी ने बताया कि मुख्य रूप से वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव और व्यापार संबंधित अनिश्चितताओं के कारण सुरक्षित निवेश के रूप में इन कीमती धातुओं की निवेश मांग बढ़ रही है। अंतराष्ट्रीय बाजार में डॉलर सूचकांक कमजोर रहा, जिससे सोने और चांदी की कीमतों को और समर्थन मिला। सोना 74.57 अमेरिकी डॉलर यानी 1.44 प्रतिशत बढ़कर 5,256.35 प्रति औंस अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया। वैश्विक बाजार में यह कारोबारी सत्र में 5,311.38 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के नए रिकॉर्ड पर पहुंच गया था। हाजिर बाजार में सोने में बुधवार को लगातार आठवें दिन तेजी रही।

## औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर दिसंबर में दो साल के उच्चतम स्तर 7.8 प्रतिशत पर

नयी दिल्ली। खनन, विनिर्माण एवं बिजली क्षेत्रों में मजबूत प्रदर्शन से देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर दिसंबर 2025 में दो साल से अधिक के उच्चतम स्तर 7.8 प्रतिशत पर पहुंच गई। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापा जाने वाला औद्योगिक उत्पादन दिसंबर 2024 में 3.7 प्रतिशत बढ़ा था। आधिकारिक बयान में कहा गया, दिसंबर 2025 में औद्योगिक गति और मजबूत हुई क्योंकि औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 7.8 प्रतिशत बढ़कर दो वर्ष से अधिक के अपने उच्च स्तर पर पहुंच गया। नवंबर 2025 में इसमें 7.2 प्रतिशत (संशोधित) की वृद्धि दर्ज की गई थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने नवंबर 2025 के लिए औद्योगिक उत्पादन वृद्धि के अनुमान को पिछले महीने जारी किए गए 6.7 प्रतिशत के अस्थायी अनुमान से संशोधित करके 7.2 प्रतिशत कर दिया है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-दिसंबर अवधि के दौरान देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर घटकर 3.9 प्रतिशत रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 4.1 प्रतिशत थी। एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर 2025 में विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादन में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो दिसंबर 2024 में 3.7 प्रतिशत रही थी। इसमें कहा गया, विनिर्माण क्षेत्र में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज करने वाले उद्योग कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक व ऑप्टिकल उत्पाद (34.9 प्रतिशत), मोटर वाहन, ट्रेलर व सेमी-ट्रेलर (33.5 प्रतिशत) और अन्य परिवहन उपकरण (25.1 प्रतिशत) हैं। खनन उत्पादन में 6.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जो दिसंबर 2024 में 2.7 प्रतिशत थी। बिजली उत्पादन में दिसंबर 2025 में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि 2024 की इसी महीने में यह 6.2 प्रतिशत थी। उपयोग-आधारित वर्गीकरण के अनुसार दिसंबर 2025 में सालाना आधार पर प्राथमिक वस्तुओं की वृद्धि दर 4.4 प्रतिशत, पूंजीगत वस्तुओं में 8.1 प्रतिशत, मध्यवर्ती वस्तुओं में 7.5 प्रतिशत, अवसंरचनाानिर्माण वस्तुओं में 12.1 प्रतिशत, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं में 12.3 प्रतिशत और उपभोक्ता गैर-टिकाऊवस्तुओं में 8.3 प्रतिशत रही।

# पेज एक का शेष

### भारत-कनाडा

कच्चे तेल की आपूर्ति और भारत से कनाडा को रिफाइंड पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति शामिल है। मंत्रियों ने एक-दूसरे के ऊर्जा क्षेत्रों में संयुक्त वाणिज्यिक और निवेश साझेदारी के महत्व को स्वीकार किया। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बताया कि भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता, चौथा सबसे बड़ा एलएनजी आयातक, तीसरा सबसे बड़ा एलपीजी उपभोक्ता और चौथा सबसे बड़ी शोधन क्षमता वाला देश होने के नाते, भारत के वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य के केंद्र में बने रहने का अनुमान है। अगले दो दशकों में वैश्विक ऊर्जा मांग में होने वाली बढ़ोतरी में भारत का योगदान एक तिहाई से अधिक होगा, जो किसी भी देश की ओर से किया जाने वाला सबसे बड़ा योगदान है।

### विकास को जाति

हैं। सरकार निमित्त मात्र है, हम बिना भेदभाव पैसा दे देते हैं। हमने 25 करोड़ की आबादी को परिवार मानकर विकास के अभियान को बढ़ाया है। सीएम ने नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय व सपा विधायक सैयदा खातून को इस आयोजन में शामिल होने के लिए धन्यवाद दिया और आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन हताशा-निराशा के लिए नहीं, बल्कि उत्साह-उमंग और एक-दूसरे के साथ मिलकर विकास के अभियान को बढ़ाने के लिए मिला है। हर जगह काट-छांट नहीं होनी चाहिए। प्रयास अच्छी सोच के साथ प्रारंभ करें। सीएम योगी ने कहा कि सरकार बांटकर विकास नहीं कर सकती।

सीएम योगी ने अजित पवार के निधन पर जताया शोक*

मुख्यमंत्री ने बुधवार को विमान हादसे में जान गंवाने वाले महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन पर शोक प्रकट कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम योगी ने स्व. पवार की स्मृतियों को नमन करते हुए उनके परिवार के प्रति संवेदना जताई। उन्होंने दुर्घटना में दिवंगत हुए अन्य लोगों को भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की।

### एक ही परिवार

पीटा। इस हमले में कौशल्या की मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने जांच पूरी करने के बाद सभी आरोपियों के विरुद्ध चार्जशीट न्यायालय में प्रेषित कर दिया। अभियोजन पक्ष की तरफ से जिला शासकीय अधिवक्ता प्रियदर्शी पियूष त्रिपाठी तथा सहायक शासकीय अधिवक्ता दीपक मिश्रा ने कुल आठ गवाहों को न्यायालय में परीक्षित कराया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने आरोपी राजकुमार, दीपक उर्फ अमित, मनीष उर्फ डंपी, सतीश उर्फ पम्पी तथा आशा को आजीवन कारावास और प्रत्येक पर 61500 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं पर्याप्त सबूत के अभाव में अलका को दोष मुक्त कर दिया।

### पुणे में

ने जांच का जिम्मा संभाल लिया है। बयान के अनुसार, वीएसआर वेंचर्स के बेड़े में सात लियरजेट 45 विमान (जिसमें यह दुर्घटनाग्रस्त विमान भी शामिल है), पांच एम्बरर 135बीजे विमान, चार किंग एयर बी200 विमान और एक पिलाटस पीसी-12 विमान शामिल हैं।

उड़ानों की निगरानी करने वाली फ्लाइटरडार के अनुसार, विमान ने मुंबई से सुबह आठ बजकर 10 मिनट पर उड़ान भरी और सुबह लगभग आठ बजकर 45 मिनट पर यह रडार से गायब हो गया।

### विमान की

जौनपुर की रहने वाली थीं। उनके पिता शिव कुमार माली मुंबई में टैक्सी चलाते हैं और शिवसेना से भी जुड़े हुए हैं। बेटी की मौत की खबर के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। जौनपुर में पिंकी का घर जिला मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर, केराकत तहसील के भैंसा गांव में है। पिंकी के भाई करन ने बताया कि सुबह फोन पर पिंकी ने कहा था कि वह बारामती से नांदेड़ जा रही है। इसके बाद उसका कोई मैसेज या कॉल नहीं आया। गांव के रहने वाले अशोक सिंह ने बताया कि पिंकी के पिता का गांव से गहरा जुड़ाव था। वे हर साल गांव में दुर्गा पूजा कराते थे और दो महीने पहले भी गांव आए थे। पिंकी के परिवार में एक भाई करन और एक बहन प्रीति हैं। 29 साल की पिंकी मुंबई में वरली के सेंचुरी क्वार्टर इलाके में रहती थीं।

### मोदी, शाह

प्रशासनिक मामलों की उनकी समझ तथा गरीबों एवं वंचितों को सशक्त बनाने के प्रति उनका समर्पण भी उल्लेखनीय था। उनकी असामयिक मृत्यु से बेहद दुखी और स्तब्ध हूं। उनके परिवार और उनके असंख्य समर्थकों के प्रति मेरी संवेदनाएं। ओम शांति। शाह ने कहा कि पवार की मृत्यु न केवल राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) परिवार, बल्कि उनके लिए भी एक व्यक्तिगत क्षति है।

### देश की

हुआ है, जिसका सीधा लाभ गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों को मिला है। राष्ट्रपति ने कहा, सरकार की नीतियों के कारण देशवासियों की आय बढ़ी है, बचत बढ़ी है और खरीद शक्ति में भी वृद्धि हुई है। राष्ट्रपति ने सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा, सरकार रिफॉर्म्स एक्सप्रेस के रास्ते पर चल रही है। पुराने नियमों और प्रावधानों को, भविष्य की जरूरतों के हिसाब से निरंतर बदला जा रहा है। उन्होंने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में अगली पीढ़ी के ऐतिहासिक सुधारों का जिक्र करते हुए कहा कि इससे नागरिकों को करीब एक लाख करोड़ रुपये की बचत हुई है। राष्ट्रपति ने आयकर कानून में बदलाव का भी उल्लेख करते हुए कहा कि 12 लाख रुपये तक की आय को कर-मुक्त करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग को अभूतपूर्व लाभ मिला है और अर्थव्यवस्था को नई रफ्तार मिली है। राष्ट्रपति ने कहा कि नए क्षेत्रों के उभरने के साथ श्रमिकों के हितों की रक्षा भी जरूरी है और इसी उद्देश्य से नए श्रम कानून लागू किए गए हैं। दर्जनों श्रम कानूनों को चार संहिताओं में समेटा गया है, जिससे उचित पारिश्रमिक, भत्तों और कल्याणकारी लाभों तक पहुंच आसान हुई है। उन्होंने बताया कि पिछले 11 वर्षों में पूर्वोत्तर क्षेत्र में 7,200 किलोमीटर से अधिक राष्ट्रीय राजमार्ग बनाए गए हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत करीब 50,000 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण हुआ है जिससे बाजारों, अस्पतालों और स्कूलों तक पहुंच बेहतर हुई है। कृषि क्षेत्र का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि विकसित भारत के लिए समृद्ध किसान सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत अब तक चार लाख करोड़ रुपये से अधिक राशि सीधे किसानों के खातों में भेजी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों से कृषि उत्पादन बढ़ा है और 2024-25 में खाद्यान्न एवं बागवानी फसलों का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है। राष्ट्रपति ने सहकारी आंदोलन को मजबूत करने, पीएलआई योजना के तहत करीब दो लाख करोड़ रुपये के निवेश और 17 लाख करोड़ रुपये से अधिक के उत्पादन का भी उल्लेख किया।

### अजित पवार

से जुड़े एक अहम फैसले में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और विवादरहित बनाने के उद्देश्य से आपसी सहमति के माध्यम से भूमि अर्जन की नई व्यवस्था को मंजूरी दी गई है। इससे विकास परियोजनाओं में अनावश्यक विलंब की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन देने के लिए उधम सिंह नगर स्थित पराग फर्म की उस भूमि को, जो पूर्व में सिडकुल को हस्तांतरित की गई थी, अब सिडकुल द्वारा सब-लीज पर दिए जाने का निर्णय लिया गया है। इससे निवेशकों को सुविधाएं मिलेंगी और औद्योगिक गतिविधियों में तेजी आएगी। जनजाति कल्याण विभाग के प्रशासनिक ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में कैबिनेट ने विभाग के पुनर्गठन को स्वीकृति दी है। इसके तहत चार नए जनजाति कल्याण अधिकारी पदों का सृजन किया गया है, जिससे अनुसूचित जनजाति क्षेत्रों में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में मदद मिलेगी।

### बारिश ने

क्वीन मैरी, मेडिकल कॉलेज गेट, ट्रॉमा सेन्टर, लारी कार्डियोलॉजी, बलरामपुर अस्पताल, परिवर्तन चौक रैन बसेरा, राम मंदिर सुभाष मार्ग, सिविल अस्पताल, नरही, बली खेत योजना भवन, चारबाग रेलवे स्टेशन, गणेशगंज हनुमान मंदिर, भारती भवन के समीप राजेन्द्र नगर और ठठेरी बाजार में अलाव जलाया। उन्होंने सिविल अस्पताल के पास लोगों को निःशुल्क चाय भी पिलाई। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने कहा कि जाड़े भर राजधानी लखनऊ में जगह-जगह अलाव जलवाते रहेंगे। सर्दी में किसी भी जरूरतमंद को कोई परेशानी न हो, इस निमित्त अपनी इस मुहिम को जारी रखेंगे। सेवा भाव में कहीं कोई कमी नहीं आने देंगे। गरीबों, मजदूरों और अन्य जरूरतमंदों को सर्दी से बचाना हमारा कर्तव्य भी है और संकल्प भी है।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

# 16000 कर्मचारियों की छंटनी करेगी अमेजन

न्यूयॉर्क। ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन तीन महीने में दूसरी बार बड़े पैमाने पर छंटनी करते हुए लगभग 16,000 नौकरियों की कटौती कर रही है। कंपनी ने कहा कि उसकी कर्मचारियों की जगह जनरेटिव यानी सृजन से जुड़े कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल करने की योजना है। महामारी के दौरान बढ़ी हुई कार्यबल संख्या को भी धीरे-धीरे कम किया जा रहा है। ई-कॉमर्स कंपनी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष बेथ गैलेटी ने बुधवार को एक ब्लॉग पोस्ट में कहा कि कंपनी विभिन्न स्तरों को घटा रही है, कर्मचारियों की जिम्मेदारी बढ़ा रही है और नौकरशाही को कम कर रही है। गैलेटी ने कहा कि अमेजन की हाल की छंटनी अक्टूबर में हुई नौकरी कटौती के बाद आई हैं, जब कंपनी ने 14,000 कर्मचारियों को निकालने की घोषणा की थी। उन्होंने बताया कि अमेजन की इकाइयों ने अक्टूबर में ये संगठनात्मक बदलाव पूरे कर लिए थे, लेकिन कुछ विभागों ने इसे अब तक पूरा नहीं किया है। गैलेटी ने कहा कि अमेरिका में काम कर रहे कर्मचारियों को कंपनी के भीतर नई भूमिका खोजने के लिए 90 दिन का समय दिया जाएगा। जो कर्मचारी नया पद नहीं पा सकेंगे या नई नौकरी नहीं लेना चाहेंगे, उन्हें नौकरी से निकाले जाने के बाद दी जाने वाली क्षतिपूर्ति, नौकरी खोजने में सहायता सेवाएं और स्वास्थ्य बीमा सुविधाएं दी जाएंगी। गैलेटी ने कहा, इन बदलावों के साथ-साथ हम उन रणनीतिक क्षेत्रों और कार्यों में नियुक्तियां और निवेश भी जारी रखेंगे, जो हमारे भविष्य के लिए बेहद अहम हैं। यह अमेजन की 2023 के बाद सबसे बड़ी छंटनी है, जब कंपनी ने 27,000 नौकरियां खत्म की थीं।

## ईरान की मुद्रा 16 लाख रियाल प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर तक लुढ़की

दुबई। आंतरिक अशांति से जूझ रहे ईरान की मुद्रा रियाल बुधवार को फिसलकर 16 लाख रियाल प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गई। स्थानीय मुद्रा कारोबारियों ने यह जानकारी दी। इसके एक दिन पहले ही रियाल पहली बार 15 लाख प्रति डॉलर के स्तर तक फिसला था। रियाल में तेज गिरावट ऐसे समय में हुई है, जब ईरान में आर्थिक संकट को लेकर शुरू हुए देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों को एक महीना पूरा हो चुका है। ये प्रदर्शन 28 दिसंबर को रियाल के मूल्य में भारी गिरावट के विरोध में शुरू हुए थे और जल्द ही देश के विभिन्न हिस्सों में फैल गए। ईरान की सरकार ने इन प्रदर्शनों पर सख्ती से कार्वाई की है। देश को बीते दो सप्ताह से अधिक समय तक इंटरनेट पाबंदी का भी सामना करना पड़ा है। इस कार्वाई में अब तक कम-से-कम 6,221 लोगों की मौत हो चुकी है।

## ईरान में अशांति का भारतीय कंपनियों पर खास असर नहीं: क्रिसिल

मुंबई। घरेलू क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने बुधवार को कहा कि ईरान में अशांति का भारतीय कंपनियों पर अब तक कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा है।

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि हालांकि तनाव जारी रहने या बढ़ने पर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने की स्थिति में तेल रिफाइनिंग, विमानन और कच्चे तेल से जुड़े क्षेत्रों जैसे विशेष रसायन, पेंट, पेट्रोकेमिकल्स और सिंथेटिक वस्त्र उद्योग पर असर पड़ सकता है। क्रिसिल ने कहा, ईरान में जारी अशांति का अब तक भारत के वैश्विक व्यापार या घरेलू कंपनियों की वित्तीय स्थिति पर कोई खास असर नहीं पड़ा है। रेटिंग एजेंसी के मुताबिक, ईरान की वैश्विक कच्चे तेल की आपूर्ति में चार प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है। यदि वहां तनाव बढ़ता है और उत्पादन बाधित होता है, तो तेल की कीमतें तेजी से बढ़ सकती हैं।

क्रिसिल ने कहा कि ऐसी स्थिति में आयातित कच्चे तेल पर निर्भर भारत जैसे देश को इस स्थिति पर करीबी नजर रखने की जरूरत है।

## मछली पकड़ने वाले बंदरगाह के लिए 199 करोड़ मंजूर

नयी दिल्ली। मत्स्य पालन मंत्रालय ने बुधवार को अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के मायाबंदर में 199.24 करोड़ रुपये की लागत से मछली पकड़ने वाले स्मार्ट और एकीकृत बंदरगाह के निर्माण को मंजूरी दी। यह परियोजना प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 100 प्रतिशत केंद्रीय वित्तपोषण से लागू की जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि ब्लू पोर्ट पहल के अनुरूप विकसित होने वाले इस बंदरगाह में 430 मछली पकड़ने वाले जहाजों के खड़े होने की सुविधाएं होंगी और इसकी वार्षिक क्षमता 9,900 टन होगी। परियोजना में परिचालन को समर्थन देने के लिए इंटरनेट आधारित प्रणालियों और आधुनिक प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि यह परियोजना मत्स्य मूल्य शृंखला में रोजगार सृजन के साथ टिकाऊ मत्स्य प्रबंधन, मछलियों की बेहतर साज-संभाल, परिचालन सुरक्षा, ऊर्जा दक्ष प्रणालियों और डिजिटल पहुंच को बढ़ावा देगी। मंत्रालय के मुताबिक, इस बंदरगाह के विकास से अवैध, अपंजीकृत और अनियमित मछली पकड़ने पर काबू पाने में भी मदद मिलेगी।


# गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सभी क्षेत्र एवं जनपद वासियों को 77वां गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**संगीता देवी**

क्षेत्र पंचायत सदस्य (बी.डी.सी.)



**राजेश शर्मा**

क्षेत्र पंचायत सदस्य (बी.डी.सी.)

ग्रामपंचायत-भटेवरा, विकासखण्ड- क्वोन, वार्ड नं. -3

सभी क्षेत्र एवं जनपद वासियों को 77वां गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**जितेंद्र कुमार सिंह**

जिला खान अधिकारी

मीरजापुर

सभी क्षेत्र एवं जनपद वासियों को 77वां गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**विनोद कुमार पाण्डेय**

जिला-मीरजापुर

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, जौनपुर

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, 2026 के पावन पर्व पर नगर पालिका परिषद परिवार की ओर से जौनपुर नगरवासियों से पालिका निम्नलिखित अपील करती है:-

1- गृहकर, जलकर व जलमूल्य का भुगतान 31 मार्च 2026 से पहले पालिका को करते हुए छूट का लाभ उठावें।
2- दुकानों, होटलों, रेस्टोरेन्ट, नर्सिंग होम, हास्पिटल पर देय किराया व लाईसेन्स शुल्क की अदायगी समय से पालिका में करें।
3-अपने-अपने घरों से निकलने वाले दैनिक कूडों को समय से निर्धारित स्थल व कूड़ेदान में फेकें इधर-उधर तितर-वितर न करें। झाडू लगने के पश्चात कूडा व कचरा कदापि सड़कों व पटरियों पर न फेकें, अपने दुकानों व प्रतिष्ठानों के सामने कूड़ादान अवश्य रखें।
4-सड़क, पटरियों, नालियों व नालों पर किसी प्रकार का स्थायी व अस्थायी अतिक्रमण न करें।
5-पर्यावरण को स्वच्छ बनाने हेतु अधिक से अधिक वृक्ष लगायें।
6-जन्म-मृत्यु का पंजीकरण 21 दिवस के भीतर नगर पालिका में अवश्य करायें।
7-अपने घरो के पेयजल नल की टोटी को खुला न छोडकर पेयजल का अपव्यय न करें। खुली टोटी पाये जाने व जल का अपव्यय करने हेतु पाये जाने पर नियमानुसार सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।
8- नगर में लगे स्ट्रीट लाईट व विद्युत उपकरणों को क्षति व नुकसान से बचायें।
9- प्रतिबन्धित पॉलिथिन, थमाकौल, दोहरा, चायनीज मंझे के खरीद, बिक्री, स्टोरेज व उपयोग वर्जित है, इसका उपयोग कदापि न करे, यह गम्भीर अपराध है पकड़े जाने पर जुमार्ना भरना पड़ेगा।
10- देय करों गृह कर एवं जलकर का भुगतान समय से करें तथा आनलाईन करें
11- डोर-टू-डोर कूडा कलेक्शन में नगर पालिका कर्मियों का सहयोग करें।
12- शौचालय का प्रयोग करें। खुले में शौच कदापि न करें, इससे बिमारी फैलती है।

| | | |
|---|---|---|
| अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, जौनपुर | समस्त मान्य सभासद नगर पालिका परिषद, जौनपुर। | ( मनोरमा मौर्या ) अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, जौनपुर। |

सभी क्षेत्र एवं जनपद वासियों को 77वां गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

हम शासन की मनसा अनुसार ग्राम पंचायत के विकास हेतु जन सेवा में तत्पर हैं



**शिल्पा यादव**

ग्राम प्रधान

ग्राम पंचायत खुटहा मौनस

नगर ब्लॉक सिटी मीरजापुर







सभी क्षेत्र एवं जनपद वासियों को 77वां गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**गोलू वर्मा**

शुभम मेडिकल एजेंसी

तुलसी चौक

## कार्यालय नगर पंचायत बरियारपुर, देवरिया

'26 जनवरी 2026' गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर नगर पंचायत बरियारपुर.देवरिया के समस्त नगर वासियों को मंगलमय जीवन एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये निम्न अपेक्षा करती हूँ।

1. ये नगर आप का है नगर को साफ-सुथरा रखनें में सहयोग प्रदान करें।
2. भवन मानचित्र स्वीकृत कराने के उपरान्त ही भवन कार्य करावें।
3. निकाय मे लगे एल.ई.डी. लाईट/सोलर लाईट को क्षतिग्रस्त न करें ये निशा काल के प्रहरी है।
4. खुले में शौच न करें। शौचालय का प्रयोग करें।
5. निकाय के सड़क, भमि पर अतिक्रमण न करें यह संज्ञेय अपराध है।
6. नाले-नालियो मे कूड़ा-कचरा न डाले।
7. स्वच्छ सर्वेक्षण-2026 में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।
8. पालीथीन, कैरीबैग्स प्लास्टिक एवं थमोकील के कप-प्लेट, गिलास व चम्मच का प्रयोग न करें।

| | |
|---|---|
| अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बरियारपुर देवरिया | अध्यक्ष नगर पंचायत बरियारपुर देवरिया |

पत्रांक- 556/4/न.पं. बरियारपुर/2025-26, दिनांक 27 जनवरी, 2026

सभी क्षेत्र एवं जनपद वासियों को 77वां गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

हम शासन की मनसा अनुसार ग्राम पंचायत के विकास हेतु जन सेवा में तत्पर हैं



**बलिराम यादव**

ग्राम प्रधान

ग्राम पंचायत सेमरा बलौहा, पोस्ट मेवली जिला-मीरजापुर

नगर ब्लॉक सिटी मीरजापुर